सुप्रभात
रांची, रविवार
20.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 99




12 प्रधानमंत्री की वाराणसी दौरा आज

## न्यूज डायरी

### छत्तीसगढ़ में धमाका, दो जवान शहीद, दो घायल

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में शनिवार को नक्सलियों के बारूदी सुरंग विस्फोट में आइटीबीपी के दो जवान शहीद हो गये। धमाके में जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोडलियर गांव के निकट एक जंगल में यह विस्फोट हुआ, जिसमें दो जवान अमर पनवार (36) और के राजेश (36) शहीद हो गये। जवान नक्सल विरोधी अभियान पर थे, वापसी के दौरान शनिवार दोपहर बारूदी सुरंग की चपेट में आ गये।

### हिजबुल्लाह के ड्रोन हमले में बच गये पीएम नेतन्याहू

**नयी दिल्ली।** हिजबुल्लाह ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया। इस हमले में नेतन्याहू बालबाल बच गये। लेबनान से आये ड्रोन ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की कि शनिवार सुबह लेबनान से हुए ड्रोन अटैक का टारगेट कैसरिया में प्रधानमंत्री का निजी आवास था। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी हमले के समय घर पर नहीं थे। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### मंत्री रामदास सोरेन 23 को भरेंगे नामांकन पत्र

**रांची।** विधायक सह मंत्री रामदास सोरेन 23 अक्तूबर, को नामांकन पत्र भरेंगे। नामांकन के पूर्व मऊभंडार स्थित अंबेडकर चौक में पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण एकजुट होंगे और वहां से मंत्री के साथ रैली निकालकर दाहीगोड़ा सर्कस मैदान पहुंचेगे। वहां अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला के यहां जाकर पर्चा भरेंगे।

### बसपा सूबे की सभी 81 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सूबे के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी में बैठक का दौर जारी है और प्रत्याशियों के नाम तय किये जा रहे हैं।

### तीन सीटिंग विधायकों का भाजपा ने टिकट काटा

**रांची।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से पांच पूर्व सीएम की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। वहीं पार्टी ने अपने तीन सिटिंग विधायकों का टिकट काट दिया है। इनमें कांके से समरी लाल की जगह जीतू चरण राम, सिमरिया से किशन दास की जगह उज्जवल दास और सिंदरी से इंद्रजीत महतो की जगह तारा देवी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं झारखंड के राजनीतिक इतिहास में पहली सूबे के पांच पूर्व सीएम की प्रतिष्ठा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दांव पर होगी। इनमें बाबूलाल मरांडी धनवार से लड़ रहे हैं। पूर्व सीएम चंपई सोरेन को सरायकेला से टिकट मिला है। पूर्व सीएम मधु कोड़ा, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के परिजन भी मैदान में हैं।

## महागठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल, हेमंत सोरेन का ऐलान

# 70 सीटें झामुमो-कांग्रेस को, 11 राजद व माले को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल स्टेज में है। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। शेष सीटों पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे। इस हिसाब से 11 सीटों का बंटवारा राजद और माले के बीच होगा।

सीएम ने कहा कि फिलहाल पहले चरण में ये बातें तय की गयी हैं। महागठबंधन के घटक दल राजद और सीपीआइ माले के नेताओं की अनुपस्थिति झामुमो व कांग्रेस के नेताओं ने 81 सीट में से 70 विधानसभा सीट आपस में बांट ली। कांके स्थित सीएम आवास पर अचानक से संवाददाता सम्मेलन बुलाकर सीएम ने हेमंत सोरेन ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि बाकी की सीट के लिए अन्य सहयोगी दलों के साथ बात होगी।

### हर पहलू का रखा गया ध्यान : हेमंत सोरेन

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इन 70 विधानसभा सीटों में से झामुमो कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगा और कांग्रेस के कोटे में कितनी सीटें आयेगी, इसकी घोषणा जल्द ही की जायेगी। सीएम ने कहा कि सीट शेयरिंग में हर पहलू पर ध्यान रखा गया है। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी गठबंधन अपने-अपने ताल ठोक रहे हैं। कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इसकी जिज्ञासा बनी रहती है। इंडिया गठबंधन ने चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है। अब लेफ्ट पार्टी की भूमिका अहम होगी। जल्द ही नाम भी तय कर लिए जाएंगे कि कौन कहां से लड़ेगा।

### 43 से 45 सीट झामुमो के खाते में

जानकारी के अनुसार झामुमो के खाते में 43 से 45 सीटें आ सकती हैं। वहीं कांग्रेस के खाते में 28 से 30 सीट आने की संभावना है। शेष 11 सीटों में सात राजद और चार माले के खाते में जाने की संभावना है। 2019 के चुनाव में झामुमो- 43, कांग्रेस- 31, राजद के खाते में 07 सीटें थी। झामुमो ने 30 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत हासिल की थी राजद ने एक सीट जीती थी। 2019 के चुनाव में महागठबंधन में कांग्रेस, झामुमो और राजद शामिल थे। तब झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 और राजद को 07 सीटें मिली थीं। (शेष पेज 11 पर)



### राहुल गांधी से हेमंत सोरेन ने की मुलाकात

**रांची।** इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग की घोषणा के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने होटल रेडिशन ब्लू जा कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। दोनों नेताओं में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। राहुल गांधी संविधान सम्मान सम्मेलन में भाग लेने रांची आये हैं। उसी होटल में ठहरे राजद नेता तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेताओं से भी सीएम हेमंत ने मुलाकात की। होटल रेडिश ब्लू में पहले से ही बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी ठहरे हुए थे।



### एकतरफा घोषणा से राजद खफा

सीट शेयरिंग पर झामुमो और कांग्रेस के फैसले के बाद राजद की ओर से नाराजगी जाहिर की गयी है। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने खुलकर कह दिया कि पार्टी को यह फॉमूर्ला स्वीकार नहीं है। यह एकतरफा फैसला है। उन्होंने आग्रह किया कि झारखंड में राजद के प्रेजेंस के अनुरूप फैसला होना चाहिए। मनोज झा ने इस बात पर आपत्ति जतायी कि तेजस्वी यादव समेत कई बड़े राजद ेता रांची में मौजूद थे, पर गठबंधन के सीट शेयरिंग की प्रक्रिया में उनसे बातचीत नहीं की गयी। खास बात है कि राजद की नाराजगी सामने आते ही खुद सीएम हेमंत सोरेन राजद नेता तेजस्वी यादव से मिलने होटल रेडिशन ब्लू पहुंचे। राजद सुप्रीमो लालू यादव से फोन पर बातचीत के बाद ही मनोज झा ने मीडिया के सामने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है।


## भाजपा ने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

# धनवार से मरांडी, सरायकेला से चंपई, रांची से सीपी लड़ेंगे चुनाव

### लोबिन, कमलेश, सीता, गीता और मीरा को भी मिला टिकट

**रांची (खबर मन्त्र संवाददाता)।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को ले कर भाजपा ने 66 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। धनबासे से बाबू लाल मरांडी, रांची से सीपी सिंह, जामताड़ा से सीता सोरेन, बोरियो से लोबिन हेम्रम को टिकट दिया गया है। पहली सूची में पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा और मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा का भी नाम शामिल है।













### कहां से किसको टिकट

| | |
|---|---|
| धनवार- | बाबूलाल मरांडी |
| रांची- | सीपी सिंह |
| सरायकेला- | चंपई सोरेन |
| हटिया- | नवीन जायसवाल |
| कांके- | जीतू चरण राम |
| पोटका- | मीरा मुंडा |
| जगन्नाथपुर- | गीता कोड़ा |
| जामताड़ा- | सीता सोरेन |
| झरिया- | रागिनी सिंह |
| धनबाद- | राज सिन्हा |
| हुसैनाबाद- | कमलेश सिंह |
| गढवा- | सत्येंद्र तिवारी |
| भवनाथपुर- | भानू प्रताप शाही |
| बाघमारा- | शत्रुध्न महतो |
| राजमहल- | अनंत ओझा |
| बोरियो- | लोबिन हेंब्रम |
| बेरमो- | रवींद्र पांडेय |
| बोकारो- | विरंची नारायण |
| चंदनक्यारी- | अमर बाउरी |
| गांडेय- | मुनिया देवी |

| | |
|---|---|
| लिट्टीपाड़ा- | बाबूधान मुर्मू |
| महेशपुर- | नवनीत हेंब्रम |
| शिकारीपाड़ा- | परितोष सोरेन |
| नाला- | माधवचंद्र महतो |
| दुमका- | सुनील सोरेन |
| जामा- | सुरेश मुर्मू |
| जरमुंडी- | देवेंद्र कुंवर |
| मधुपुर- | गंगानारायण सिंह |
| सारठ- | रंधीर सिंह |
| देवघर- | नारयण दास |
| पोड़ैयाहाट- | दवेंद्रनाथ सिंह |
| गोड्डा- | अमित मंडल |
| महगामा- | अशोक भगत |
| कोडरमा- | नीरा यादव |
| बरकट्ठा- | अमित यादव |
| बरही- | मनोज यादव |
| बड़कागांव- | रोशन लाल चौधरी |
| सिमरिया- | उज्जवल दास |
| हजारीबाग- | प्रदीप प्रसाद |
| बगोदर- | नागेंद्र महतो |
| जमुआ- | मंजू देवी |
| गिरिडीह- | निर्भय शाहाबादी |
| सिंदरी- | तारा देवी |

| | |
|---|---|
| निरसा- | अर्पणा सेन गुप्ता |
| बहरागोड़ा- | दिनेशानंद गोस्वामी |
| घाटशिला- | बाबूलाल सोरेन |
| जमशेदपुर पूर्वी- | पूर्णिमा दास |
| चाईबासा- | गीता बलमुचू |
| मझगांव- | बड़कुंवर गगरई |
| चक्रधरपुर- | शशिभूषण समड |
| खरसांवा- | सोनाराम बोदरा |
| तोरपा- | कोचे मुंडा |
| खूंटी- | नीलकंठ सिंह मुंडा |
| खिजरी- | रामकुमार पाहन |
| मांडर- | सन्नी टोप्पो |
| सिसई- | अरूण उरांव |
| गुमला- | सुदर्शन भगत |
| विशुनपुर- | समीर उरांव |
| सिमडेगा- | श्रद्धानंद बेसरा |
| कोलेबिरा- | सुजान जोजो |
| मनिका- | हरेकृष्ण सिंह |
| लातेहार- | प्रकाश राम |
| पांकी- | शिवपूजन मेहता |
| डालटनगंज- | आलोक चौरसिया |
| विश्रामपुर- | रामचंद्र चंद्रवंशी |
| छत्तरपुर- | पुष्पा भुईया |

# अजय सिंह दोबारा बनाये गये झारखंड के डीजीपी



चुनाव आयोग के निर्देश पर हटाये गये अनुराग गुप्ता

**रांची।** अजय कुमार सिंह को एक बार फिर झारखंड का नया डीजीपी बनाया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी के पद से हटा दिया गया है। वरिष्ठ आइपीएस अजय कुमार सिंह फिलहाल झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पद पर पदस्थापित थे। झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने अनुराग गुप्ता को तत्काल प्रभाव से डीजीपी पद से हटा कर इनकी जगह वरिष्ठ डीजीपी स्तर के अफसर को प्रभार सौंपने को कहा था। इस मामले में राज्य सरकार को शाम सात बजे तक रिपोर्ट करने को कहा गया था। इस आलोक में अजय कुमार सिंह को नया डीजीपी बना दिया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से नये डीजीपी की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अनुराग गुप्ता को राज्य सरकार ने जुलाई में झारखंड का कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया था।

## संविधान सम्मान सम्मेलन में राहुल गांधी की दो टूक

# 50% आरक्षण को हम तोड़ देंगे

- संविधान बचाने आरक्षण का वैरियर तोड़ना होगा
- आरक्षण का वैरियर तोड़ेंगे, जातीय जनगणना करायेंगे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी राहुल गांधी ने शनिवार को यहां संविधान सम्मान सम्मेलन में दो टूक कहा कि वह इस देश में 50 प्रतिशत आरक्षण के बैरियर को तोड़कर रहेंगे। साथ ही जातीय जनगणना को सुनिश्चित करायेंगे ताकि यह पता चल सके कि कौन कितने का हकदार है। उन्होंने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि इसको खोखला किया जा रहा है। इसको लागू तो 1950 में किया गया लेकिन यह समझना जरुरी है कि इसको लागू करने के पीछे सोच हजारों साल पुरानी है। सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा समेत झारखंड कांग्रेस के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान ओबीसी, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक की ओर से बुधराम मुंडा, अमानत अली, अनिल जयहिंद, दयामनि बारला, थ्योडोर किड़ो, अली अनवर अंसारी, सरिता कुमारी प्रजापति, राजेश गुप्ता समेत अन्य ने भी अपनी-अपनी भावनाएं प्रकट की।

**आदिवासी को वनवासी बनाना चाहती है भाजपा :** राहुल ने कहा कि भाजपा के लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं। यह कहकर आदिवासियों के इतिहास, उनके जीने के तरीके को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। आदिवासी का मतलब मालिक से था। अब उसे वनवासी कहकर जंगल में भेजना चाह रहे हैं। आज किसी भी कॉर्पोरेट में बड़े पदों पर ओबीसी, आदिवासी, दलित नहीं मिलेगा। हलुआ वही बांट भी रहे हैं और खा भी रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

# मोदी आ रहे झारखंड तैयारी में जुटी भाजपा

**रांची।** झारखंड के चुनावी रण की कमान इस बार पीएम मोदी संभालेंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम का दनादन कार्यक्रम होगा, इसको लेकर मंथन का दौर जारी है। झारखंड पीएम मोदी की सभा की तैयारी में जुट गयी है। प्रदेश भाजपा के नेताओं से मिली जानकारी के मुताबिक 13 और 20 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए पीएम की नौ चुनावी सभा होगी। पीएम की चुनावी सभा की शुरूआत कोल्हान से शुरू होने की तैयारी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा के मुताबिक पीएम मोदी की चुनावी सभा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर तय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी भाजपा के शीर्षस्थ नेता हैं और देश दुनिया में उनकी अलग पहचान है। जिसका सदुपयोग पार्टी निश्चित रूप से करेगी। 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी की पलामू से चुनावी सभा की शुरूआत हुई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में पीएम की आधा दर्जन से अधिक चुनावी सभा हुई थीं।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 72900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 97000 रु./प्रति किलो |




# भाजपा की पहली सूची जारी होते ही फूटा मेनका बम

## तीन बार की विधायक रहीं मेनका सरदार ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा की पहली सूची जारी होते ही एक बड़ा धमाका हुआ। घोषणा के कुछ ही देर बाद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पोटका विधानसभा सीट से ती बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने वाली मेनका सरदार ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को पोटका विधानसभा से टिकट दिये जाने की घोषणा के कुछ ही देर बाद भाजपा नेता मेनका सरदार ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपना इस्तीफा भेजा है। हालांकि, इसमें उन्होंने किसी प्रकार की नाराजगी जाहिर नहीं की और न ही यह कहा है कि वह भविष्य में क्या करने वाली हैं।

### 25 शब्दों का भेजा इस्तीफा पत्र

बाबूलाल मरांडी को भेजे हाथ से लिखी 25 शब्दों की चिट्ठी में उन्होंने सिर्फ इतना लिखा है कि मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही तमाम पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देती हूं। कृपया स्वीकार करने का कष्ट करेंगे।



मेनका सरदार ने भले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में किसी प्रकार की नाराजगी का जिक्र न किया हो, लेकिन उन्होंने अपने फेसबुक पर लिखा कि जल्द भविष्य की राजनीति के बारे में अपने फैसले का साझा करूंगी। जोहर नमस्कार, जय भूमिज, जय झारखंड। मेनका सरदार पोटका ने विधानसभा सीट पर वर्ष 2000, 2009 एवं 2014 चुनाव जीता था।

वहीं महाराष्ट्र में साथ चल रही एनसीपी की घड़ी झारखंड में कमल से अलग हो गयी है। झारखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एनडीए के अंदर एनसीपी अजित पवार गुप ने बड़ा फैसला लेते हुए झारखंड की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से एनसीपी को सफलता मिली थी, मगर हाल ही में एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं के साथ भाजपा का दामन थाम लिया।

इसके बाद एक बार फिर से पार्टी को खड़ा करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सचिव सचिदानंद सिंह को बतौर प्रदेश अध्यक्ष के रुप में दी गयी।

# एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनायेगा : हिमंता

### साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर भाजपा के झारखंड प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के झारखंड प्रभारी सह जमुई सांसद अरुण भारती, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, भाजपा के राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा, लोजपा के झारखंड प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार सौरभ सिंह मौजूद थे। भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा।

(शेष पेज 11 पर)

### झामुमो-कांग्रेस की 70 सीटों पर लड़ने की घोषणा के बाद महागठबंधन में खटपट शुरू

# तेजस्वी के रांची में होने के बावजूद झामुमो-कांग्रेस ने सीटों की कर दी घोषणा, राजद ने जतायी आपत्ति

**झारखंड विधानसभा चुनाव @2024 का महासंग्राम**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो और कांग्रेस की 70 सीटों पर मिलकर लड़ने की घोषणा के बाद इंडी गठबंधन में खटपट शुरू हो गयी है। राष्ट्रीय जनता दल ने इस घोषणा पर आपत्ति जतायी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के नेता जब गठबंधन के तहत 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे थे तो राजद के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव, राज्यसभा सांसद डॉक्टर मनोज झा, झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव सहित कई नेता रांची में ही थे। इसके बावजूद झामुमो और कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसी को नहीं बुलाया। एकतरफा घोषणा कर दी। इस पर आपत्ति जताते हुए राजद सांसद मनोज झा ने कहा है कि यह गठबंधन के लिए ठीक नहीं है। रांची में रहने के बावजूद तेजस्वी यादव को नहीं बुलाया गया जबकि गठबंधन के मुद्दे पर तेजस्वी यादव ने हेमंत सोरेन से मुलाकात कर कुछ घंटे पहले ही बातचीत की थी।

मनोज झा ने कहा कि गठबंधन में राजद को 5 सीट देने की बात की जा रही थी, यह राजद के साथ अन्याय था। वर्ष 2019 के चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल को 7 सीटें मिली थी। पिछले चुनाव में 5 सीटों पर हमारे उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे इसलिए हमारी दावेदारी यहां कम से कम एक दर्जन सीटों पर थी क्योंकि इन सीटों पर हम मजबूत हैं। हम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बावजूद हमारी अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि बैठक कर इस पर आगे की रणनीति तय करेंगे।

**राजद का तर्क** : राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि 2019 के चुनाव में राजद को 7 सीटें मिली थी और 5 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे इसलिए हमारी दावेदारी कम से कम एक दर्जन सीटों पर थी क्योंकि इन सीटों पर हम मजबूत हैं, बावजूद हमारी अनदेखी की गयी।



### 15 से 18 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने में राजद पूरी तरह सक्षम

राजद नेता मनोज झा ने स्पष्ट कह दिया कि झारखंड में 15 से 18 सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा को अकेले परास्त करने में राजद सक्षम है। इन बातों से झारखंड के नेताओं ने तेजस्वी यादव को अवगत करा दिया है। इतने बड़े फैसले को मैगी टू मिनट नूडल्स की तरह नहीं लिया जा सकता। उनसे पूछा गया कि ऐसी स्थिति में क्या राजद अकेला चुनाव लड़ना चाहेगा। जवाब में उन्होंने कहा कि तमाम विकल्प खुले हुए हैं। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की मनोभावना को दरकिनार कर नहीं चल सकती। फिलहाल, नाराजगी जाहिर की गई है।

राजद नेता मनोज झा ने कहा कि एक शहर के अंदर जब सभी बड़े नेता मौजूद हैं तो सीट शेयरिंग की घोषणा से पहले मीटिंग की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि बिहार में किसी पार्टी को दो सीट भी दिया जाता है तो उस पार्टी के साथ मीटिंग की जाती है। इस मसले पर अंतिम फैसला के बाबत पूछने पर मनोज झा ने दो टूक कहा कि मौका दीजिए।

### राजद और भाकपा माले को 11 सीटों का है ऑफर

दरअसल, शनिवार को तेजस्वी यादव राजद के नेताओं के साथ होटल रेडिशन ब्लू में मीटिंग कर रहे थे। इसी बीच सीएम हेमंत सोरेन ने कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहम मीर और डॉ रामेश्वर उरांव की मौजूदगी में अपने आवास पर आपात प्रेस कांफ्रेंस कर 70 सीटों पर झामुमो और कांग्रेस के चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। शेष 11 सीटों पर राजद और नये सहयोगी भाकपा माले के बीच सीटों का तालमेल होगा। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि 70 सीटों में से कितनी सीटों पर झामुमो चुनाव लड़ेगा।

### अंतिम निर्णय अध्यक्ष लेंगे : तेजस्वी

इधर प्रदेश राजद के नेताओं से मुलकात के बाद तेजस्वी यादव ने कहा है कि झारखंड में राजद की स्थिति मजबूत हुई है। झारखंड विधानसभा चुनाव में गठबंधन और चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में झारखंड राजद के वरीय नेताओं व कार्यकताओं की भावनाओं से वे अवगत हुए हैं। झारखंड में राजद की मजबूत स्थिति में है। सामाजिक आधार के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतिम निर्णय लेंगे।

## जेएसएससी-सीजीएल के अंतिम परीक्षाफल के प्रकाशन पर रोक लगाये ईसी : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से जेएसएससी-सीजीएल के अंतिम परीक्षा फल प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत भी की है। इसमें कहा गया है कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो चुकी है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 21-22 सितंबर को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के बाद इसके पेपर लीक की शिकायत की गयी थी। हाईकोर्ट में भी एक पीआईएल दायर किया गया था। हरियाणा में अभी हुए चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हुई थी और चुनाव आयोग ने परीक्षा परिणामों पर रोक लगा दी थी। इसे देखते झारखंड में भी रिजल्ट के अंतिम प्रकाशन पर रोक लगे। सर्टिफिकेट जांच और अन्य कार्यक्रम को रोका जाए। जेपीएससी, जेएसएससी द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं के रिजल्ट प्रकाशन और इससे संबंधित सभी कार्यों पर आदर्श आचार संहिता को देखते रोक लगायी जाये।

**नेता प्रतिपक्ष का विरोध** : नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने जारी रिजल्ट को लेकर आपत्ति जताई है। एक्स पर लिखा था कि हेमंत जी- यह हड़बड़ी बहुत भारी पड़ेगी। अनेकों अनियमितताओं के बीच जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा की फाइनल आंसर-की जारी कर दी गयी है। बाउरी ने राज्य के युवाओं को भरोसा देते कहा है कि भाजपा की सरकार बनेगी और इन सभी अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराई जायेगी, कोई दोषी बचेगा नहीं।

### रेंज अफसर व सहायक वन संरक्षक की नियुक्ति में दें आरक्षण: हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में रेंज अफसर और सहायक वन संरक्षक के पदों पर होने वाली नियुक्ति में वानिकी (फॉरेस्ट्री) में स्नातक करने वालों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन की पीठ ने कहा है कि राज्य सरकार ने इसको लेकर नीतिगत निर्णय भी लिया है। ऐसे में आगामी नियुक्तियों में वानिकी में स्नातक करने वाले अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए। इस संबंध में आलोक आनंद सहित 20 अन्य प्रार्थियों की ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई है। सभी प्रार्थी बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने राहुल गांधी पर कसा तंज, कहा

# आप संविधान बचाने में लगे हैं और झारखंड में पिछले 5 साल से आदिवासियों पर हो रहा दमन

■ झारखंड में आपकी सरकार होने के बावजूद पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में उनका आरक्षण नहीं मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा है। बाबूलाल ने कहा है कि जिस संविधान की रक्षा के लिए पूरे देश में यात्राएं कर रहे हैं, उसी संविधान का उल्लंघन करते हुए झारखंड में पिछले 5 साल से आदिवासियों पर दमन और अत्याचार होता रहा, तब आप कहां थे? बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए लिखा है कि आप पूरे देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों की बात कर रहे हैं लेकिन झारखंड में आपकी सरकार होने के बावजूद पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में आरक्षण नहीं मिला है। दलितों और आदिवासियों की जमीनें लूटकर घुसपैठियों को बसाया जा रहा है। यह सब आपकी आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आप चुप हैं।



**युवाओं के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़** : आपकी सरकार के सहयोगी दल जेएमएम के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में युवाओं को नौकरियों का झांसा देकर उनके फार्म के पैसे दलालों में बांट दिए जाते हैं। दलालों और बिचौलियों द्वारा परीक्षा लीक करवाई जाती है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था, तब आप कहां थे? हेमंत सोरेन ने राज्य के युवाओं, माताओं और बहनों से अनेकों वादे किए, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं हुआ।

**राज्य के संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा जा रहा** : राज्य के संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा जा रहा है, राज्य भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। कांग्रेस नेता धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। जिस संविधान की आप बात कर रहे हैं, उसकी रक्षा की जिम्मेदारी राज्य के मुख्यमंत्री की है लेकिन राज्य की जनता अब यह मान चुकी है कि संविधान का रक्षक ही संविधान का भक्षक बन चुका है। बात चाहे युवाओं की बेरोजगारी हो, महिलाओं के सुरक्षा की हो, या आदिवासियों के अधिकार की, हर मोर्चे पर आपकी सरकार विफल है।

### लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष से मिले हिमंता विस्वा सरमा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान से उनके डोरंडा स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकत की। हिमंता विश्वकर्मा एवं बिरेन्द्र प्रधान के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। इसके बाद हिमंता बिस्वा सरमा अपनी गाड़ी में साथ बैठाकर लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान को सामूहिक प्रेस वार्ता के लिए भाजपा कार्यालय लेकर पहुंचे। इस मौके पर लोक जनशक्ति पार्टी के जमुई सांसद सह प्रदेश प्रभारी अरुण भारती मौजूद थे।

चुनाव के वक्त अपने घटक दल लोजपा के राज्य प्रमुख से मुलाकात को लेकर हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि लोजपा हमारा महत्वपूर्ण घटक दल है। बीजेपी अपने सभी दलों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान, किसान प्रकोष्ठ क प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह, प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी, प्रदेश आईटी सेल के अध्यक्ष अभिषेक राय, कार्यालय प्रभारी राजेश रंजन वर्मा एवं रतन पासवान मौजूद थे।

### डीजीपी के आदेश पर हाई कोर्ट ने रोक लगायी, जवाब तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने डीजीपी द्वारा पुलिस कैडर में सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को होमगार्ड कैडर में कंपनी कमांडर के पद पर तबादला किए जाने के आदेश पर रोक लगा दी है। डीजीपी ने 13 सितंबर 2024 को झारखंड के विभिन्न जिलों में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रामजी कुमार एवं अन्य को होमगार्ड में कंपनी कमांडर के पद पर तबादला किया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। अदालत ने इस मामले में सरकार को 21 अक्तूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गृह विभाग ने पुलिस कैडर के तहत सब इंस्पेक्टर पद पर उनकी नियुक्ति की है। उनकी सेवा भी संपुष्ट हो गयी है।

## गृह विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए ₹19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी 24 जिलों के लिए है। जारी आदेश में कहा गया है कि आपदा से प्रभावित लोगों के लिए यह अनुदान राशि स्वीकृत की जायेगी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के निर्णय के बाद डीसी द्वारा राशि का भुगतान किया जायेगा।

### 24 जिलों के लिए 19.19 करोड़ की राशि आवंटित

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची : | 1.50 करोड़ | जामताड़ा : | 27.82 लाख |
| खूंटी : | 68 लाख | साहेबगंज : | 66 लाख |
| लोहरदगा : | 01 करोड़ | पाकुड : | 30 लाख |
| गुमला : | 02 करोड़ | गोड्डा : | 80 लाख |
| सिमडेगा : | 50 लाख | देवघर : | 58 लाख |
| लातेहार : | 50 लाख | हजारीबाग : | 01 करोड़ |
| पलामू : | 1.40 करोड़ | रामगढ़ : | 01 करोड़ |
| गढ़वा : | 1.05 करोड़ | चतरा : | 50 लाख |
| चाईबासा : | 45 लाख | कोडरमा : | 60 लाख |
| सरायकेला : | 50 लाख | गिरिडीह : | 1.50 लाख |
| जमशेदपुर : | 70 लाख | धनबाद : | 60 लाख |
| दुमका : | 50 लाख | बोकारो : | 60 लाख |

### पुलिस महानिरीक्षक, अभियान सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने की बैठक, कहा

# चुनाव के पूर्व सभी चेकपोस्ट को बनायें सक्रिय, नशीले पदार्थों पर लगायें लगाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस महनिरीक्षक, अभियान सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी, झारखंड ने सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों से विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उनके क्षेत्राधीन जिलों में एस ड्राईव चलाकर लंबित वारंट/कुर्कियों, लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन, लाईसेंसी हथियारों के संबंध में, सक्रिय अपराधकर्मियों, हिस्ट्री शीटर तथा अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करते हुये उनपर कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की। उन्होंने अन्तर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों से लगने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र से लगने वाले अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय करने, आवश्यकतानुसार नये पोस्ट का निर्माण एवं स्वंय पुलिस अधीक्षकों के द्वारा चेक पोस्ट की मॉनिटरिंग तथा क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षकों द्वारा चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया जाय एवं यह सुनिश्चित किया जाए कि सीसीटीवी चालू अवस्था में हो ताकि अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखते हुये लगाम लगाया जा सके।

उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव-2024 के दौरान प्रतिनियुक्ति किये जाने वाले सीएपीएफ/सैप तथा अन्य केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के आवासन, परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था एवं क्षेत्र में चुनाव के उपरान्त शीघ्र अगले प्रतिनियुक्त स्थल पर सुरक्षित भेजना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, उग्रवादियों के विरूद्ध नक्सल अभियान की वर्त्तमान स्थिति, आगामी विधान सभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर अलग-अलग नक्सल एवं गैर नक्सल प्रभावी क्षेत्रों के लिए बनायी गयी कार्ययोजना सहित नक्सल तथा आपराधिक आसूचना के आदान-प्रदान की स्थिति पर विमर्श किया। वहीं नक्सल आसूचना व आपराधिक आसूचना के आदान-प्रदान की स्थिति, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश के अनुपालन की स्थिति के बारे में चर्चा की।

**नशीले पदार्थों की चेकिंग** : पुलिस महानिरीक्षक, अभियान सह-राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट/नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने एवं विशेष निगरानी रखने का निर्देश पुलिस अधीक्षकों को दिया ताकि अवैध रूप से ले जाये जाने वाले कैश, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाया जा सके। उन्होंने मतदाताओं को कैश हस्तांतरण कर चुनाव को अप्रत्यक्ष रूप से, अवैध शराब बांटकर चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## कम वेतन पर लंबे समय तक कर्मियों से सरकार काम नहीं करा सकती: हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अनुबंधकर्मियों की सेवा विस्तार को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा है कि सरकार किसी भी व्यक्ति को कम वेतन पर लंबे समय तक काम नहीं करा सकती। संविदाकर्मियों से कम वेतन पर लंबे समय से काम लेकर सरकार शोषण नहीं कर सकती। सरकार जिन पदों पर लंबे समय से काम कर ले रही है और यह पद भविष्य में भी बने रह सकते हैं तो इन पर नियमित नियुक्ति की जानी चाहिए। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने आइता उरांव समेत 158 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मौखिक यह बात कही। अदालत ने इस मामले में सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

विभिन्न सरकारी विभागों और पंचायतों में कार्यरत कर्मियों ने सेवा विस्तार के लिए एकलपीठ में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि सरकार के विभिन्न कार्यालयों में अनुबंध पर लगातार दस साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं लेकिन, सरकार अब सेवा विस्तार नहीं कर रही है। इसलिए, उन्हें स्थायी किया जाए और सेवा विस्तार किया जाए। एकलपीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि अनुबंधकर्मियों को सेवा विस्तार नहीं मिल सकता। एकलपीठ के आदेश के खिलाफ प्रार्थियों ने खंडपीठ में याचिका दायर की है।

### अब तक 3.15 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त

# ₹50 हजार तक नकद लेकर चलने की होगी छूट : सीइओ

■ प्रथम चरण के नामांकन के दूसरे दिन एक पर्चा हुआ दाखिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन शनिवार को सिर्फ एक उम्मीदवार ने हटिया से पर्चा दाखिल किया है। इसे लेकर अब तक विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दाखिल नामांकनों की संख्या चार हो गयी है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को रविवार का अवकाश के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। वह शनिवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि नकद 50 हजार रुपये लेकर चलने पर कोई पाबंदी नहीं है। 50 हजार से 10 लाख रुपये तक नकद लेकर चलने पर उसे जब्त कर संबंधित डीडीसी की कमिटी में यह परीक्षण होगा कि यह राशि चुनाव कार्य या आपराधिक गतिविधि से जुड़ा है या नहीं। अगर इससे जुड़ा मिला, तो उसे जब्त कर कानूनी कार्रवाई होगी। कमिटी अगर आश्वस्त होती है कि राशि वैध है, तो उसे संबंधित व्यक्ति को सौंप देगी। वहीं अगर किसी को बैंक आदि में रुपये जमा करना होता है, तो वह डीडीसी की अनुमति लेकर बिना रोक टोक ऐसा कर सकता है। ₹10 लाख से ऊपर की जब्त राशि के मामले को आयकर विभाग देखेगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक तीन करोड़ 15 लाख से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। ₹49.61 लाख की सर्वाधिक जब्ती पाकुड़ में हुई है। इसी प्रकार धनबाद में 46.72 लाख, दुमका में 34.23 लाख और पलामू में अब तक 29.04 लाख रुपये मूल्य के अवैध सामान और नकदी की जब्ती हुई है। 10 लाख से अधिक जब्ती वाले जिलों में गोड्डा, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खारसावां और रांची शामिल हैं। इसमें राज्य पुलिस ने सर्वाधिक 1 करोड़ 60 लाख की जब्ती की है। वाणिज्य कर विभाग ने 61 लाख और आबकारी विभाग ने 59 लाख से अधिक की जब्ती की है।

### सीइओ ने सभी जिलों के पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की

# मतदान कार्य में लगे मतदाताओं का उनके योगदान के साथ फॉर्म-12 ऑटो जेनरेट करें : के. रवि कुमार

■ पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए तैयार है कैलेंडर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा है कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए फॉर्म 12 एवं 12-डी मतदाताओं द्वारा भरा जाना है। इसकी सूची तैयार करते समय इस बात पर अवश्य ध्यान दें कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों, अबसेंटी वोटर, फिजिकली डिसेबल्ड एवं सीनियर सिटीजन के द्वारा फॉर्म 12-डी भरा जाना है। वहीं जिन मतदाताओं का निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है, वैसे मतदाताओं को फॉर्म 12 भरना है। यह बातें उन्होंने शनिवार को सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक में कही।

श्री कुमार ने कहा कि 20 अक्टूबर को मुख्यालय स्तर पर सभी जिले के पोस्टल बैलेट सेल की पहली बैठक बुलायी गई है। इस बैठक में अपने जिले में प्राप्त वैसे सभी फॉर्म, जो अन्य जिलों से संबंधित हैं, उसे बैठक में संबंधित जिलों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए सभी कार्यों के लिए कैलेंडर तैयार है। उसके अनुपालन के साथ पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अर्हता रखने वाले एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें, इसे लेकर ससमय आवंटित कार्यों का निष्पादन करें। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवा से संबंधित कुल 16 सेवाएं चिह्नित हैं। उसमें रेलवे परिवहन (यात्री और माल) सेवा, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों को कवर करने के लिए आयोग की मंजूरी से प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं, बिजली विभाग, बीएसएनएल, डाक और टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवाणी, राज्य दुग्ध संघ और दुग्ध सहकारी समितियां, स्वास्थ्य विभाग, विमानन, अग्निशमन सेवाएं, यातायात पुलिस, एंबुलेंस सेवा, जेल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और पत्र सूचना कार्यालय के लोग शामिल हैं। इन्हें ससमय फॉर्म 12-डी उपलब्ध करा दें, ताकि वे ससमय अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव घनश्याम प्रसाद मौजूद थे। वहीं ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी जुड़े थे।

सुप्रभात
रविवार 20.10.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 181
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## स्पीड न्यूज

### शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने को ले पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**मैथन।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व लोगों में विश्वास पैदा करने के लिए शनिवार को चिरकुंडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च ने थाना क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों, चिरकुंडा बाजार सहित अन्य मुहल्लों में भ्रमण किया। इस संबंध में थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा कि लोगों में विश्वास पैदा करने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। कहा कि थाना क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर समय-समय पर पुलिस की गश्त जारी रहेगी।

### पीएनबी ने कैंप लगाकर कटे-फटे पुराने नोट बदले

**धनबाद।** बाजार समिति चेंबर द्वारा पीएनबी बैंक के सहयोग से कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कटे-फटे पुराने नोट बदले गए। सभी व्यापारियों के सहयोग से कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पीएनबी एवं आरबीआई की पूरी टीम ने 1,17,000 के कटे फटे पुराने नोट को बदला एवं करीब 3 लाख का करेंसी नोट और सिक्के का वितरण किया। अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने कहा चेंबर द्वारा व्यापारियों की सुविधा के लिए इस तरह का अन्य आयोजन भी किया जाएगा।

### घर के बाहर खड़ी पिकअप वैन ले उड़े चोर

**तोपचांची।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तोपचांची बाजार से शुक्रवार देर रात दो माह पुराना पिकअप वैन चोर ले उड़े। पिकअप वैन घर के बाहर खड़ी थी। भुक्तभोगी इरशाद अंसारी ने तोपचांची पुलिस को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार घर के बाहर वैन खड़ी थी। रात लगभग 1 बजे लघुशंका के लिए बाहर निकला तो वैन गायब थी। उस वक्त घर में परिजन सो रहे थे। भुक्तभोगी ने पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### सीआईएसएफ भर्ती में शामिल पलामू के युवक की मौत

**धनबाद।** राज्य में भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों की मौत का सिलसिला जारी है। उत्पाद सिपाही की भर्ती में कई अभ्यर्थी अपनी जान गंवा चुके हैं। अब नया मामला सीआईएसफ की बहाली से भी जुड़ गया है। कोयला नगर में सीआईएसएफ की शारीरिक परीक्षा के दौरान शुक्रवार को दौड़ में शामिल पलामू के एक युवक की मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वह घर का एकमात्र कमाऊ पुत्र था। मृतक का नाम कर्मदेव कुमार था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कर्मदेव शारीरिक परीक्षा के लिए गुरुवार को ही धनबाद आया था। शुक्रवार को दौड़ में शामिल हुआ और दौड़ निकाल भी लिया। लेकिन मेडिकल के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन फानन में उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीआईएसएफ ने उसके परिजनों को सूचना दी। उसके बाद परिजन धनबाद पहुंचे। मृत युवक के चचेरे भाई ने बताया कि कर्मदेव के पिता का नाम विजय राम है। वह दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। दो भाइयों में वह बड़ा था, बीए पार्ट वन में पढ़ाई कर था। घर की जिम्मेदारी कर्मदेव के कंधों पर ही थी। घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। चचेरे भाई ने सीआईएसएफ भर्ती के नियमों का विरोध किया। उसका कहना था कि 24 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़ाया जाता है, जो सही नहीं है। सरकार को इस नियम में बदलाव करना चाहिए, ताकि आगे से किसी का परिवार न उजड़े।

# सघन जांच अभियान में 26 लाख नकद बरामद

- 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्टों पर जांच
- फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी हुई सक्रिय



बरामद राशि एवं जिन दो वाहनों की हुई जांच

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** विधान सभा चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बाद जिले के विभिन्न भागों में स्थापित चेक पोस्टों पर जांच अभियान को तेज कर दिया गया है। शहरी क्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी सक्रिय है। इसके तहत पिछले चौबीस घंटे के भीतर वाहनों की सघन जांच में लगभग 26 लाख रुपए और भारी मात्रा में शराब की बोतलें बरामद की गयी हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बीती रात मैथन स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट से 2 अलग-अलग वाहनों से क्रमशः 1 लाख 38000 रुपए एवं एक अन्य वाहन से 10 लाख रुपए की बरामदगी की गई है। 10 लाख रुपए की जब्ती की सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दे दी गई है। वहीं बीती रात की जब्ती को लेकर मैथन इंटर स्टेट चेक पोस्ट से 18 अक्टूबर को कुल 16 लाख 5 हजार 440 रुपए एवं 30 बोतल बियर की बरामदगी हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन ने विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट तथा 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट स्थापित किए हैं। जहां जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को धनबाद जिले की सीमा पर बने विभिन्न चेक पोस्ट पर जांच के दौरान 16.43 लाख रुपए से अधिक नगद राशि समेत मादक पदार्थ (बियर) को जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से वाहन जांच के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम ने एक बाइक से दो लाख रुपये जब्त किये हैं। इसके अलावा बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में जांच के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम ने 8 लाख 76 हजार रुपये जब्त किये हैं। सभी बरामद रकम को जब्त कर ट्रेजरी में जमा कराया गया है।

## शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का लक्ष्य

- गांव-गांव में होगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम
- लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग का है विशेष फोकस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगह-जगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील की।

## बाघमारा के दो होटलों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, मामला दर्ज

- पुलिस वाहन को देखते ही भाग निकले होटल संचालक और कर्मी

**कतरास।** बाघमारा थाना की पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने डुमरा सायर बांध के पास अपना ढाबा की तलाशी ली और कई नामी ब्रांड की अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस वाहन को देखते ही होटल संचालक व कर्मी भाग निकले। इसके बाद पुलिस माटीगढ़ स्थित बुधना होटल पहुंची और छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी और महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने दोनों होटलों के संचालक क्रमशः टेकलाल महतो और श्रीकांत यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा धनबाद के मजदूरों से विश्वासघात कर रही है : सतेंद्र कुमार यादव

- भाजपा गठबंधन को हर परिस्थिति में पराजित करना सीपीआईएम की प्राथमिकता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सीपीआईएम के 15वें जिला सम्मेलन में विधायक सतेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सीपीआईएम की पहली प्राथमिकता भाजपा गठबंधन को हर परिस्थिति में हराना है। सिंदरी के नेहरू मैदान में सम्मेलन के खुले सत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए सीपीआईएम विधायक ने कहा कि आज यहां के मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। मजदूर पलायन कर रहे हैं। मजदूरों के साथ विश्वासघात हो रहा है। झारखंड के लोगों ने भाजपा को ज्यादा सांसद दिए हैं। वाबजूद यहां के लोगों को विस्थापन और लूट झेलनी पड रही है। उन्होंने ईंडिया गठबंधन में सीपीआईएम को सीट नहीं देने के लिए हेमंत सोरेन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ईंडिया गठबंधन में 8 सीटों की मांग रखी गई है और हम उन सभी आठ सीटों पर लड़ेंगे। कार्यक्रम में स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ काशीनाथ चटर्जी ने भी संबोधित किया। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने हेमंत सोरेन के कार्यकाल को बहुत अच्छा नहीं बताया। आमसभा में श्रमिक यूनियन नेता सुजीत भट्टाचार्य, विकास ठाकुर, गौतम प्रसाद, जिला सचिव संतोष घोष, सुरेश गुप्ता, सुमना लहरी, रानी मिश्रा, गोपीकांत बक्शी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, योगेंद्र महतो, संतोष कुमार महतो, रामकृष्ण पासवान, शिव कुमार सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीडीओ, सीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सुपरवाइजर के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर प्रखंड मुख्यालय नारायणपुर में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। नारायणपुर के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ मुरली यादव और सीओ देवराज गुप्ता ने शनिवार को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक की। दोनों पदाधिकारियों ने लोगों से प्रखंड के बूथों के प्रति क्रमवार बुनियादी सुविधाओं का हाल जाना। कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं के लिए बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय और रैंप समेत विभिन्न सुविधाओं का होना जरूरी है। बीडीओ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सुपरवाइजरों को अपने मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर शीघ्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीएलओ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सीआरपी राघवेंद्र नारायण सिंह, सहायक अभियंता कुमार अनुराग, कनीय अभियंता जितेंद्र टुडू, सुमन पंडित, कैलाश मंडल,अमित कुमार, सेक्टर मजिस्ट्रेट पूजा मांझी, पाम्पा मांझी,अमरेन्द्र झा, गीता लागोरी, सुबोध कुमार, शिशु धीवर, बीपीओ रोजगार सेवक मौजूद थे।

## एक नजर में

### रेलवे सुरक्षा बल ने धनबाद स्टेशन से किया पांच किलो गांजा बरामद



धनबाद। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शनिवार को धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6-7 पर गश्ती के दौरान एक पेड़ के पास लाल रंग का लावारिस बैग बरामद किया है। बैग में पांच पैकेट गांजा मिला है, जिसका वजन पांच किलोग्राम है और जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये है। बैग की खोजबीन के लिए कोई सामने नहीं आया है। यह जानकारी एएसआई सुशील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि राजकीय रेल थाना में लिखित शिकायत देकर मामला दर्ज कराया गया है। राजकीय रेल पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। गश्ती में एएसआई शशिकांत तिवारी, प्रधान आरक्षी फूलचंद महतो, आरक्षी भगवान ओझा आदि शामिल थे।

### कोयला चोरी में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में मारपीट गोली चलने से आउटसोर्सिंग कर्मी घायल



**जोड़ापोखर।** बरारी बगडिगी में शुशी आउटसोर्सिंग कार्यरत है, जहां शनिवार को कोयला चोरी में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट एवं गोली चलने की खबर है। घटना शनिवार की दोपहर घट गई। गोली से आउटसोर्सिंग में कार्यरत शेरूअंसारी नामक व्यक्ति घायल हो गया। उसके बाएं पैर को छूती हुई गोली निकल गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आधा दर्जन राउंड फायरिंग हुई है। सूचना जोड़ापोखर पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। थाना में बंटी खान ने कहा कि वह दोपहर अपने दोस्त शेरू अंसारी, अनवर अंसारी, वशिम अकरम अंसारी के साथ बगडिगी फुटबॉल मैदान के सामुदायिक भवन में बैठे थे। तभी हथियार से लैस राजू अंसारी, मिंटू इराकी, अरमान अंसारी, तोशीक अंसारी, गोरका पांच समर्थकों के साथ पहुंच गए और आउटसोर्सिंग का हितैषी कहते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने 20 हजार रंगदारी की मांग की। इंकार करने पर उन लोगों ने कमर से पिस्टल निकालकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सभी लोग वहां से जान बचाकर भाग निकले। सिर्फ शेरू के पैर में गोली लगी। जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि घटना स्थल से खोखा बरामद नहीं हुआ है। आउटसोर्सिंग में ओबी डंपिंग को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विगत छह दिनों से जारी 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल समाप्त



**धनबाद।** छह सूत्री मांगों को लेकर पिछले छह दिनों से 108 एम्बुलेंस कर्मियों की हड़ताल शनिवार को सिविल सर्जन सीबी भानुप्रतापन से वार्ता के बाद समाप्त हो गई। एम्बुलेंस कर्मी संजय ने बताया कि वार्ता सार्थक रही। कुल तीन महीने का बकाया वेतन के भुगतान पर सहमति बन गई है। साथ ही वेतन बढ़ोतरी, पीएफ, ईएसआई, मेडिकल सुविधा जैसी अन्य मांगों को जल्द पूरा करने की बात कही गई है। सीएस ने एनआरएचएम से बात कर पहल करने की बात कही है। इसके बाद हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया गया। आज से ही 108 में सेवा देना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि 14 अक्टूबर की रात आठ बजे से 108 एंबुलेंस के कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर थे। सीएस के साथ पहले भी वार्ता हुई, जो विफल रही थी। सभी कर्मी दो माह पुरानी कंपनी और एक माह का वेतन नई कंपनी से दिलाने की मांग पर अड़े हुए थे। इस कारण जिले में कुल 36,108 एंबुलेंस सेवा ठप थी। करीब 100 कर्मी इस सेवा से जुड़े हुए हैं। सभी आउटसोर्सिंग कंपनी के अंतर्गत काम करते हैं।

### बीआईटी सिंदरी में प्लेटिनम जुबली की तैयारी शुरू



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में संस्थान के प्लेटिनम जुबली समारोह की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। समारोह 15 से 17 नवंबर तक होगा। शनिवार को सेमिनार हॉल में सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका समन्वय बीटसा सचिव श्वेता कुमारी ने किया। इस सम्मेलन में संस्थान के सभी क्लब और सोसायटी के प्रमुखों ने भाग लिया और विभिन्न सुझाव दिये।

## चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में दीपावली व महापर्व छठ पर्व को लेकर साफ सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था चुस्त दुरूस्त करने के लिए शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने टीम के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बराकर नदी स्थित कुमारधुबी कोलियरी, चिरकुंडा नीचे बाजार व सुंदरनगर छठ घाट के अलावा तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी व बगानधौड़ा स्थित बुढ़िया खाद छठ घाट का निरीक्षण किया।

इन छठ घाटों की साफ सफाई, लाइटिंग, माटी कटिंग व लेबलिंग, सीढ़ीनुमा रास्ता बनाने, सड़क की मरम्मत आदि का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि चिरकुंडा मुख्य सड़क जीटी रोड, नेहरू रोड सहित सभी 21 वार्डों में भी लाइटिंग व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान सिटी मैनेजर नजरूल इस्लाम, कनीय अभियंता सौविक मंडल, मनोज साव के अलावा सुपरवाइजर अनिल साव, अमर दास, चिन्मय बनर्जी, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, बैजू साव, अनुप कुमार आदि मौजूद थे।

## धनबाद प्रेस क्लब में हुई शोकसभा, पत्रकार अजय तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** पत्रकार अजय तिवारी के निधन पर शनिवार को धनबाद प्रेस क्लब ने गांधी सेवासदन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए क्लब से सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रख तथा उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने कहा कि अजय तिवारी बहुत ही मिलनसार एवं मृदुल स्वभाव के व्यक्ति थे। पत्रकारिता के साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहते थे। इस दुख की घड़ी में पूरा क्लब उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने की अपील की।

ज्ञात हो कि विगत गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में अजय तिवारी की मौत हो गई थी। वह अखबार के दफ्तर से काम खत्म कर कोयलांचल सिटी स्थित अपने आवास जा रहे थे। तभी 8 लेन सड़क पर एक रेस्टोरेंट के समीप किसी जानवर को बचाने में वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

श्रद्धांजलि सभा में खबर मन्त्र के स्थानीय संपादक ज्ञानवर्द्धन मिश्र, प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, संजय चौरसिया, सचिव राममूर्ति पाठक, रामजी यादव, अजय सिन्हा, शैलेश रावल, अशोक कुमार, कन्हाई लाल, श्रवण सिंह, अरुण तिवारी, मिथिलेश कुमार, निकुंज कुमार आदि मौजूद थे।

## धनबाद की पांच सीटों पर भाजपा ने की उम्मीदवारों के नाम की घोषणा

- तमाम वाद विवादों के बीच राज को पार्टी ने तीसरी बार दिया मौका



**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार की देर शाम 66 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी, जिसमें धनबाद जिले की पांच सीटों के उम्मीदवार के नाम भी शामिल हैं। धनबाद से राज सिन्हा, झरिया से रागिनी सिंह, बाघमारा से शत्रुघ्न महतो, निरसा से अर्पणा सेनगुप्ता और बलियापुर से तारा देवी को पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। सभी उम्मीदवारों के कार्यालयों में जश्न का माहौल दिखा। ज्ञात हो कि इस बार के विधानसभा चुनाव में सबसे चर्चित नाम धनबाद के वर्तमान विधायक राज सिन्हा का था, जिनके टिकट कटने की चर्चा खूब हो रही थी। उनपर आरोप था कि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार ढुल्लू महतो का विरोध किया था। राज की जगह पूर्व सांसद पीएन सिंह व पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल के नाम सामने आ रहे थे। इसके अलावा पार्टी में समाजसेवियों की बाढ़ भी आ गयी थी। लेकिन पार्टी ने इनसब पर विराम लगा दिया। राज सिन्हा दो बार से धनबाद के विधायक हैं। अब तीसरी बार पार्टी के टिकट से अपना भाग्य आजमायेंगे।

वहीं बाघमारा में अपनी दंबगई के लिए मशहूर पूर्व विधायक ढुल्लू महतो पर पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जाताया है। वह खुद तो धनबाद के सांसद बन गये हैं, इसलिए यह सीट उनके बड़े भाई शत्रुघ्न महतो को दिया गया है। यानी जीत मिली तो बाघमारा में ढुल्लू महतो का दबदबा आगे भी कायम रहेगा। तीसरे उम्मीदवार बलियापुर के विधायक इंद्रजीत हैं, जो पिछली बार पार्टी के टिकट पर जीते थे। लेकिन लंबी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी जगह उनकी पत्नी तारा देवी अपने क्षेत्र की कमान पिछले पांच साल से संभाल रही हैं। इसलिए पार्टी ने पहली बार तारा पर भरोसा किया है। अपने पति की सीट बचाने में कितनी कामयाब होती हैं, यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा।

बाकी निरसा और झरिया सीट इस बार भी महिलाओं को दिया गया है। अर्पणा पिछली बार पार्टी को जीत दिला चुकी हैं, जबकि रागिनी पिछले चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्णिमा नीरज सिंह से कम अंतर से हार गई थीं। पार्टी ने इन्हें दुबारा अवसर प्रदान किया है। टुण्डी सीट भाजपा ने अपने एनडीए के साथियों के लिए छोड़ा है। अभी उनके उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई है। बताया जाता है कि पार्टी हरियाणा रूल पर चल रही है। इसलिए सीट बंटवारे में उम्मीदवारों की जाति का ख्याल रखते हुए हर वर्ग के लोगों को मौका दिया गया है।

## पलामू से भाजपा प्रत्याशी घोषित

**मेदिनीनगर।** शनिवार की देर शाम भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। जिसमें डालटनगंज से आलोक चौरसिया, छतरपुर से पुष्पा देवी, बिश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी से डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और हुसैनाबाद से कमलेश सिंह भाजपा प्रत्याशी बनाये गये हैं।

**स्पीड न्यूज**

## जदयू जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित, बैठक में चुनाव पर चर्चा



चुनाव पर चर्चा करते जदयू के नेता-कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर/पाटन।** जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यसमिति की बैठक बेलवाटिका स्थित जिला कार्यालय में की गई। बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव, संगठन की मजबूती एवं पाटन छतरपुर विस क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी पूर्व मंत्री सुधा चौधरी को लड़ाये जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दूबे ने कहा कि पलामू जिला के एक मात्र छतरपुर विस क्षेत्र है जहां से पूर्व में भी जदयू की दावेदारी रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन से सुधा चौधरी पूर्व में विधायक चुनी गयी है इसलिए पार्टी के कार्यकर्ताओं का मान सम्मान रखने के लिए तथा पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए सुधा चौधरी को छतरपुर विस क्षेत्र से उम्मीद बनाया जाये। उन्होंने कहा कि इस बात को लेकर झारखंड प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर मांग की जायेगी। बैठक में जिला महासचिव सुरेंद्र यादव, संतोष मेहता, उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, नितिश्वर मेहता, पाटन प्रखंड अध्यक्ष मनोज मेहता, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गिरिजा चंद्रवंशी, नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष किशोर विश्वकर्मा, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष प्रेमचंद मेहता, ओबीसी जिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद, शमीम हैदर, राजपति प्रजापति, अजय प्रजापति, अनिल शाह, सचिन मेहता, मुकेश शुक्ला, जयपाल यादव, श्रीराम यादव, मनी देवी, रंजू देवी आदि कई लोग उपस्थित थे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष के पिता के ब्रह्मभोज में जुटे गणमान्य



शहर के कई गणमान्य लोगों ने अर्पित किया श्रद्धासुमन।

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष सह जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव के पिता स्वर्गीय जयमंगल प्रसाद (पूर्व नाजिर डालटनगंज सदर) का उनके पैतृक आवास पर ब्रह्मभोज किया गया। इस ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सैकड़ो लोग शामिल होकर पूर्व नाजीर को श्रद्धा सुमनि अर्पित किये। ब्रह्मभोज कार्यक्रम में झारखंड के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नमधारी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, चंद्रभूषण सिन्हा, सचिव दिव्येंदु गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन, संजीव नयन, अविनाश देव, निदेशक मुकेश अग्रवाल, प्राचार्य नंदकिशोर भारती, पत्रकार उमेश कुमार, मनोहर कुमार, प्रफुल्ल गिरी, तनु कुमार, समाज सेविका शीला श्रीवास्तव, समाजसेवी कृष्णा अग्रवाल, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अन्य इकाइयों के अध्यक्ष पंचम कुमार, जितेंद्र कुमार, निरंजन प्रसाद, अक्षय सिंह, सुनील कुमार, मंटू कुमार, जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण, शांतिकुलम आवासीय विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल, आशुतोष सिंह, आलोक कुमार, रोशन कश्यप, वीरेंद्र दुबे, कमलेश सिंह, ललन प्रजापति, इंजीनियर सुधांशु कुमार शामिल थे।

## डालसा ने गैंगरेप पीड़िता को 20 हजार के दैनिक उपयोग की वस्तु दिलायी

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर डालसा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए दोनों पीड़िताओ को 20 हजार रुपये का दैनिक उपयोग का वस्तु उपलब्ध कराया गया। साथ ही उनलोगों को असिस्ट करने के लिए पीएलभी को लगाया गया है। दोनों पीड़िताओं को विक्टिम कम्पनशेषन की राशि जल्द मिले इसके लिए कारवाई शुरू कर दी गयी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पीएलभी सोनू कुमार के द्वारा पीड़िता के घर जाकर पता लगाया गया था तथा प्रतिवेदन समर्पित किया गया है जिसमें उनलोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं बताया गया है। जिसको ध्यान में रखते हुए तत्काल 20 हजार रुपये का दैनिक उपयोग का वस्तु राशन, कपड़ा व अन्य बस्तु प्रदान किया गया है। साथ ही विक्टिम कम्पनशेषन की राशि जल्द मिले इसके लिए कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। विदित हो कि 11 अक्टूबर को रात्रि 8:00 बजे दो नाबालिक लड़कियां दुर्गा पूजा में नाच देखने सरैडीह गयी थी। 12 अक्टूबर को सुबह 7:00 बजे दोनों लड़कियां घर आयी तो घर वाले पूछे की रात को कहां थी, तो दोनों बच्चियों ने रो-रो कर बतायी कि उनलोगों को गांव के ही विक्रम पासवान, अरविंद सिंह, मनदीप पासवान, पप्पू पासवान व दो अज्ञात लड़का मिलकर सरईडीह से जब वे लोग नाच देखकर रात्रि 2:00 बजे के करीब सलैया मध्य विद्यालय के पास पहुंचे तो उपरोक्त छह लड़के दोनों को रोककर बाइक पर जबरन बैठाकर जंगल की ओर ले गया। दोनों बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़िता की मां ने नौडिहा बाजार थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके आधार पर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पीड़िता को मुआवजा के लिए कार्रवाई की गयी थी।

# बिश्रामपुर पहुंच जीयर स्वामी ने अष्टभुजी मंदिर में की पूजा अर्चना

- रामचंद्र चंद्रवंशी विवि का भी किया अवलोकन, विधायक ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** महान मनीषी संत श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्रीलक्ष्मी प्रपन्नाचार्य जीयर स्वामी जी महाराज शुक्रवार को देर शाम बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित अष्टभुजी मंदिर आए और पूजा अर्चना किया। लोगों को आशीर्वचन भी दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही संस्कार मिलता है। संस्कार का संरक्षण ही मूल भक्ति है। उन्होंने पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की।



**खास बातें :** उन्होंने रामचंद्र चंद्रवंशी विवि का भी अवलोकन किया। जियर स्वामी जी महाराज का विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने खुद स्वागत किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे आग्रह को स्वीकार करते हुए स्वामी जी यहां आए और हमें अनुग्रहित किया। इससे पहले जियर स्वामी जी महाराज तोलरा स्थित विष्णु मंदिर ओर केतात स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर भी गये और पूजा अर्चना की। इस दौरान जगह जगह स्वामी जी का जोरदार स्वागत हुआ। मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, भोला चंद्रवंशी, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, देवनाथ यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बबन राम, अमरेश तिवारी, मखीरन तिवारी, दामोदर यादव, संतोष राम, शिवबंश मिश्रा, डॉ वी पी शुक्ला, सत्यनारायण सोनी, गोपाल सोनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# बिश्रामपुर को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का समय अब आ गया है : अंजू सिंह

- पूर्व विस प्रत्याशी ने विस क्षेत्र के कई गांवों का किया भ्रमण
- बदलाव के लिए लोगों से आगे आने की अपील की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व विस प्रत्याशी अंजू सिंह ने शनिवार को बिश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान के लिए सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

श्रीमती सिंह ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करने का समय आ गया है। यह चुनाव जनता के लिए अवसर है, इस अवसर को छोड़ने की जरूरत नहीं है। अपने मत का ताकत एक जुट होकर दिखाइए और बिश्रामपुर को पूर्ण विकसित होने का मार्ग प्रशस्त करने की जरूरत है। मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के केंद्रीय नेता नईमुद्दीन अंसारी, पार्षद सलीमुदिन अंसारी, टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रवीण सिंह, उस्मान अंसारी, जितेंद्र बहेलिया सहित कई लोग मौजूद थे।



लोगों से संवाद स्थापित करती अंजू सिंह।

### छठ घाटों की सफाई को लेकर स्टार क्लब के पदाधिकारियों की बैठक

# पूजन सामग्री का वितरण, लाइट लगाने व गंगा आरती का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य छठ घाट मंदेया नदी की सफाई को लेकर स्टार क्लब ने बैठक की। बैठक में कहा गया कि छठ पर्व को लेकर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ घाट पर स्टार क्लब द्वारा सफाई की जायेगी। बैठक में पुरानी समिति को भंग करते हुए नई समिति का गठन किया है।

इस बैठक के सभापति के रूप में अजित कुमार ने सभा को संबोधित किया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पवन प्रजापति को बनाया गया। सचिव डब्लू कुमार, कोषाध्यक्ष आलोक सौंडिक, व्यवस्थापक पवन गुप्ता, क्रांति मेहता, अजित कुमार, मोनू गुप्ता, सिंटू चौधरी सुभाष चौधरी, साकेत विश्वकर्मा, संरक्षक अरुण सोनी, अशोक दास, केतन सिंह, रितेश चंद्रा, लड्डू सिंह, अमित चंद्रा, डोमन प्रजापति, मोहन चंद्रा, विनोद पासवान, विनय विश्वकर्मा, ऋषि सिंह अरविंद गुप्ता, तेजु गुप्ता को चुना गया।

बैठक में सदस्य प्रिंस गोस्वामी, राहुल रॉय, आनंद बिट्ठू, नीरज, राहुल, पिंटू, दीपक, संतोष, सुजीत, विवेक, अंशु, भोला जी, गुड्डू सिंह शामिल थे।

बैठक में कई निर्णय लिये गये जिसमें नदी की सफाई, नदी में लाइट की व्यवस्था करने, नदी के बीचों बीच भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित करने, पूरे घाट की सजावट, रोड की सजावट, चाय की व्यवस्था करना रोड की साफ सफाई करना, घाट पर ठहरने की व्यवस्था करने, व्रतियों की पूजन सामग्री उपलब्ध कराने, छतरपुर के मंदिरों की सफाई करने, देव दीपावली में भव्य गंगा आरती करना शामिल है।



बैठक कर पूजन कार्यक्रम का निर्णय लेते लोग।

# अर्चना कुमारी बनी संत तुलसीदास महाविद्यालय रेहला की प्रभारी प्राचार्य

- सदर एसडीओ के आदेश पर कार्यालय कक्ष का ताला तोड़ सौंपा गया प्रभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला संत तुलसीदास इंटर कॉलेज का प्रभारी प्राचार्य अर्चना कुमारी को बनाया गया। प्रभारी प्राचार्य बनने के बाद कॉलेज के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों ने अर्चना को बुके देकर सम्मानित किया। नव नियुक्त प्रभारी प्राचार्य ने कॉलेज के सफल संचालन हेतु शासी निकाय की सचिव सुशीला मिश्रा की उपस्थिति में शिक्षक और शिक्षकेत्तरकर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें कई दिशा निर्देश दिया। शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को कार्रवाई के लिए सचेत भी किया गया।



प्रभारी प्राचार्य का स्वागत करते कॉलेज कर्मी।

**खास बातें :** बताते चलें कि प्राचार्य को लेकर कॉलेज में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। विवाद के कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा था। शासी निकाय सचिव सुशीला मिश्रा शुक्रवार को जब कॉलेज पहुंची तो प्राचार्य कार्यालय सहित कई कमरे बंद थे। जिसकी सूचना उन्होंने सदर एसडीओ को दी। जिसके बाद बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी, रेहला थाना के एसआई जगरनाथ चक्रवर्ती, एएसआई सहदेव पौद्दार, शासी निकाय की सचिव सुशीला मिश्रा सहित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रभारी कक्ष का ताला तोड़वाकर कॉलेज और छात्र-छात्राओं के कार्य निष्पादित किया गया। कॉलेज के ज्ञापांक 04/24 दिनांक 18 नवंबर 2024 के आलोक में प्रभारी प्राचार्य अर्चना कुमारी के द्वारा निदेशक माध्यमिक शिक्षा, सचिव झारखंड अधिविद्य, उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक, शासी निकाय अध्यक्ष संत तुलसीदास इंटर महाविद्यालय, सदर एसडीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रेहला थाना प्रभारी को आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित भी कर दिया गया है।

## केएन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाने की मांग



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बलराम उपाध्याय ने कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी को पत्र लिख डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कृष्णानंद त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कृष्णानंद त्रिपाठी जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। वे हमेशा जनता के बीच में रहकर उनके दुख सुख में शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से उनके सिवा कोई भी नेता जनता के बीच खरा नहीं उतर पायेगा। उन्होंने कहा कि श्री त्रिपाठी के पूर्व का भी विधायक कार्यकाल बेहतर रहा है। वे अपने कार्यकाल में डालटनगंज विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया है। कई जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारकर इसका लाभ जनता को दिया था।

## पूर्व विधायक के पुत्र रवि और युवा नेता सिद्धार्थ ने संभाली चुनाव प्रचार की कमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** पूर्व विधायक संजय सिंह यादव के पक्ष में मतदान करने को लेकर इन दिनों युवा राजद की टीम ने विभिन्न गांवों का दौरा जारी रखा है। शनिवार को युवा टीम ने झरीवा, नदीपर गांव का दौरा कर लोगों से इस बार भारी मतों से पूर्व विधायक संजय सिंह यादव को पुनः क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मौका देने एनडीए को सबक सिखाने की अपील की है। इसकी जानकारी देते हुए युवा नेता सिद्धार्थ ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में जिस तरह का रुझान है इससे स्पष्ट है कि आगामी चुनाव में जीत सुनिश्चित है। क्षेत्र भ्रमण की टीम में पार्टी नेता कलीमुद्दीन खान, पचू रजवार, अर्जुन यादव, गणेश मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

### हॉस्पिटल से ब्रह्मदेव प्रसाद ने जारी किया भावनात्मक संदेश, कहा

# नया जीवन बिश्रामपुर की जनता को समर्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बी डी प्रसाद ने हॉस्पिटल से बिश्रामपुर की जनता के नाम एक भावुक पत्र जारी किया है। यहां बताते चलें कि श्री प्रसाद पिछले दिनों सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पटना के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार वे अब खतरे से बाहर हैं। अपने भावनात्मक संदेश में श्री प्रसाद ने कहा है कि भगवान के आशीर्वाद और जनता के अपार स्नेह से उन्हें दुबारा जीवन मिला है। यह नया जीवन बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र की जनता को समर्पित है। अब पूरी जिंदगी जनसेवा की मुहिम को तेज गति से जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवा का एक माध्यम राजनीत भी है इसलिए बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगा। जल्द ही जनता के बीच आयेंगे।

## छह मुहान चौक पर चला सघन जांच अभियान



**मेदिनीनगर।** जिला ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में पुलिस ने छहमुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। चार पहिया एवं दोपहिया तथा टेंपो की जांच की गयी। जिसमें कुछ बाइक चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस तथा कुछ ट्रिपल लोड थे उनके वाहन जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। जिसमें 13 बाइक वाहन और 01 टेंपो सवारी तथा 01 एक ट्रक 03 पिकअप माल वाहक जो नो एंट्री में पकड़ा गया है इन सभी को भी जब्त किया गया। उसे चालान फाइन हेतु परिवहन कार्यालय में भेजा गया है। परिवहन कार्यालय से 18 वाहन बाइक गाड़ी का चलान फाइन राशि 27000 हजार रुपये आया है। जब्त किये गये वाहनों से चालान फाइन राशि 39,750 रुपये आया है।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने किया विश्व दृष्टि दिवस पर जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में 25वां विश्व दृष्टि दिवस के जागरूकता अभियान का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिनेश कुमार ने किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि बाल्यावस्था में अंधापन से ग्रसित बच्चों का नेत्र जांच एवं उपचार अवश्य करायें, बच्चे जिनकी उम्र 06 वर्ष से ऊपर है उन्हें वर्ष में एक बार नेत्र जांच अवश्य करायें। 40 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति वर्ष में एक बार नियमित नेत्र जांच अवश्य करायें, मोतियाबिंद या मधुमेह होने की स्थिति में एक बार नियमित नेत्र जांच कराने की जरूरत है। कहा कि 20 अक्तूबर से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हुसैनाबाद में मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुरू होने वाला है।

# नामांकन के दूसरे दिन पलामू के पांच विस क्षेत्र के 28 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा

**झारखंड विधानसभा चुनाव : किसी ने परचा दाखिल नहीं किया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के तहत पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र हुसैनाबाद, विश्रामपुर, पांकी, डालटनगंज, छतरपुर विस में चुनाव होना है। सभी विधानसभा क्षेत्रों से नामांकन के दूसरे दिन कुल 28 प्रत्याशियों ने नामांकन परचा खरीदा लेकिन किसी ने परचा दाखिल नहीं किया।

**कौन कहां के लिए खरीदे पर्चा :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए मुमताज अहमद खान, विनय सिंह, ओंकार नाथ, केश्वर यादव, विश्वनाथ साव, बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पुष्प रंजन, ब्रह्मदेव प्रसाद, रजनी देवी, जागृति, पति - रजनीश रंजन, संदीप कुमार गुप्ता, महावीर सिंह चंद्रवंशी, डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए दिलीप सिंह नामधारी, जगन्नाथ प्रसाद सिंह, अजय कुमार सिंह चेरो, विश्वास सिंह, अभय कुमार सिंह, सतेंद्र कुमार यादव, अजीमुद्दीन अंसारी व श्याम बिहारी राय, हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभा देवी, सुग्रीव राम, कमलेश कुमार यादव, उमाशंकर शर्मा, अमरजीत कुमार, छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के लिए संदीप कुमार, राधाकृष्ण किशोर, लक्ष्मी रवि, कन्हाई राम ने नामांकन परचा खरीदा।

## पाटन बीडीओ और सीओ ने बीएलओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सुपरवाइजर के साथ की बैठक



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में पाटन बीडीओ अमित झा एवं सीओ राकेश श्रीवास्तव ने विस चुनाव को लेकर पाटन के सभी बीएलओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सुपरवाइजर के साथ बैठक की। जिसमें सभी बीएलओ को अपने बूथ को निर्वहन करने को कहा। बीडीओ ने कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जो भी लापरवाही बरतेंगे उनपर कार्रवाई होगी। बीडीओ ने सभी बीएलओ सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सुपरवाइजर को अपने अपने कार्यों को समय पर पूरा करने तथा बैठक में 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को चुन कर रिपोर्ट करने को कहा। साथ ही युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मतदाता-जागरूकता अभियान आयोजित

# ईवीएम मशीन की कार्य प्रणाली और प्रयोग कर के दिखाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को झारखण्ड एवं केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयास द्वारा विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सी. बी. एस. ई. के निर्देश पर प्रत्येक विद्यालय में इलेक्टोरल क्लब (चुनावी साक्षरता क्लब) की स्थापना कर जागरूकता अभियान चलाना है। इसके तहत प्रातः कालीन मेरा वोट, मेरा अभिमान-जैसे तख्तियों के साथ छात्र-छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली। खुशी पाण्डे निर्वाचन अधिकारी, सृष्टि पाठक पीठासीन अधिकारी, पलक सहाय, एवं अनामिका सिंह ने निर्वाचन दल के रूप में भूमिका निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया। ई. वी. एम. मशीन की कार्य प्रणाली एवं उनके प्रयोग को हुबहू करके दिखाया गया। जिसमें कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी निभाई। पत्र-लेखन, निबंध-लेखन, रंगोली, बैनर-पोस्टर, बैज, लघुनाट्य, स्क्रैप ड्राइंग, रिजनल सॉग, हिन्दी व अंग्रेजी कविता वाचन आदि गतिविधियाँ छात्रों के द्वारा किया गया। तहसील, जिला, राज्य तथा केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से मतदान प्रतिशत में वृद्धि के सतत प्रयास किये जा रहे हैं। मौके पर प्राचार्य डा एके सिंह ने कहा कि मेरा मतदान, मेरा अधिकार। पहले मतदान, फिर जलपान तथा एक वोट, राष्ट्र के लिए। पत्र-लेखन, निबंध-लेखन, बैनर-पोस्टर, बैज, लघुनाट्य, स्क्रैप ड्राइंग, रिजनल सॉग, हिन्दी व अंग्रेजी कविता वाचन आदि आयोजित करने हेतु प्रत्येक विद्यालयों को निर्देशित किया गया है।



# लातेहार पुलिस ने पलामू के विजय नगर में फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

- लातेहार महिला पुलिस ने पलामू जिले के सदर थाना क्षेत्र के विजय नगर में फरार अभियुक्त के घर और सार्वजनिक जगह पर चिपकाया इश्तेहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लातेहार महिला थाना पुलिस ने सदर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत चियांकी के डीएवी स्कूल पास विजय नगर के अभियुक्त सुनिल जार्ज कंडुलना पिता बोआस कंडुलना के घर पर जाकर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने घर के अलावे सार्वजनिक स्थल चियांकी पहाड़ के पास भी इश्तेहार चिपकाया है।

लातेहार महिला थाना पुलिस की इस कार्रवाई में पलामू जिला के सदर थाना पुलिस भी शामिल थी। लातेहार पुलिस ने बताया कि सुनील जार्ज कुंडलना केस नंबर 08/2024, धारा - 376, 313, 506, 34 आईपीसी का अभियुक्त है। पूर्व में ही सुनील पर लातेहार महिला थाना पुलिस मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद अभियुक्त सुनील घर से फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि अगर सुनील जार्ज लातेहार न्यायालय में समय से उपस्थित नहीं हुआ तो उस पर आगे की कार्रवाई भी की जायेगी। इस कार्रवाई में लातेहार महिला थाना के सअनि अशोक कांकुत्त, महिला आरक्षी अनिता कुंवर, लक्ष्मी देवी, सरिता कुमारी, गृहरक्षक सह चालक राजीव रंजन, सदर थाना के एएसआई ट्रेस मिंज, सशस्त्र बल व सदर थाना के चौकीदार मो इदरीस अंसारी शामिल थे।



फरार अभियुक्त के घर नोटिस चिपकाती पुलिस।

# महामारी की शिकार पांच महिलाओं में से चार अस्पताल से फरार, स्वास्थ्यकर्मी खोज में जुटे

खबर मन्त्र संवाददाता



**शिकारीपाड़ा।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड से गंभीर रूप से बीमार सोनाढाव गांव की शिकारीपाड़ा स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भारती करायी गई। पांच महिलाओं में से चार महिलाएं शनिवार की अहलेसुबह अस्पताल से भाग गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भागी हुई महिलाओं को खोजने में काफी परेशान है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा ने बताया कि बुधवार से शुक्रवार तक सोनाढाव गांव की ही तीन महिलाओं की मौत हो गई है। मेडिकल टीम द्वारा शुक्रवार को पांच महिलाओं को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिकारीपाड़ा ले जाया गया था। जहां उनकी चिकित्सा के पश्चात उच्च स्तरीय चिकित्सा हेतु दुमका मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जिनमे सबोरी सोरेन, उसकी बेटी बिटिया हेंब्रम, सुमी सोरेन, चुडकी हांसदा एवं माइको टुडू को भर्ती कराया गया था। शनिवार की अहले सुबह सूचना मिली कि सबोरी सोरेन, बिटिया हेंब्रम, सुमी सोरेन एवं चुडकी हांसदा अस्पताल से भाग गई। काफी खोजबीन के बाद सबोरी सोरेन और उसकी बेटी बिटिया हेम्ब्रम शिकारीपाड़ा प्रखंड के ही घैला पाथर गांव से बरामद हुई। उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ देवानंद मिश्रा ने बताया कि सबसे चिंताजनक बात है कि सुमी सोरेन एवं चुडकी हांसदा अभी तक नहीं मिली है और नहीं ही घर गई है। जबकि सुमी सोरेन गर्भवती है। इस कारण यह काफी चिंताजनक है। सीओ एवं बीडीओ, शिकारीपाड़ा से भी उनके खोजने में मदद करने के लिए गुहार लगाया है। प्रभावित गांव सोनाढाव के आदिवासी टोला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा की चिकित्सा डॉक्टर गौरव भीम मुर्मू चिकित्सा दल के साथ कैंप कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों में बीमारी को लेकर काफी भय है।

# डालसा के कार्यक्रम में बजेगा नालसा थीम संगीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में अब नालसा थीम संगीत-एक मुट्ठी आसमा पर हक हमारा भी तो है... बजेगी और इसको प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने पत्र जारी कर यह निर्देश दिया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में पीएलवी, एलएडसी आदि को डालसा सचिव डॉ प्रदीप कुमार ने इससे संबंधित जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि नालसा के निर्देश के आलोक में अब जिले के सभी लीगल एड क्लिनिक, लीगल लिटरेसी क्लब, जेल अदालत सहित न्याय आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत--एक मुट्ठी आसमा पर हक हमारा भी तो है... नालसा थीम संगीत बजाना अनिवार्य है। इससे आम लोगों में जागरुकता आएगी। जिले के विभिन्न मुख्य चौक-चौराहे पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का होर्डिंग लगाया गया है। इसमें हेल्प लाइन 1500 लिखा गया है। इससे संबंधित जानकारी भी आम लोगों को देने की जरुरत है ताकि अभिवंचितों को न्याय सुलभ हो सके।



## पीएलीवी का अतिरिक्त नाम अधिकार मित्र

**गोड्डा।** अब पारा लीगल वोलेंटियर (पीएलवी) को न्याय रक्षक नाम से भी जाना जाएगा। जबकि (एलएडीसी) लीगल एड डिफेंस काउंसिल को न्याय रक्षक के अतिरिक्त नाम से जाना जाएगा। सभी दस्तावेजों व पत्राचार इत्यादि में इन नामों का उल्लेख होगा। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ प्रदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नालसा द्वारा पत्र जारी कर इससे संबंधित दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## एक नजर में

### विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को करें जागरूक : डीइओ सह डीसी



बोकारो। बोकारो टाउन हाल में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीईओ सह डीसी विजया जाधव निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि बोकारो विधानसभा का मतदान प्रतिशत असंतोषजनक है। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बूथ एवरनेश ग्रुप को सक्रिय करने रात्रि चौपाल का आयोजन प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने की बात कहीं। मौके पर निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ सुश्री प्रांजल ढ़ांडा ने बीएलओ को बूथ आइकन चिन्हित करने को कहा। बीएलओ अपने मतदान केंद्र में एएमएफ सुविधा है या नहीं उसका जायजा लेकर कार्रवाई करेंगे। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारियों सह बीडीओ सीओ ने भी केंद्र को आकर्षक रूप से सजावट करने ब्लैक एंड वाइट ईपीक कार्ड वाले मतदाता को चिन्हित कर सूची तैयार करने छूटे हुए मतदाताओं से फार्म छह प्राप्त करने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने आदि के संबंध में बताया। चंदनकियारी प्रखंड सभागार में निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता चास प्रभाष दत्ता ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों पीडीएस डीलर एवं जेएसएलपीएस के सभी महिला समूह के सदस्यों के साथ विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराने एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं से संबंधित बैठक की। बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी चंदनकियारी उपस्थित थे।

### ढोरी खास परियोजना में कार्य के दौरान कर्मी घायल



बेरमो/फुसरो। सीसीएल ढोरी के अंडरग्राउंड माइंस खास ढोरी परियोजना अंतर्गत एनक्लेन 7-8 में नाइट शिफ्ट में कार्य कर रहे ट्रामर धनेश्वर मांझी की दुर्घटना में घायल हो गए। मांझी के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद साथी कर्मियों तथा अधिकारियों ने फौरन उसे सीसीएल ढोरी के केंद्रीय अस्पताल लेकर आए। जहा चिकित्सक राहुल रंजन ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के पारस अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि टब गाड़ी को कंट्रोल करने के दरम्यान पैर फिसलने से उसके हाथ में चोट आई है। मांझी ने बताया कि एनक्लेन से बाहर आने वाले ट्राली गाड़ी को झाड़ने के काम करते है। आज मेरी छुट्टी होने के समय लास्ट ट्राली गाड़ी को झाड़ने के दरम्यान मैं फिसल गया। इससे मेरा हाथ गाड़ी के नीचे चला गया। इससे मेरी हाथ में चोट आई है। घटना के खबर सुन खास ढोरी के पीओ रंजीत कुमार, मैनेजर मृत्युंजय कुमार, सेफ्टी ऑफिसर रविकांत सिंह, सहायक प्रबंधक अभिषेक कुमार उत्तम, प्रभाकर भगत, सेफ्टी बोर्ड के मेंबर विकास सिंह, हीरालाल रविदास, धीरज पांडेय, ओमशंकर सिंह सहित भोलानाथ सिंह, श्यामा पद बावरी, वकील प्रसाद नायक, तुलसी दास, मनोहर रविदास, मनोज ठाकुर तथा मांझी की पत्नी स्टेन शीला सोरेन, बेटी श्वेता कुमारी, रिश्तेदार शीतल मांझी अस्पताल पहुंचे।

### दुमका : मतदाता जागरूकता को स्वीप ने चलाया जागरूकता अभियान



दुमका। विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप कोषांग के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत आज शनिवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में रंगोली बनाकर मतदान की तिथि की जानकारी दी गई। इसी क्रम में दुमका प्रखंड के नकटी आंगनवाड़ी केंद्र में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आप सभी के माध्यम से विभिन्न गतिविधि आयोजित कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करना है। इससे मतदान प्रतिशत में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि हर मतदाता जागरुक, जिम्मेदार बने और अपने मताधिकार का सही उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान सभी ने मतदाता शपथ ग्रहण किया, और चुनाव संबंधी संदेश से भरे पोस्ट को विभिन्न स्थलों पर अधिष्ठापित किया।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : इस्पात भवन में महिला समिति के स्वाद सदन का उद्घाटन



बोकारो। बीएसएल के इस्पात भवन स्थित कैंटीन में महिला समिति के सुरभि की तीसरे शाखा स्वाद सदन का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी तथा महिला समिति बोकारो की अध्यक्षा अनिता तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर ईडी परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार एमएम सीआर महापात्रा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी माइंस जयदीप दासगुप्ता ईडी एसआरयू पीके रथ सीएमओ डॉ बीबी करुणामय महिला समिति की उपाध्यक्षगण एवं कार्यकारिणी कमिटी के सदस्य सहित बीएसएल के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। महिला समिति संचालित सुरभि अब इस्पात भवन में भी स्वाद सदन के माध्यम से अपने उत्पाद लोगों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने मौके पर महिला समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### फ्रेंड्स क्लब ने 54 वें श्री महाकाली पूजनोत्सव के लिये किया भूमि पूजन



बोकारो। स्थानीय सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में 54वें श्री श्री महाकाली महोत्सव का आयोजन फ्रेंड्स क्लब द्वारा 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक होने जा रहा है जिसका भूमि पूजन कृष्ण कुमार मुन्ना की अध्यक्षता में हुआ। नवगठित काली पूजा कमेटी में अध्यक्ष प्रभात कुमार महामंत्री गौतम सिंह उपाध्यक्ष त्रिलोचन मिश्रा संदीप राय चीकू सचिव श्वेत शेखर प्रदीप शर्मा कोषाध्यक्ष उपेंद्र नारायण सिंह मृत्युंजय सिंह मेला प्रभारी धनंजय सिंह विकास विधान चंदन सिंह सह मेला प्रभारी पिंटू कुमार जयशंकर सिंह व्यवस्थापक बाबू विकास रवि प्रकाश टिंकू संरक्षक विजय कुमार प्रेमनाथ पांडे अनूप सिंह सदस्य संजय बृजेश विनय राजीव आदि का चयन हुआ। महाकाली महोत्सव के दरम्यान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। एक दिन भगवती जागरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। 06 नवंबर को हवन एवं कुंवारी कन्याओं के पूजन के पश्चात मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

## गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर बोला हमला, हेमंत सरकार के पांच सालों के कामों को गिनाई, कहा

# झारखंड में बनानी है झामुमो की सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** केंद्र सरकार झारखंड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया दे दे तो झारखंड में विकास की गति और तेज हो जाती लेकिन केंद्र सरकार झारखंड का बकाया राशि नहीं दे रही है। उक्त बातें डुमरी प्रखंड के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पारगो तिलैया में झामुमो द्वारा आयोजित सभा में मुख्य अतिथि गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित जन समूहों को संबोधित करते हुए कही।

सोरेन ने कहा कि केन्द्र सरकार ने राज्य में पीएम आवास बंद कर दिया जिसके बाद झारखंड की जनप्रिय हेमंत सोरेन की सरकार ने अबुआ आवास योजना लाकर जरूरतमंदों को तीन कमरों वाला आवास दिया जबकि डुमरी विधायक सह मंत्री बेबी देवी की सोंच को अमलीजामा पहनाते हुए हेमंत सोरेन की सरकार ने मंईया सम्मान योजना लाकर सूबे के आधी आबादी को सम्मान देने का काम किया, इसी तरह से सावित्री बाई फुले योजना,सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना आदि दर्जनों योजना को लाकर झारखंडियों को उसका हक व अधिकार देने का काम किया।

कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के विकास एवं झारखंडियों की सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य में जूटे हैं। कहा कि झामुमो की सरकार बनते ही दिसंबर से मंईया सम्मान की राशि ढाई हजार रुपए हो जाएगी जिसे केबिनेट में पास करा ली गई है।

इसलिए चुनाव में झामुमो के पक्ष में मतदान कर पुनः झारखंड में झामुमो की सरकार बनानी है। वहीं मंत्री बेबी देवी ने कहा कि दिवंगत जगरनाथ महतो जी के अधूरे कार्यों को पूरा करना है। कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई जा रही है जिसमें और गति लाना है इसलिए इस चुनाव में भी झामुमो की इस परंपरागत डुमरी की सीट पर विजयी बनाना है। जबकि मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू ने कहा कि चुनाव में बहुत से लोग आयेंगे और उसमें एक युवा ऐसे भी आयेंगे जो यहां वोट भी नहीं दे पायेंगे इसलिए ऐसे लोगों से बचकर रहना है और अपना एक एक वोट सिर्फ झामुमो को देना है। इसके पूर्व कल्पना सोरेन एवं बेबी देवी के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आदिवासी रीति रिवाज से स्वागत किया गया। अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो व संचालन मुखिया जगदीश महतो ने किया। कार्यक्रम में राजकुमार पांडेय, कारी बरकत अली, भोला सिंह, राकेश महतो, नंदलाल शर्मा, उपेन्द्र महतो, चांदी महतो, मिथलेश महतो, समसुद्दीन अंसारी, हाजी मुमताज अहमद, कमलापति मंडल, सहोदरी देवी, सुभाष महतो, पंकज महतो, लियाकत अंसारी, बिरजू सोरेन, सुकर बास्के, सुगन बेसरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल, मोहन सोरेन, कपिल ठाकुर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित मौजूद थे। वहीं शंकरडीह के हुरसोडीह में भी सभा का आयोजन किया गया जबकि रांगामाटी रेलवे फाटक से डुमरी चौक तक रोड शो किया गया।

# वाहनों की जांच सघनता से कर बनाये वीडियोग्राफी : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने विधानसभा चुनाव को लेकर गठित फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एसएफटी) संग बैठक कर उनके कर्तव्य एवं दायित्वों से अवगत कराया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इंटर स्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट को एक्टिवेट करते हुए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाये। चेक पोस्ट पर वेबकैम का अधिष्ठापन किया जाना है। जिससे हर गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। कहा कि वाहनों की जांच के समय व्यवहार यात्रियों के प्रति बेहतर रहे इसका विशेष ध्यान रखें। बिना जांच के किसी भी वाहन को नहीं जाने दें। किसी भी परिस्थिति में दंडाधिकारी चेकपोस्ट में अनुपस्थित नहीं रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, खंड में तीन या अधिक समर्पित उड़न दस्ते होंगे। वाहनों की जांच सघनता से करें। जांच के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी निश्चित रूप से करायें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। सभी क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली, शौचालय की व्यवस्था निश्चित रूप से रहे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस व्यक्ति की सत्यनिष्ठा और विचारशील नैतिक तर्क करने की क्षमता को कमजोर करती है- विषय पर अंग्रेजी और हिंदी भाषा में अंतर विद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद के साथ सीजीएम सतर्कता एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 12 विद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ईडी राजन प्रसाद ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और संबोधित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में भूतपूर्व सीजीएम वीके सिंह जीएम व संचार प्रमुख मणिकांत धान एवं महिला समिति की सचिव ऋचा प्रियदर्शनी उपस्थित थे। अंग्रेजी में प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स स्कूल की तृषा सिन्हा को प्रथम इसी विद्यालय के रिशोन मार्टिस को द्वितीय स्थान जीजीपीएस के ऋतिक कश्यप को तृतीय स्थान और पेंटेकोस्टल के डेनियल अहमद को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। हिंदी के वाद विवाद प्रतियोगिता में पेंटेकोस्टल के अर्पण कुमार और इहा सिंह को क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय व डीपीएस की अनुष्का आर्या को तृतीय स्थान तथा जीजीपीएस की आकृति मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

## खनन विभाग ने की छापेमारी, अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर को पकड़ा

**बेरमो।** उपायुक्त बोकारो के निर्देशानुसार जिला के बालीडीह थानांतर्गत बियाडा में भारत पेट्रोलियम पंप के सामने अवैध रूप से बालू खनिज का प्रेषण करते हुए 2 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया, जिसे जप्त कर बालीडीह ओपी थाना को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई। उधर, माराफारी थानांतर्गत सेल मनसा सिंह द्वार के समीप मुख्य पथ पर 01 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए टीम द्वारा पकड़ा गया।


उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार।

(सामान्य शाखा)

आम सूचना

एतद द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत वैध शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि विधान सभा आम चुनाव–2024 के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से अपने शस्त्र को जमा करने से मुक्त रखना चाहते हैं, वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी दिनांक–20.10.2024 को 12:00 बजे मध्याह्न तक अपना आवेदन जिला सामान्य शाखा, लातेहार में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायगा।

उपायुक्त, लातेहार।

PR 339291 District(24-25)D


# बेरमो : चुनावी घोषणा के बाद रणनीति बनाने की तैयारी में जुटे राजनीतिक दल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होने बाद से सत्ता पक्ष हो या विपक्ष चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने में जुट गए है तथा सत्तापक्ष व विपक्ष के राजनीतिक दलों ने चुनाव को लेकर कमर कस चुकी है। वही पार्टी के संभावित प्रत्याशियों तथा निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपने अपने कार्यकर्ताओं साथ लगातार बैठकें कर चुनाव जीतने की तैयारी में लग गए है।

हलाकि गोमिया विधानसभा क्षेत्र में कौन दल का कौन प्रत्याशी होंगे अभी तक कोई भी दल अपने-अपने प्रत्याशी की घोषणा नही की है। हलाकि सत्ता दल व विपक्ष दलों के हाईकमान द्वारा गोमिया से मजबूत प्रत्याशी उतारने की तैयारी में जुटे हुए है। कुछ ही दिनों के बाद यह भी साफ हो जाएगा की कौन राजनीतिक दल के कौन प्रत्याशी होंगे। वही विभिन्न राजनीतिक दलों के सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने पार्टियों की जीतको सुनिश्चित करने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

चुनावी घोषणा होने के बाद क्षेत्र के जनताओ में खुशी की लहर दौड़ रही है। साथ ही गोमिया विधान सभा क्षेत्र की ग्रामीण जनता परिवर्तन भी चाह रही है।और इसकी चर्चा पंचायत से लेकर गांव के चौपाल तक शुरू हो गया है। पढा-लिखा युवा वर्ग से लेकर बूढा-बुजुर्गों के बीच अब तो मानो सुबह-शाम दिनचर्या में यह चुनावी चर्चा शामिल हो गया है। इस बार गोमिया से कौन-कौन पार्टी के कौन-कौन प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगें। तथा एक दो निर्दलीय प्रत्याशी छोड़ और कौन-कौन निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगें इसकी भी चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।

यहां कुछ प्रत्याशियों ने चुनावी घोषणा के पूर्व से ही क्षेत्र में लगातार दौरा कर विकास की मुद्दे पर वोटरों को जागरूक करते रहे है, तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनावी घोषणा केबाद से जमीन तलाशने केलिए गली-मोहल्ले का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। सभी निर्दलीय प्रत्याशी कह रहे है कि चुनाव के लिए हम तैयार है और यह चुनाव हम नही जनता लड़ेगी और जीत हमारी होगी।

# बीएसएल ने अधिकारियों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का किया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बीएसएल के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विभाग के कुल 29 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में डीजीएम ज्ञानार्जन एवं विकास राजेश कुमार तथा एजीएम सतर्कता संतोष कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य बीएसएल के अधिकारियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया आचार एवं नीति शासन आचरण नियम साइबर सुरक्षा क्रय इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों के साथ ज्ञान तथा जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन एजीएम संतोष कुमार गुप्ता ने किया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।

"विधान सभा निर्वाचन 2024 हेतु स्ट्रांग रूम, मतगणना केंद्र, बैरिकेटिंग एवं ड्रॉप गेट कार्य हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"

संख्या –25/2024–25

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 25.10.2024 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.10.2024 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.10.2024 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of Counting Hall and Drop Gates at Polytechnic College Gumla for Vidhan Sabha General Election 2024. | 9,47,300.00 | 19,000.00 | 1250.00 | 1 माह |
| 2. | Construction of Strong R oom and Barricading work at Polytechnic College Gumla for Vidhan sabha General Election 2024. | 9,38,200.00 | 19,900.00 | 1250.00 | 1 माह |
| 3. | Construction of temporary Morcha, C&D Strong Room and Comissioning Center at Boy's Hostel of Polytechnic College Gumla for Vidhan Sabha General Election 2024. | 11,37,800.00 | 23,000.00 | 2500.00 | 1 माह |

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR 339305 Building(24-25)D

समय संवाद

वर्कप्लेस पर आपको जिन कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है या जिन स्थितियों को आप कंट्रोल करते हैं, उनकी लिस्ट बनाएं। यह आपकी टीम का आउटपुट, आपका सेल्स रूट, दिन के कार्यों का क्रम, सप्लाइज की खरीद, लोगों से मिलना, डेस्क को सहेजना कुछ भी हो सकता है। इन कार्यों को सही तरह से पूरा करने की प्लानिंग करें। इन्हें इस तरह से पूरा करें कि पूरी संतुष्टि हो। अपनी सोच और योजना को इस तरह से रखें कि आप जो भी प्रयास करें, उससे खुशी मिले।

# मन के जीते जीत है, मन के हारे ...



डॉ उषा किरण



**अगर** आप अपनी नौकरी, व्यापार या पेशे के लिए बोझिल मन से जाते हैं, ऐसा सोचते हैं कि वर्कप्लेस पर जाने का टाइम हो गया, इसलिए अब जाना ही पड़ेगा झ्र तो समझ लीजिए कि आप जॉब या प्रोफेशन में दिन ही बिता सकते हैं, सफल होने के लक्षण तो ये नहीं ही हैं। अगर आपको सफलता चाहिए, तो अपने जॉब से प्यार करना सीखना होगा और वर्कप्लेस पर खुशियां ढूंढनी होंगी ताकि आप रोज प्रसन्न मन से अपने वर्कप्लेस पर जाएं और वहां पूरी ऊर्जा और तन-मन के साथ काम करें। इसके लिए आपको अपनाने होंगे छोटे-छोटे उपाय।

**अपने आप को पहचानें**

पहचानें कि आप कौन हैं, आप खुद को किस रूप में देखते हैं। अगर आपकी सेल्फ इमेज और पहचान सिर्फ नौकरी या प्रोफेशन से ही जुड़ी हुई है, तो आपको समस्या हो सकती है। अगर खुद को सिर्फ अकाउंटेंट, सेल्स पर्सन, वकील या सीईओ के रूप में पेश करते हैं तो यकीन मानिए कि आप खुद को प्रोफेशनल दायरे से बाहर नहीं निकाल पाए हैं। अपनी ऐसी पहचान चुनें, जो सेल्फ-इमेज को मल्टी डायमेंशनल बना सके। अगर आप एक अच्छे लेखक, संगीतकार, गायक या शेफ हैं तो वर्क प्लेस पर लोगों को इस बात की जानकारी दें। ताकि वे आपको एक सम्मानित व्यक्ति के तौर पर पहचानें। इससे ऑफिस में आपके प्रति पॉजिटिव वातावरण बनेगा। आपको भी अच्छा महसूस होगा।

**नकरात्मक बातों से दूर रहें**

कई बार वर्कप्लेस पर ऐसे लोगों से पाला पड़ जाता है जो हर वक्त अपनी मुसीबतों का रोना रोते रहते हैं। उनकी बातें सुन-सुन कर मन वाकई कमजोर पड़ सकता है। लेकिन दूसरों की बातें सुनकर परेशान न हों। उनकी नेगेटिव बातचीत को इग्नोर करें। यह आसान नहीं फिर भी आपको इसका अमल करना होगा। अगर आप कुछ पसंद करते हैं, तो सीधे तौर पर उस काम को करने की कोशिश करें।

**जिम्मेदारियों की प्लानिंग**

वर्कप्लेस पर आपको जिन कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है या जिन स्थितियों को आप कंट्रोल करते हैं, उनकी लिस्ट बनाएं। यह आपकी टीम का आउटपुट, आपका सेल्स रूट, दिन के कार्यों का क्रम, सप्लाइज की खरीद, लोगों से मिलना, डेस्क को सहेजना कुछ भी हो सकता है। इन कार्यों को सही तरह से पूरा करने की प्लानिंग करें। इन्हें इस तरह से पूरा करें कि पूरी संतुष्टि हो। अपनी सोच और योजना को इस तरह से रखें कि आप जो भी प्रयास करें, उससे खुशी मिले।

**कार्यों की शेड्यूलिंग**

दिमाग की निर्णय लेने की क्षमता सीमित है। इसीलिए पूरे दिन काम करते करते दिमाग थक जाता है। आपको ऑटोमेटिक रूटीन तैयार करना चाहिए। आपको रोज लेने वाले निर्णयों की संख्या में कमी लानी चाहिए और कार्यों की शेड्यूलिंग भी करनी चाहिए। रोज साधारण लक्ष्य बनाएं जैसे- दिन में कितनी कॉल करनी हैं, ईमेल के लिए कितना समय देना है, प्रेजेंटेशन पूरा करने में कितना समय लगाना है आदि।

**सबसे पहले पसंदीदा काम**

सुबह की शुरूआत पंद्रह मिनट पहले करें। इस समय का इस्तेमाल उन कामों के लिए करें, जो आपको ऊर्जावान बनाते हों। सुबह की शुरूआत सही होगी, तो पूरा दिन अच्छी तरह से गुजरेगा।

**कुछ काम लंच से पहले**

कई काम आपको पसंद तो नहीं होते लेकिन उन्हें करना आपकी जिम्मेदारी होती है। जैसे किसी चिड़चिड़े ग्राहक से बात करना, किसी घिसी-पिटी, असफल फाइल पर पत्राचार करना आदि। इन कामों को लंच से पहले कर डालें। ताकि लंच करने के बाद आप फ्रेश मूड से काम कर सकें।

**किसी के लिए अच्छा करें**

दिन का ऐसा समय चुनें, जब आप सबसे ज्यादा थके हुए या नाखुश हों। इस समय में ऑफिस में किसी सहकर्मी की बिना अपेक्षा के मदद करें। इसका पॉजिटिव असर होगा और आप कनेक्टेड महसूस करेंगे।

(विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, महिला कॉलेज रांची)

## देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)




मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8


धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

## प्रकृति का कहर




## बच्चों की डिजिटल लाइफ पर नजर जरूरी



कुसुम पी

बच्चे डिजिटल परिदृश्य में बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक उनकी मुट्ठी में हैं। इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। यह सच है कि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढांचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अनेक माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव होता है। इससे सुरक्षित ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है।देश में केवल 40 फीसद व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, इससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं।

बच्चे अकसर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी । चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। बच्चे अकसर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू -ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुंचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में तीन में से एक बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं।कुछ प्लेटफार्म पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अकसर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएं बढ़ा दी हैं। जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुंच से वंचित कर सकते हैं। ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है । टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है।

## अध्यात्म के सूत्र सन्यास की इजाजत देते हैं, देश का कानून भी

एनके मुरलीधर

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक व्यक्ति की, कोयंबटूर में आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के परिसर में उसकी दो बेटियों को बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाते हुए दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर कार्यवाही शुक्रवार को बंद कर दी।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दोनों महिलाएं बालिग हैं और उन्होंने कहा है कि वे स्वेच्छा से तथा बिना किसी दबाव के आश्रम में रह रही थीं। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका किसी ऐसे व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देने का अनुरोध करते हुए दायर की जाती है जो लापता है या जिसे अवैध रूप से बंधक बना कर या हिरासत में रखा गया है।

पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने यह भी कहा कि उसके तीन अक्टूबर के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने उसके समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के लिए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका से उत्पन्न इन कार्यवाहियों के दायरे का विस्तार करना अनावश्यक होगा। शुरू में याचिका मद्रास हाई कोर्ट के समक्ष दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को तमिलनाडु के कोयंबटूर में फाउंडेशन के आश्रम में दो महिलाओं को कथित तौर पर अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले की पुलिस जांच पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी।

शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु पुलिस को निर्देश दिया था कि वह हाई कोर्ट के उस निर्देश के अनुपालन में कोई और कार्रवाई नहीं करे जिसमें उसने पुलिस को इन महिलाओं को कथित रूप से अवैध तरीके से बंधक बनाकर रखने के मामले की जांच करने का भी निर्देश दिया था।

ईशा फाउंडेशन ने हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें उसने कोयंबटूर पुलिस को निर्देश दिया गया था कि वह फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी मामलों का विवरण एकत्र करे और आगे के विचार के लिए उन्हें अदालत के समक्ष पेश करे। सुप्रीम कोर्ट ने इसी याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया।

सन्यास वह अवस्था है जिसमें कोई भी व्यक्ति अपना परिवार सहित सबकुछ त्याग कर किसी सदगुरु के शरण में उसके इच्छानुसार प्रवास और जीवन जीने लगता है। तमाम नकरात्मक घटनाओं के बीच यह परम्परा पूरी दुनिया में भारत की देने है। सनातन परम्परा में यह जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। बुद्ध ने भी सन्यास ग्रहण किया था। देश में इसकी एक बड़ी परम्परा है। यह जबरन किया गया प्रकिया हो ही नहीं सकता है। सन्यास आदि गुरु शंकराचार्य की परम्परा की देन है।

## आईटी क्षेत्र में बढ़ता रोजगार

**देश** में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नियुक्तियों में तेजी के साथ रोजगार में सालाना आधार पर सितंबर महीने में छह प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। नौकरी के बारे में जानकारी देने वाला ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉट कॉम की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में कार्यालय वाली नौकरियों की स्थिति बताने वाला प्रमुख सूचकांक नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स छह प्रतिशत बढ़कर सितंबर में 2,727 अंक पर पहुंच गया। मासिक आधार पर जारी किया जाने वाला यह सूचकांक देश में रोजगार बाजार की स्थिति को बताता है।इसमें कहा गया है कि इस बढ़त के पीछे मुख्य कारण सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नियुक्तियों में तेजी रही। इसमें सितंबर माह में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसके अलावा, रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद बनाने वाले क्षेत्र में भर्ती गतिविधियों में 23 प्रतिशत और तेल एवं गैस क्षेत्र में 13 प्रतिशत वृद्धि का भी योगदान रहा। कृत्रिम मेधा और मशीन लर्निंग में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, नियुक्ति गतिविधियों में छह प्रतिशत की वृद्धि उत्साहजनक है, सही मायने में आईटी, बीपीओ ( कृत्रिम मेधा-मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन उत्साहजनक है। इस दौरान जयपुर और कोलकाता जैसे उभरते आईटी क्षेत्रों में भी भर्ती गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। नए रोजगार केंद्रों में उदयपुर और भुवनेश्वर जैसे शहर तेजी से उभर रहे हैं, जहां कार्यालय वाली नौकरियों में क्रमशः 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बड़ौदा भी विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक प्रमुख स्थान बनकर उभरा है, जहां नियुक्तियों में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा, चेन्नई में यूनिकॉर्न , यानी एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप्स में नियुक्ति में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह शहर स्टार्टअप केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## कविताओं के माध्यम से बुद्ध की सार्थकता जानने का प्रयास

**सीताकांत महापात्र**

सीताकांत महापात्र की कविताओं में बुद्ध के अस्तित्ववादी और ध्यान के विचार दिखाई देते हैं। उनकी कविताएँ जीवन और मृत्यु के बीच की अस्थिरता को बुद्ध के दृष्टिकोण से देखने का प्रयास करती हैं। महापात्र ने बुद्ध को उन प्रश्नों का समाधान देने वाला माना है जो जीवन के गहरे रहस्यों से जुड़े हैं।

**एक अंधकारमय वन में,**
**वह ध्यान में बैठा है,**
**बोधि वृक्ष के नीचे,**
**न सुख चाहता है, न दुःख।**
**उसकी मौन उपस्थिति,**
**सिखाती है एक रास्ता,**
**जो पीड़ा से परे है,**
**अंतरात्मा की एक ज्योति,**
**जो विश्व की हवाओं से अछूती है।**

यह कविता बुद्ध के ध्यान और आत्मज्ञान को दशार्ती है, जहाँ वे संसार की इच्छाओं और दुःखों से परे हो गए हैं। महापात्र ने इस अंश में बुद्ध को मौन ज्ञान और शांति के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है।

**रमाकांत रथ**

रमाकांत रथ की कविताओं में बुद्ध का दृष्टिकोण पारंपरिक धार्मिकता से परे जाता है। उनकी कविताओं में बुद्ध का चरित्र स्वतंत्रता और सत्य की खोज का प्रतीक है, जहाँ वे किसी भी तरह के धर्म या अनुष्ठानों से बंधे नहीं हैं। यह दृष्टिकोण आधुनिक समय के बौद्धिक संघर्षों को प्रतिबिंबित करता है।

**न कोई मंदिर, न कोई देवता, न कोई अनुष्ठान,**
**ज्ञान के मौन में,**
**केवल एक सत्य चमकता है,**
**एक मन, इच्छाओं से मुक्त,**
**दुःख से परे, आनंद से परे,**
**वह अकेला चलता है,**
**प्रकाश की राह पर,**
**संसार की भ्रांतियों से निर्लिप्त।**

इस कविता में रथ ने बुद्ध को उन भौतिक और धार्मिक बंधनों से मुक्त दिखाया है जो समाज ने स्थापित किए हैं। यहाँ बुद्ध की राह सत्य और आत्मिक स्वतंत्रता की है, जहाँ वे दुनिया के मोह और भ्रम से ऊपर उठ चुके हैं।

**हर प्रसाद दास**

हर प्रसाद दास की कविताएँ बौद्धिक और दार्शनिक गहराई से भरी होती हैं। वे जीवन की शून्यता, ध्यान और मुक्ति के विचारों को लेकर बुद्ध को अपने काव्य का हिस्सा बनाते हैं। उनके लिए बुद्ध एक ऐसी शून्यता का प्रतीक हैं, जो मनुष्य को अपनी आंतरिक दुनिया से जोड़ने का माध्यम है।

**शून्य के उस पार,**
**जहाँ न कोई शब्द है, न कोई आकार,**
**वहाँ एक मौन है,**
**बुद्ध का मौन,**
**जो समय और मृत्यु से परे,**
**विचारों की हर सीमा को लाँघ जाता है।**
**वह शांति है,**
**जिसे कोई छू नहीं सकता,**
**वह शून्य है,**
**जो हर कुछ में बसा है।**

इस कविता में दास ने शून्यता और मौन के माध्यम से बुद्ध को चित्रित किया है। बुद्ध का यह मौन और शांति जीवन की परिभाषाओं और सीमाओं से परे जाता है, जहाँ मनुष्य अपने अस्तित्व की गहराइयों से परिचित होता है।

इन कवियों की कविताओं में बुद्ध केवल धार्मिक या ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं हैं बल्कि वे एक दार्शनिक और आत्मिक प्रतीक के रूप में उभरते हैं। इन कवियों ने बुद्ध के जीवन और विचारों को अपनी कविताओं में आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत किया है, जहाँ बुद्ध शांति, करुणा और आत्मज्ञान का प्रतीक बनकर सामने आते हैं। कुंवर नारायण और अज्ञेय ने अपनी कविताओं में बुद्ध को गहराई और विस्तार से उकेरा है। उन्होंने बुद्ध को न केवल एक ऐतिहासिक या धार्मिक व्यक्तित्व के रूप में बल्कि एक दार्शनिक और मानवतावादी दृष्टिकोण से देखा है। बुद्ध के जीवन, उनके ध्यान और मुक्ति के मार्ग को इन कवियों ने अपने विशिष्ट दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है।

**कुंवर नारायण**

कुंवर नारायण की कविता में बुद्ध का विचार मुख्य रूप से मानवता, करुणा और अस्तित्ववादी प्रश्नों से जुड़ा हुआ है। उनके लिए बुद्ध केवल धार्मिक नेता नहीं हैं, बल्कि जीवन की जटिलताओं को सुलझाने का एक रास्ता दिखाते हैं। उनकी कविताओं में बुद्ध का चित्रण अक्सर जीवन के अर्थ, शांति और आत्म-ज्ञान की खोज के रूप में आता है।

बुद्ध मुस्कराए
**और देखते-देखते जंगल**
**विहार बन गया।**
**पेड़ अपनी जगह खड़े रहे**
**पर उनकी पत्तियों से**
**अलग स्वर आने लगे।**
**पत्तियों में जो हवा थी**
**उसमें एक नया संगीत था,**
**जो कानों से नहीं,**
**हृदय से सुना जा सकता था।**

इस अंश में कुंवर नारायण ने बुद्ध के मौन और उनकी शांति की शक्ति को दशार्या है। यहाँ बुद्ध का 'मुस्कराना' प्रतीक है उस आंतरिक शांति का, जो उनके साथ पूरे वातावरण को बदल देती है। यह कविता बुद्ध की उपस्थिति और उनकी शिक्षाओं के शांतिपूर्ण प्रभाव को दशार्ती है।

**अज्ञेय**

अज्ञेय की कविताओं में बुद्ध के प्रति गहरी आध्यात्मिक और अस्तित्ववादी दृष्टि देखने को मिलती है। अज्ञेय ने बुद्ध को उन सवालों का उत्तर देने वाला माना है, जो जीवन, मृत्यु और आत्मा के अस्तित्व से जुड़े हैं। उनकी कविताओं में बुद्ध का दृष्टिकोण एक साधक, चिंतक और यथार्थवादी के रूप में आता है जो शांति और मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं।

**बुद्ध हँसे,**
**जैसे सारी वेदनाएँ**
**धीरे-धीरे धुल जाएँ।**
**उनकी आँखों में था**
**एक शून्य,**
**जो भरता था**
**हर उस व्यक्ति के भीतर,**
**जो उन्हें देखता।**
**वह शून्यता नहीं थी,**
**परिपूर्णता थी।**
**वह मौन नहीं था,**
**अनंत ध्वनि थी।**

स्पीड न्यूज

## लायंस क्लब ने किया भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। फूड फॉर हंगर के तहत करीब 400 लोगों को भोजन कराया गया। लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है।

## भुरकुंडा में चित्रगुप्त पूजा को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री चित्रगुप्त एवं मां दुर्गा मंदिर रिवर साइड भुरकुंडा के प्रांगण में कायस्थ महासभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण प्रसाद तथा संचालन विकासकांत सिन्हा ने किया। बैठक में श्री चित्रगुप्त पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इस वर्ष भी पूरे धूमधाम के साथ रिभर साईड भुरकुंडा स्थित श्रीश्री चित्रगुप्त एवं मां दुर्गा मंदिर में श्री चित्रगुप्त पूजा की जायेगी। 3 नवंबर को सुबह 10 बजे पूजा शुरू होगी। तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित द्वारा संपन्न कराया जायेगा। मौके पर नरेंद्र कुमार सिन्हा, समीर वर्मा, उमेश सिन्हा, पंकज सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, सुमित अंबष्ठा, कुंवर प्रसाद बक्शी, प्रशांत कुमार, नितेश सिन्हा, मनोज सिन्हा, निरंजन सिन्हा, संजीव अंबष्ठा, अनुप बक्शी आदि मौजूद थे।

## शिक्षाविद अरुण दांगी का निधन

**गोला( रामगढ़ )।** गोला डभातू निवासी सह प्रख्यात शिक्षाविद अरुण दाँगी का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। वे काफी मिलनसार एवं मृदुभाषी थे। उनका संबंध कई शिक्षण संस्थानों से था। वे लगभग चार वर्षों तक गोला स्थित मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज में बतौर प्राचार्य अपनी सेवाएं दी थी तत्पश्चात वे चितरपुर इंटर कॉलेज के प्राचार्य बने तथा वहाँ से ही वे सेवानिवृत्त हुए थे। उनके निधन पर माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा एवं प्राचार्य आशीष कुमार मिश्रा सहित चितरपुर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संज्ञा प्रसाद, अंजू कुमारी, व्याख्याता मनोज कुमार झा, निरंजन महतो, रेवालाल पटेल, उत्तम कुमार, आर.के. प्रसाद, दीपक कुमार एवं ताराचंद महतो ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## श्री सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष बने रवानी

**गोला( रामगढ़ )।** शुक्रवार देर शाम को श्री सूर्यदेव पूजा समिति की बैठक ठाकुरबाड़ी मंदिर रजरप्पा मोड़ गोला में हुई। बैठक में समिति विस्तार किया गया। अपनी व्यस्तता के कारण अनुप ओझा ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया। परन्तु बैठक में अनुप ओझा के श्री सूर्यदेव पूजा समिति में उनके योगदान तथा तत्परता के कारण उन्हें समिति का सर्वसम्मति से संयोजक बनाया गया। श्री सूर्यदेव पूजा समिति में नए अध्यक्ष संजय रवानी को बनाया गया है। समिति का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष शंकर बेदिया, सचिव विकाश मणि पाठक, सहसचिव कृष्णा रवानी, कोषाध्यक्ष उज्जवल चक्रवर्ती, निशु रवानी को नियुक्त किया गया। बैठक में सूर्यदेव प्रतिमा स्थापित, घाट की साफ सफाई, आकर्षक साज सज्जा डेकोरेशन करने एवं पूजा को हर्षोल्लाश से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सत्येंद्र रवानी, विकास रवानी, संतोष रविदास, सोनू रवानी, विशाल रवानी, ध्रुव रजवार,आनंद रजवार, सूरज रवानी, रिशु रवानी, अमन कुमार,राहुल रवानी, राहुल रजवार, अंकित,राहुल नायक सहित सूर्यदेव पूजा समिति के सारे सदस्य मौजूद थे।

## सभी बीएलओ को दी गयी ट्रेनिंग



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर गांधी प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ में सभी बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण। उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने पहला चरण 22 बड़कागांव, दूसरा चरण 23 रामगढ़ में होने वाले मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी। जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा ने शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु अपने-अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी।दिव्यांग जानो व 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के लिए सक्षम एप से मिलने वाली सुविधाएं के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त, रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में स्वीप मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया

## बरही एसडीओ ने चेकनाकों का किया निरीक्षण, कहा

# सभी वाहनों की जांच करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** आसन्न विधानसभा चुनावों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू ने बरही के विभिन्न चेकनाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वाहनों की सघन जांच की गई और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, ताकि चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। एसडीओ टुडू ने चेकनाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के लिए वाहनों की जांच बेहद जरूरी है। पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वाहनों की जांच पूरी सतर्कता के साथ की जाए, ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु चुनावी प्रक्रिया में बाधा न डाल सके।

### चुनावी आचार संहिता का सख्ती से पालन करें : जोहन टुडू

एसडीओ ने यह भी सुनिश्चित किया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन जरूरी है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा, बाहरी तत्वों पर कड़ी नजर रखने की हिदायत दी गई ताकि चुनावों में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप न हो। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना और उसे मजबूत बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। चुनाव के दौरान शांति बनाए रखना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी चेकनाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।



**सुरक्षा के प्रति सख्ती :** एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि इन निरीक्षणों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना है। इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की चुनावी गड़बड़ी या हिंसा की संभावना को समय रहते खत्म किया जा सके। इस निरीक्षण के दौरान एसडीओ के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल भी मौजूद थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि चुनाव की तिथियों के करीब आते ही सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो सके।चुनाव की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इन क्षेत्रों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी।

## बरही में स्वामी विवेकानंद स्कूल का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, पांच बच्चे घायल, रिम्स रेफर

- पूर्व विधायक मनोज यादव ने घटना की ली जानकारी
- विपरीत दिशा से जा रही स्कूल वैन ट्रेलर से टकरायी



खबर मंत्र संवाददाता

बरही। चार माइल कदवा के पास शनिवार को स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों से भरा एक टाटा मैजिक ट्रेलर से टकरा गया, जिसमें पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायल बच्चों को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चें गंभीर रूप से घायल हो गए है। वहीं एक बच्चे को रांची रेफर कर दिया गया है। प्रमुख मनोज रजक व उपमुखिया रोहित यादव ने बताया कि स्कूल की वैन कदवा से बच्चों को छोड़कर वितरित दिशा से पांचमाईल की ओर आ रही थी और इसी कारण ट्रेलर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल वाहन की सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। गंभीर लापरवाही की वजह से यह दुर्घटना हुई, जिससे बच्चों की जान पर बन आई। दुर्घटना की खबर सुनकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दुर्घटना के बाद स्कूल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल वाहन की स्थिति ठीक नहीं थी और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि वैन में जरूरत से ज्यादा बच्चों को बैठाया गया था जिससे संतुलन बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। वहीं उपमुखिया रोहित यादव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही सुरक्षा मानकों को लेकर उन्होंने विद्यालय को आगाह किया था। उन्होंने बताया कि इसमें पूर्ण रूप से स्कूल प्रशासन की लापरवाही है। वहीं बच्चों के इलाज के लिए मदद में लगे रहे। उन्होंने सभी बच्चों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## रोशन लाल चौधरी समेत पांच लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र



**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा सीट में नामांकन के लिए शनिवार को पांच लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। इनमें रोशन लाल चौधरी, मो शमी, सोहर महतो, झमना प्रसाद और मो हसन शामिल हैं। झमना प्रसाद ने भारतीय जन जागरूकता पार्टी और मो हसन ने आजाद अधिकार सेवा संगठन का नाम अपने नॉमिनेशन फार्म के लिए दर्ज कराया है। शेष तीनों उम्मीदवारों ने फिलहाल किसी भी पार्टी या संगठन का नाम, नामांकन प्रपत्र खरीदने के दौरान दर्ज नहीं कराया है। इससे पहले शुक्रवार को दुर्गा चरण प्रसाद ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा था। इस विधानसभा सीट से अब तक कुल 6 उम्मीदवारों ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा है।

## शारीरिक विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी : विजयंत

भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहली कक्षा के के 7 से 9 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कराटे, योग और खेलकूद का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ताकि बच्चे स्वस्थ्य रह सकें। साथ ही उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि योग, कराटे व खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि योग के जरिए कई बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। सबों को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। शिविर में सेंसाई कंचन दास ने बच्चों को तड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, सेतु बांधासन, सर्वांग आसान, प्राणायाम आदि का योगाभ्यास कराते हुए इसके लाभों से भी अवगत कराया। शिविर में नीति कुमारी, सृष्टि, आयुषी, गौतमी, संस्कृति, अनुष्का, इशिका, प्रियल,




नताशा, देवासी, सनम मुर्मू, दिव्यानी, महक, मिस्टी, कनक, स्वेच्छा, सूर्यांश दास, संकल्प, आयुष, अनमोल, पीयूष, अंकुश, अनीश, राजवीर, हर्षित, अंश, तृषप, हर्ष, तन्मय, अंशु, नैतिक, रंजन, दिव्यांशु आदि हिस्सा लिया। शिविर को सफल बनाने में प्रशिक्षक कंचन दास के देखरेख में संचालनकर्ता विद्यालय की शिक्षिका सरिता कुमारी ने सहयोग किया।

## दो मिनट के रील से वोटर को करें प्रेरित, मिलेगा सम्मान

**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता बेहद जरूरी है, तभी मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। लोकसभा चुनाव में मतदान का बेहतर प्रतिशत हासिल करने के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन के अधिकारी विधानसभा चुनाव में भी काफी उत्साहित हैं। इसी उद्देश्य से सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और मतदाताओं से अपील की गई है कि वे 2 मिनट के रील से वोटर को प्रेरित करें। बेहतर रील बनाने वाले लोगों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर के शाम 5:00 बजे तक रामगढ़ जिले के कोई भी मतदाता रील प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता संबंधी 2 मिनट की रील बनानी है। प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई मतदाता जागरूकता रील को संबंधित सोशल मीडिया आईडी एवं नाम के साथ electionramgarhdeo@gmail.com पर मेल करें। वहीं 24 अक्टूबर को बेहतर रील बनाने वाले टॉप तीन प्रतिभागियों का चयन कर मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## पतरातू में दर्जनों लोग कांग्रेस में हुये शामिल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीटीपीएस स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में शनिवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी प्रकोष्ठों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह एवं संचालन कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साहू ने किया। बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक अंबा प्रसाद को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को झारखंड सरकार व विधायक द्वारा कराए गए जनउपयोगी कार्यों से अवगत कराने एवं बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्णय भी लिया। अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद



राज्यहित एवं जनहित में बहुत ही बेहतर कार्य की है। 2 वर्ष कोरोना काल हो जाने के बावजूद काफी अल्प समय में राज्य सरकार की ओर से कई अभूतपूर्व कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टी सिर्फ लोगों को भ्रमित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। कार्यकताओं को विधायक ने विरोधियों की झूठ-फरेब की नीति से भी जनता को अवगत कराने की बात कही। बैठक के दौरान दर्जनों लोगों ने आजसू और भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। विधायक ने सभी को कांग्रेस का अंग वस्त्र पहना कर पार्टी में शामिल किया। इधर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद के कार्यशैली से प्रभावित होकर हमने पार्टी का दामन

### अंबा प्रसाद को जिताने का लिया संकल्प

थाता है। कांग्रेस का दामन थामने वालों में कटिया बस्ती से राजकिशोर महतो, ललन महतो, कर्मा सिंह, अनिल कुमार, सुनील कुमार महतो, राज किशोर कुमार महतो, अशोक महतो, सुनील कुमार महतो, नीरज कुमार महतो शामिल हैं। वहीं चिकोर से आजसू के मो. जिलानी, मो. रियाज, बीजेपी के हेसला पंचायत से मुकेश चौधरी, करण चतुवेर्दी, प्रदीप साव, राज किशोर राम, रवि श्रीवास्तव आदि शामिल हैं। बैठक के दौरान इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथ को मजबूत करते हुए चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

एक नजर में

## बरही जामा मस्जिद के सदर समीम अंसारी का निधन

**बरही।** बरही जामा मस्जिद के सदर मो. समीम अंसारी का बीती रात को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे, जिसके कारण उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा था। उनके निधन से बरही में शोक की लहर दौड़ गई है और परिवार के सदस्य गहरे दु:ख में डूबे हुए हैं। मो. समीम अंसारी बरही के 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा के बड़े भाई थे। वे एनएच विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके निवास पर लोगों का तांता लग गया और सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि दिया। आज उनके जनाजे की नमाज बरही के बड़ी कब्रिस्तान में मक्का मस्जिद के इमाम मोहम्मद क्युम साहब द्वारा अदा की गई। इसके बाद उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे की नमाज के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जो उनकी ईमानदारी और नेक दिली के गवाह थे। मो. समीम अंसारी ने अपने जीवन के अंतिम दस वर्षों तक बरही के जामा मस्जिद की सेवा की और हमेशा आपसी सौहार्द्र को बनाए रखने का प्रयास किया। जनाजे में मुख्य रूप से उनके भाई हाजी मो. मंसूर, मो. फहीम, मास्टर फारुक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, जामा मस्जिद के कोषाध्यक्ष मो. आजाद उर्फ भोला, मक्का मस्जिद के सदर मो. जियाउद्दीन, मदीना मस्जिद के सदर मो. मुस्ताक, मस्जिदे अक्सा के इमाम मौलाना रिजवान कादरी, हाफिज मोहम्मद फिरोज, पत्रकार जावेद इस्लाम, एजुकेशनल चैरिटेबल सोसाइटी बरही के अध्यक्ष रिजवान अली, मो तौकीर रजा, मो. रुस्तम, एहसान अंसारी, मो. वारिस, अल्ताफ कुरैशी, जाहिद खान, अनवर हुसैन, खुर्शीद अनवर, असलम सिद्दिकी, शमशेर अंसारी, मो. सेराज, मो. मोकिम, निसार सिद्दिकी, रब्बानी अंसारी, मास्टर तुफैल आजाद, रसीद अंसारी, कल्लू पेंटर, मो. इसराइल सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। बरही के लोगों ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति के रूप में देखा है और उनकी ईमानदारी, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा।

## किसानों के लिए वरदान है चिकोर पैक्स



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिकोर पैक्स अध्यक्ष इंद्रप्रकाश कुशवाहा उर्फ शैलेश कुशवाहा के कार्यों से किसान को काफी लाभ मिल रहा है। इन्होंने लगभग 300 किसानों का धान आधीप्राप्ति हेतु आईडी बनाया। जिससे किसान पैक्स के माध्यम से उच्च दर पर अपने धान सरकार को बेचते हैं। लगभग 750 किसानों का वर्ष 2006, 2007, 2017 व 2018 का प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि मिल चुकी है। 2018-19 का लंबित राशि भी जल्द मिलने की उम्मीद है। इस बावत चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने बताया कि राज्य फसल राहत योजना का लगभग 450 फॉर्म भरा गया है। हालांकि इस योजना से किसानों को संपूर्ण लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है, लेकिन प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि चिकोर पैक्स अपने निजी प्रयास से बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा से लोन लेकर किसानों को समय-समय पर आधे दामों पर धान बीज, गेहूं बीज, चना बीज, सरसो बीज, मक्का बीज उपलब्ध कराते रहता है। ताकि गरीब किसान भी खेती कर अपने आर्थिक आय को बढ़ा सकें। श्री कुशवाहा ने बताया कि वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत लगभग 620 किसानों का धान एवं मक्का फसल का फॉर्म भरा गया है। वहीं अभी तक 800 किसानों का प्रधानमंत्री सम्मान निधि का फॉर्म भी भरा जा चुका है। लगभग 700 किसानों को सालाना 6000 रूपया की राशि मिलती है। बताया गया कि समय-समय पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत किसानों को केसीसी दिया जा रहा है। बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा ब्रांच से लगभग 200 किसानों को केसीसी मिल चुका है। वहीं 70 किसानों को एसबीआई लपंगा से एवं 12 किसानों को झारखंड राज्य सहकारी बैंक से भी केसीसी मिली है। जानकारी के अनुसार पैक्स अध्यक्ष को सरकार से किसी प्रकार का कोई फंड नहीं मिला है। अपने निजी खाते से अमानत प्राप्त कर बीज मांगते हैं और उसे किसानों को अनुदान पर दिया जाता है। ज्ञात हो कि सदस्यता अभियान के तहत अभी तक 300 किसानों को पैक्स का सदस्य बनाया गया है। चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा का मकसद अधिक से अधिक किसानों को सहकारिता से जोड़ना एवं पैक्स के माध्यम से किसानों की आय दुगनी करना है।

## बड़कीपोना काली पूजा समिति का गठन

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत स्थित काली मंदिर परिसर में स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें धूमधाम से काली पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले साल के आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रमेश दांगी को अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार, सह कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, संयोजक प्रदीप कुमार एवं संरक्षक शम्भु कुमार को बनाया गया है। जबकि मुकेश प्रसाद, अमृत कुमार, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, मनीष कुमार, मनोज कुमार, आकाश कुमार, बादल कुमार, बिनोद कुमार, सागर कुशवाहा, राहुल कुमार, माखन कुमार, अजय कुमार, दिलीप कुमार, राजू दांगी, शिशुपाल कुमार, विनोद कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप कुमार व संचालन अमृत कुमार ने किया। मौके पर राजेंद्र राम दांगी, यशवंत कुमार, रामचंद्र देव, बैजनाथ राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## छठ तालाब सौंदर्यीकरण को लेकर पीओ को आवेदन

**कुजू ।** तोपा सरल ग्राउंड में न्यू निर्माण छठ तालाब में सौंदर्यीकरण को लेकर तोपा यूनियन नेता एवं ग्रामीणों ने परियोजना पदाधिकारी को आवेदन दिया। आवेदन में कहा है कि तालाब के चारों ओर चाहरदीवारी के साथ लोहे का ग्रिल, तालाब के बीचो-बीच मूर्ति का स्थापित, आने जाने का रास्ता एवं श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम के साथ प्रवेश करने को लेकर तीन लोहे का गेट जल्द से जल्द का निर्माण करने की मांग शामिल है। मौके पर एजेकेएसएस क्षेत्रीय सचिव राम भजन लाल महतो, यूसीडब्लूयू सचिव रामेश्वर महतो, अशोक सिंह आरसीएमएस सचिव जयनाथ महतो, रंजीत सिंह,सुरेश्वर तिवारी, निर्मल करमाली, मुखिया गुड़िया देवी, जिला परिषद दयावती देवी , उप मुखिया विजय पासवान,जितेंद्र मुंडा, ओम प्रकाश अग्रवाल,अभिषेक पासवान जितेंद्र कुमार गंझू, अविनाश सिंह ,अमित सिंह, शुभम सिंह, पंकज कुमार, शंभू मेहता, रमेश गंजू, पप्पू उपाध्य, आदि कई लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ में व्यय -निगरानी समिति की बैठक



रामगढ़। विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागाँव सुमेंदु कुमार दास द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभा कक्ष में चुनाव व्यय निगरानी समिति की बैठक हुई। उपायुक्त चंदन कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सफल संचालन हेतु बनाए गए चुनाव व्यय निगरानी समिति द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागाँव सुमेंदु कुमार दास ने उपस्थित समिति के सभी सदस्यों को पारदर्शिता के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए टीमवर्क के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सीजर प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया साथ ही जांच के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने व्यय निगरानी समिति के सदस्यों से कहा कि जांच के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए गाइडलाइन का पालन करें साथ ही संबंधित पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

# भाजपा : कोल्हान में चंपई को बेटे, रघुवर की बहू, मुंडा और कोड़ा की पत्नी को टिकट

- कोल्हान में रघुवर और अर्जुन मुंडा के सामने हैवी वेट साबित हुए चंपई सोरेन
- कोल्हान प्रमंडल की 10 सीटों पर भाजपा ने उम्मीदवारों की सूची जारी की

**विशेष संवाददाता/सत्येन्द्र कुमार**



चंपई सोरेन, पूर्णिमा साहू दास, मीरा मुंडा, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बाबूलाल सोरेन, गीता कोड़ा, गीता बलमुचू, बड़कुंअर गगराई, सोनाराम बोदरा और शशिभूषण सामद।

**जमशेदपुर।** झारखंड की सत्ता में वापसी को बेताब भारतीय जनता पार्टी ने गठबंधन पार्टियों से चुनावी सीटों पर सहमति बनने के बाद आज भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इसी क्रम में आदिवासी बहुल कोल्हान प्रमंडल की 14 सीटों में से 10 पर पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। उम्मीदवारों की सूची पर नजर डालने से साफ है कि कद्दावर नेताओं के परिजनों एवं नजदीकी लोगों को टिकट देकर भाजपा नेतृत्व ने चुनाव में किचकिच की संभावना को कम करने का काम किया है। कोल्हान में चार पूर्व मुख्यमंत्री हैं जो आज की तारीख में भाजपा नेता हैं। ये हैं : अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, मधु कोड़ा और चंपई सोरेन। इनमें से चंपई सोरेन ही एक मात्र पूर्व सीएम हैं जिन्हें भाजपा ने दो-दो टिकट से नवाजा है, एक खुद चंपई को सरायकेला से और उनके बेटे बाबूलाल को घाटशिला से टिकट मिला है। शेष पूर्व मंत्रियों में अर्जुन मुंडा और मधु को ड़ा की पत्नियों को टिकट भाजपा ने दिया है जबकि रघुवर दास की बहू पूर्णिमा को पार्टी ने टिकट दिया है।

कोल्हान प्रमंडल में तीन जिले हैं-पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां। पूर्वी सिंहभूम की जमशेदपुर पूर्व सीट पर पूर्णिमा साहू दास को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। पूर्णिमा पूर्व सीएम एवं वर्तमान में ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू हैं। घाटशिला सीट पर पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को टिकट दिया गया है जबकि भूमिज बहुल पोटका विधानसभा क्षेत्र से कई दफा विधायक रहीं भूमिज जाति की सौम्य नेत्री मेनका सरदार का टिकट काट कर वहां पूर्व सीएम एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा को टिकट दिया गया है। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने एक बार फिर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

सरायकेला-खरसावां जिले के तीन सीटों में से दो पर भाजपा ने प्रत्याशी दिए हैं। झामुमो छोड़ कर भाजपा में आये पूर्व सीएम चंपई सोरेन को सरायकेला से टिकट दिया गया है जबकि खरसावां विधानसभा सीट पर मुंडा परिवार की जगह नया चेहरा एवं चंपई सोरेन के बेहद विश्वस्त सोना राम बोदरा पर भाजपा ने दांव लगाया है जबकि ईचागढ़ की सीट आजसू की जिद के आगे भाजपा को हैंड ओवर करनी पड़ी है जहां से आजसू के टिकट पर हरेलाल महतो चुनाव लड़ेंगे।

पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा सीट पर श्रीमती गीता बलमुचु, जगन्नाथपुर विस क्षेत्र से पूर्व सीएम मधु कोड़ा की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा को भाजपा ने टिकट दिया है। मझगांव विस क्षेत्र से बड़कुंअर गगराई, चक्रधरपुर विस क्षेत्र से शशिभूषण सामड़ को भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने कोल्हान की सबसे हॉट सीट मानी जा रही जमशेदपुर पूर्व से ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू दास को टिकट दिया है जबकि जमशेदपुर पश्चिम सीट सहयोगी दल जद यू को दिया गया है जहां से सरयू राय एनडीए प्रत्याशी होंगे। जुगसलाई, मनोहरपुर और ईचागढ़ सीट भी सहयोगी दल आजसू को मिला है।

## स्पीड न्यूज

### पोटका विस क्षेत्र की प्रत्याशी बनीं मीरा मुंडा

**जमशेदपुर।** डॉ मीरा मुंडा, झारखंड के तीन बार के मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा की पत्नी है। उन्होंने कोल्हान विश्वविद्यालय से पी एच डी की उपाधि ग्रहण की हैं। मीरा मुंडा जी 30 वर्षों से सामाजिक कार्यों में पूरे राज्य में काफी सक्रिय हैं और इन सब कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। सामाजिक कार्यों के साथ-साथ मीरा मुंडा जी राजनीतिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। 1999 से वे भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं।

### निर्वाचन में बीएलओ की भूमिका अहम : अनन्य

**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर कार्य-दायित्व निष्पादन में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसे लेकर एक्सएलआरआई के टाटा सभागार में जिला के सभी बीएलओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल शामिल हुए । उन्होने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी मतदाताओं से सीधे जुड़े होते हैं ऐसे में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भी अपनी परस्पर सहभागिता दिखायें । मतदाताओं को बताएं कि आपका मत लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, एक अच्छी सरकार चुनने, सरकार में आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए कितना जरूरी है। प्रशिक्षणार्थियों को दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुगम चुनाव कराने, मतदाता सूची की सत्यता सुनिश्चित करने सहित चुनाव में बीएलओ की भूमिका से संबंधित आवश्यक आनकारी दी गई । दिव्यांग एवं 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं को चुनाव के दिन होम वोटिंग से मतदान के लिए सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान के पूर्व एवं मतदान दिवस के दायित्वों से अवगत कराया गया । मतदान करने में जो मतदाता अधिक उम्र एवं दिव्यांगता के कारण सक्षम नहीं है उन्हें चिन्हित कर बैलेट पेपर के माध्यम से होम वोटिंग कराने से संबंधित निर्देशित किया गया। सभी बीएलओ को अपने कर्तव्यों को गंभीरता से निभाने और मतदाताओं को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से मतदान करने में सहायता करने के लिए भी प्रेरित किया गया । मतदान दिवस को सभी व्यवस्था को दुरूस्त रखे जाने, कतारबद्ध मतदाताओं का मैनेजमेंट, मतदान दल को आवश्यक सहायता प्रदान करने, कदाचारमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए गए। ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़े इस बाबत भी सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया । इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को मतदाता शपथ दिलायी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री मृत्युंजय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद डॉ. रजनीकांत मिश्रा समेत अन्य मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता में सहभागिता की अपील

**जमशेदपुर।** लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता अपना वोट दें यह महत्वपूर्ण है, और इसके लिए मतदाताओं को घर से निकलकर बूथ तक जाना पड़ेगा।

# बन्ना गुप्ता व डॉ अजय कुमार ने खरीदा पर्चा, दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के नामांकन के दूसरे दिन किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं, 44-बहरागोड़ा से एक, 45- घाटशिला से एक, 46- पोटका से 7, 47-जुगसलाई से दो, 48 जमशेदपुर पूर्व से सात एवं 49-जमशेदपुर पश्चिम से छह अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र का क्रय किया।

### बन्ना गुप्ता ने खरीदा नामांकन पत्र

स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक बन्ना गुप्ता द्वारा आज नामांकन पत्र खरीदा गया जिसे उनके बदले उनके समर्थक कैलाश रजक, बंटी शर्मा, पप्पू सिंह उज्जैन, अखिलेश सिंह, अख्तर भाई, संजय शर्मा, अजय मिश्रा नें जाकर नामांकन पत्र खरीदा। बन्ना गुप्ता 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे नॉमिनेशन फाइल करेंगे, इस दौरान एक जन सभा का भी आयोजन किया जायेगा।



नामांकन पर्चा खरीदने के बाद बन्ना समर्थक और अधिवक्ता प्रदीप सिंह ने डा अजय के लिए पर्चा खरीदा।

### डॉ अजय कुमार के लिए खरीदा गया नामांकन फार्म

पूर्वी विधानसभा से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डा.अजय कुमार के लिए उनके प्रतिनिधि एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह ने शनिवार को नामांकन फार्म खरीदा। जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी डा. अजय कुमार 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता ने मन बना लिया है कि 25 वर्षों के धोखाधड़ी का जबाव वो बोट के चोट से करेगी। 25 वर्षों से जमशेदपुर पूर्वी में एक ही पार्टी का वर्चस्व रहा और इस दौरान विकास तो नहीं हुआ लेकिन भय, भ्रष्टाचार आतंक की नई इबारत लिखी गई। आतंक तो ऐसा की रेहड़ी ठेले वाले तक को नहीं बक्शा गया।

लोग त्राहिमाम करने लगे और पूर्वी की जनता ने भाजपा परिवार के बागी उम्मीदवार को इस उम्मीद से विजय दिलाया की कुछ राहत मिलेगा। लेकिन यहां भी लोगों को धोखा ही मिला। लोगों को, आसमान से गिरे और खजूर पर अटके वाली स्थिति का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। जमशेदपुर पूर्वी की जनता त्रस्त है। अखबार में छपी खबरें इस बात का प्रमाण है कि 25 वर्षों में इस क्षेत्र में कितना और क्या विकास हुआ। लोगों को आज भी शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। शौचालय के लिए नदीं तट पर जाना पड़ता है। 25 वर्षों में ना कोई कॉलेज बन पाया ना कोई कंपनी की शरुआत हुई. यहां तक की यहां की कंपनी बंगाल चली गई। बंद केबुल कंपनी को लेकर भी कुछ नहीं हो पाया। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मालिकाना के नाम पर 25 वर्षों तक जनता को मुर्ख बनाया। अब जनता ने मन बना लिया है। चुनाव में वह 25 वर्षों का हिसाब करेगी। मुझे विश्वास है कि पूर्वी की जनता समझदार है और वह सोच समझ पर फैसला करेगी।

# जमशेदपुर पूर्व की भाजपा उम्मीदवार पूर्णिमा पेशे से पत्रकार रही हैं और अब हैं वीआइपी परिवार की बहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट पाने वाली 30 वर्षीय श्रीमती पूर्णिमा साहू दास जमशेदपुर आने से पूर्व छत्तीसगढ़ में मीडिया जगत से जुड़ी रही हैं, स्वराज एक्सप्रेस अब न्यूज 24 के नाम से जाना जाता है। बाद में उनका अरेंज मैरिज झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के इकलौते बेटे ललित दास से हुई। पूर्णिमा और ललित एक बेटी अराध्या के माता-पिता हैं। टिकट मिलने पर पूर्णिमा ने भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया, और कहा कि वे क्षेत्र का समुचित विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करेंगी। मेरे आदर्श और हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणाश्रोत पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी के विकास कार्यों और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि के रूप में समर्पित रहकर सभी वर्गों के लिए समावेशी विकास की दिशा में कार्य करेंगे।



पूर्णिमा दास को टिकट मिलने पर बधाई देते वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश कुमार।

### पूर्णिमा का पूर्ण विवरण इस प्रकार है

1. पूरा नाम : पूर्णिमा दास साहू
जन्म तिथि और स्थान : 8 सितंबर, 1994, रायपुर, छत्तीसगढ़
पिता का नामः भागीरथी साहू
माता का नाम : कौशल्या साहू
वैवाहिक स्थिति : विवाहित
बच्चों की संख्या : 01 , बेटी- आराध्या
पति का नाम : ललित दास
पता : एग्रिको, जमशेदपुर
2. शैक्षणिक योग्यता : स्नातक कॉमर्स, एकाउंटस ऑनर्स।
समाज और राजनीति में रुचि रखने वाले विद्यार्थी के रूप में सक्रिय भूमिका निभायी। विद्यार्थी काल से कॉलेज के चुनाव में भागीदारी रही है। एनसीसी के गर्ल्स बटालियन में सक्रिय कैडर रही है।
3. राजनीतिक पृष्ठभूमि : भाजपा की सक्रिय सदस्यता वर्ष 2012 में ग्रहण की। भाजपा की विचारधारा और नीतियों से युवावस्था से जुड़ाव रहा है।
4. सामाजिक और जनहित कार्यः विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी एवं सहभगिता।
सामाजिक संस्था नारी शक्ति समिति के तहत नारी उत्थान के कार्य कर रहे हैं।
विशेष सम्मान एवं पुरस्कारः एनसीसी में प्रतियोगिता के दौरान प्राइज एवं मैडल से सम्मानित किया गया है। एनसीसी में ए और बी सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है।

# तुलसी भवन में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि व आचार्य रामचंद्र शुक्ल का जयंती समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साहित्य समिति , तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में 'काव्य कलश' (विजया मिलन समारोह) सह आदिकवि महर्षि वाल्मीकि एवं आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन श्रीमती उपासना सिन्हा ने की। जबकि सरस्वती वंदना पूनम महानंद एवं स्वागत भाषण मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रसन्न वदन मेहता द्वारा दिया गया। मौके पर ब्रजेन्द्रनाथ मिश्र ने महर्षि वाल्मीकि जी तथा माधवी उपाध्याय ने आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। अतिथि के रुप में तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, साहित्य समिति की मार्गदर्शिका नीलिमा पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष यमुना तिवारी 'व्यथित' एवं संस्थान के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्जवल, मां सरस्वती एवं महर्षि वाल्मीकि तथा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के तस्वीर पर पुष्पार्पण की गई। तत्पश्चात शहर के कुल 49 कलमकारों ने स्वरचित काव्य पाठ एवं माता का भजन प्रस्तुत किया।



# दिव्यांगों के लिए रोजगार मेले का हुआ आयोजन, 250 दिव्यांग शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सीआईआई यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर और सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ने दिव्यांगजनों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए एक अनोखी और बेहतरीन पहल की है। चेशायर डिसेबिलिटी ट्रस्ट एवं अटिपिकल एडवांटेज के सहयोग से आज बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में दिव्यांगों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चले रोजगार मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव राय ने दी प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेला के लिए करीब 250 दिव्यांगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें मुख्य रूप से मूक-बधीर, लोकोमोटिव डिसेबिलिटी, नेत्रहीन और अन्य शामिल हुए। खास बात यह थी कि रोजगार मेला में शामिल हुए कई दिव्यांग काफी क्वालिफाइड और स्किल्ड भी थे। इस रोजगगार मेला में 10 स्मॉल स्किल इंडस्ट्रीज शामिल हुईं और चयन प्रक्रिया पूरी की।

# स्वास्थ्य मंत्री के परिजन और उनके निकटस्थ कांग्रेसी मनमाने तरीके से आवंटित कर रहे दुकान

- लोगों के बुलाने पर सरयू पहुंचे कदमा, टीन शेड की दुकानों के आवंटन प्रक्रिया बहुत दुरुस्त नहीं
- सरयू राय ने उपायुक्त को लिखा पत्र,कहा-दुकान आवंटन के लिए मांगा जा रहा खर्चा-पानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने कदमा में टाटा वर्कर्स यूनियन विद्यालय की चहारदीवारी के समीप एवं अन्य स्थानों पर बनाये जा रहे टीन शेड की दुकानों के आवंटन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी बनाने के संबंध में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में श्री राय ने लिखा है कि शनिवार को वह उस इलाके में लोगों के बुलाने पर गये थे। एक दिव्यांग दुकानदार ने उनसे शिकायत की कि उसे दुकान नहीं दी जा रही है। चार-पांच अन्य दुकानदारों ने भी उन्हें बताया कि उन्हें भी दुकान नहीं दी जा रही है। जब श्री राय ने दुकानदारों से पूछा कि दुकानों का आवंटन कौन कर रहा है, तब दुकानदारों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के परिवार एवं उनके निकटस्थ कांग्रेस के कार्यकर्ता दुकानों का आवंटन मनचाहे तरीके से कर रहे हैं। कतिपय व्यक्तियों ने तो यह भी बताया कि दुकानों के आवंटन के लिए उनसे खर्च की मांग भी की जा रही है।



दुकानदारों से मिलने पहुंचे सरयू राय।

## सरयू राय विकास विरोधी, न दुकानदार की चिंता और न जनता की : संजय ठाकुर

- बन्ना गुप्ता के प्रेस सलाहकार ने दिया सरयू राय के आरोपों का मुंहतोड़ जवाब

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रेस सलाहकार संजय ठाकुर नें प्रेस विज्ञाप्ति जारी करते हुए कहा हैं कि सरयू राय विकास विरोधी हैं, उन्हें ना कदमा के दुकानदार की चिंता हैं ना कदमा के जनता की, सिर्फ बन्ना विरोध माइंड सेट के कारण वे हर अच्छे कार्य का विरोध करते हैं, फिर चाहे स्वर्णरेखा दोमुहानी संगम घाट का निर्माण हो, मानगो फ्लाईओवर का निर्माण हो या फिर एमजीएम अस्पताल के निर्माण का कार्य हो। ठाकुर ने यहां कहा कि जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से अपनी संभावित हार को देखते हुए वे हवा बना रहें हैं जबकि सच तो ये हैं कि उनकी राजनीति की दुकान अब बंद होने वाली हैं, आगामी चुनाव में हार के बाद वे राजनीतिक विदाई लेंगे। प्रेस सलाहकार ने कहा कि कदमा के दुकानदार खुश हैं कि उन्हें व्यवस्था के साथ दुकान मिल रहा हैं और स्थानीय जनता इसलिए खुश हैं कि सड़क चौड़ीकरण के बाद जाम की समस्या नहीं होगी और लोगो को राहत मिलेगी जिसे सरयू राय को पसंद नहीं इसलिए हर विकास कार्य का विरोध करने वाले सरयू राय इस कार्य का विरोध कर अपना ईगो सटीस्फाई कर रहें हैं।


## एक नजर में

### मीरा को टिकट देने पर अर्जुन मुंडा ने जताया आभार



**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पोटका (46) विधानसभा से उनकी पत्नी मीरा मुंडा को प्रत्याशी बनाये जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। श्री मुंडा ने कहा कि भाजपा इस बार रोटी, बेटी और माटी पर वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी के हमले से प्रदेश की जनता को निजात दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। त्रस्त जनता इस इंडी गंठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कृत संकल्प है।

### डॉ जटाशंकर ने उम्मीदवारों को दी शुभकामनाएं



**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटा शंकर पांडेय ने बाबु लाल मरांडी सहित भाजपा के सभी घोषित उमीदवारों को बधाई देते हुए जीत की शुभकामनाएं दी। प्रदेश नेतृत्व तथा केंद्रीय नेतृत्व भी योग्य प्रत्याशियों के चयन हेतु बधाई के पात्र हैं। इस बार निश्चित झारखंड में भाजपा दो तिहाई बहुमत से जीतेगी व सरकार बनायेंगी। कोल्हान के सभी भाजपा प्रत्याशी चंपाई सोरेन, पूर्णिमा दास, मीरा मुंडा, दिनेशानंद गोस्वामी, बाबु लाल सोरेन, सोना राम बोदरा, गीता बालमुचू, गीता कोड़ा, बरकुयर गगराई, शशि भूषण शामद सहित सभी उमीदवारों को जीत की अग्रिम बधाई हैं।

### ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने ओल्ड ऐज होम में दिलायी मतदाता जागरूकता की शपथ



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डिमना स्थित फुरीदा द्वारा संचालित ओल्ड ऐज होम में रह रहे महिलाओं के बीच ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट डालने के लिए जागरूक किया और अपील की के लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर एक मतदाता अपना वोट जरूर दें क्योंकि आपके एक वोट से फर्क पड़ता है आप अपने घर से निकलकर अपने बूथ तक जाकर वोट करें। इस कार्यक्रम में मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान फुर्रिडा के डायरेक्टर भास्कर कुमार साहा ने शपथ दिलायी। मौके पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल के रिटायर्ड हेडमास्टर रिजवान अहमद, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, हाजी अयूब अली, मो फिरोज आलम, सैयद मंजर, अमीन मोहम्मद, मोइनुद्दीन अंसारी, आफताब आलम, मो वाहिद आलम, मो तबरेज ने भी शपथ ली।

### भाटिया पार्क में योग के साथ मतदान का संदेश



**जमशेदपुर।** स्वीप कोषांग द्वारा कदमा, भाटिया पार्क में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। 'मैं भारत हूं' गीत ने मतदान के लिए जोश भरा वहीं मतदाता शपथ लेकर सभी ने मतदान को लेकर प्रतिबद्धता जतायी। कार्यक्रम में 300 से ज्यादा बच्चे एवं अभिभावक शामिल हुए तथा मतदान का संदेश जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### किड्स इंटरनेशनल ने विश्व खाद्य दिवस मनाया




**जमशेदपुर।** विश्व खाद्य दिवस के सम्मान में किड्स इंटरनेशनल प्लेस्कूल ने छात्रों और स्थानीय समुदाय के बीच खाद्य सुरक्षा, स्थिरता और स्वस्थ खाने की आदतों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 18 अक्टूबर 2024 को एक विशेष उत्सव की मेजबानी की है। इस आयोजन का उद्देश्य कार्रवाई को प्रेरित करना और दुनिया भर में खाद्य संसाधनों के महत्व की गहरी समझ को बढ़ावा देना है। किड्स इंटरनेशनल प्लेस्कूल की प्रिंसिपल रुखसार आयशा ने कहा, विश्व खाद्य दिवस हमारे लिए यह प्रतिबिंबित करने का अवसर है कि भोजन हमारे जीवन में क्या भूमिका निभाता है और हम एक अधिक टिकाऊ भविष्य में कैसे योगदान दे सकते हैं। हम अपने छात्रों और समुदाय को भोजन और हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के बारे में सार्थक चर्चा में शामिल करने के लिए उत्साहित हैं। यह कार्यक्रम सभी छात्रों, अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों के लिए खुला था। हम सभी को भाग लेने और इस बारे में अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि वे भूख के खिलाफ लड़ाई में कैसे बदलाव ला सकते हैं और स्वस्थ भोजन विकल्पों को बढ़ावा दे सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## चंदवा: ट्रेन की चपेट में आने से हाथी के बच्चे की मौत, करीब 8 घंटे तक यातायात रहा प्रभावित

# दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर रात भर डेरा जमाये रहा हाथियों का झुंड

- चंदवा के केकराही गांव के समीप हाथियों के झुंड के रेलवे लाइन पार करने के दौरान हुआ हादसा
- सूचना के बाद घटना स्थल पहुंचे डीएफओ, रेंजर व रेलवे के अधिकारी, कर रहे हैं मामले की जांच
- घंटों मशक्कत के बाद लगभग सुबह 8:15 बजे हाथी के शव को हटाया गया

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत महुआमिलान-निद्रा के बीच डाउन लाइन पोल संख्या 174/2-6 के बीच चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन केकराही गांव के निकट शुक्रवार की देर रात मालगाड़ी की चपेट में आने से हाथी के बच्चे की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की मध्यरात्रि बाद लगभग 12:26 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद लगभग 8 घंटे तक मृत हाथी का मृत बच्चा मालगाड़ी के इंजन के नीचे फंसा रहा, जिस कारण डाउन लाइन पर रेलवे का परिचालन भी प्रभावित रहा। सूचना के बाद शनिवार अहले सुबह वन विभाग और रेलवे विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृत हाथी के बच्चे के शव को सुबह लगभग 8:15 बजे मालगाड़ी के इंजन के नीचे से बाहर निकाला गया।

जिसके बाद आवागमन सामान्य हुआ। इस दौरान लगभग 7:45 घंटे तक डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा।

## हाथियों के झुंड के रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 15 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत केकराही गांव के समीप रेल पटरी को पार कर रहा था। इसी दौरान डाउन लाइन पर मालगाड़ी आ गई, जिसके चपेट में एक जंगली हाथी का बच्चा आ गया व ट्रेन के इंजन में फंसकर हाथी का बच्चा लगभग 100 मीटर तक रेलवे ट्रैक पर घसीटला चला गया व हाथी का बच्चा मालगाड़ी में इंजन के नीचे फंसे होने के कारण गाड़ी को घटनास्थल पर ही रोकना पड़ गया। इधर ट्रेन की चपेट में आने से हाथी के बच्चे की मौत के बाद हाथियों का झुंड घटनास्थल के समीप खेत में डेरा जमाए रहा व बच्चे की मौत पर चीत्कार करता रहा। वन विभाग की टीम किसी प्रकार हाथियों को झुंड को घटना स्थल से दूर किया, जिसके बाद राहत व बचाव कार्य शुरू हो पाया। इसके बाद घंटों मशक्कत के बाद लगभग सुबह 8:15 बजे हाथी के शव को हटाया गया, इसके बाद परिचालन सामान्य हुआ। इधर वन विभाग की टीम के द्वारा विशेष मेडिकल टीम को बुलाया गया। टीम में शामिल चंदवा के पशु चिकित्सक डॉ. सरोज केरकेट्टा, बरियातू पशु चिकित्सक डॉ. सुशीला बाजे एवं बरवाडीह पशु चिकित्सक डॉ अनिल केरकेट्टा की देखरेख में मृत हाथी के बच्चे के शव का पोस्टमार्टम किया गया, पोस्टमार्टम के बाद हाथी के बच्चे के शव को दफना दिया गया। इधर, घटना की जानकारी होने के बाद डीएफओ प्रवेश अग्रवाल, वन क्षेत्र पदाधिकारी नन्द कुमार मेहता, रेलवे के टीआई संजय कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर रंजीत रंजन सहाय घटना स्थल पहुंचे व स्थिति का जायजा लिया। अपनी निगरानी में हाथी के शव को रेलवे ट्रैक से हटवाया। इस संबंध में पूछे जाने पर डीएफओ प्रवेश अग्रवाल ने बताया कि यह क्षेत्र हाथियों का भ्रमणशील क्षेत्र रहा है। यहां से अक्सर हाथियों का झुंड गुजरता है। विभाग की ओर से इस क्षेत्र को हाथियों के आने जाने के कॉरिडोर क्षेत्र के रूप में चिन्हित करने को लेकर विभाग को पत्राचार किया है। यहां पर अंडरपास यार या फिर ओवरहेड पास निर्माण को लेकर रेलवे व वरीय अधिकारियों से बात की जाएगी। इन्होंने यह भी बताया कि सभी तत्वों की जांच की जा रही है। आगे बताया कि फिलहाल घटना के बाद क्षेत्र में हाथियों के आवागमन बढ़ाने की संभावना है इसके मध्यनजर रेलवे से ट्रेनों के रफ्तार को कम करने का आग्रह किया गया है ताकि आगे की ऐसी घटना ना हो पाए।



मृत हाथी का बच्चा।

## चंदवा में अनियंत्रित हाइवा पेड़ से टकराई, दबकर एक की दर्दनाक मौत

**खबर मंत्र संवाददाता**



मृतक मंटू मुण्डा।

- एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत कुजरी के समीप की घटना

**चंदवा।** एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में मौत का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। शुक्रवार की देर रात्रि करीब 11:30 एक अनियंत्रित हाइवा के पेड़ से टकराने से हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गयी।

मृतक की पहचान मंटू मुंडा पिता कजरु मुंडा (लाधुप चंदवा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त हाइवा बालूमाथ से कोयला लेकर चंदवा की ओर आ रही थी, इसी दौरान कुजरी गांव के समीप हाइवा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, पेड़ से टकराने के बाद हाइवा सड़क किनारे खेत मे पलट गई व हाइवा के केबिन के अंदर में बैठा मंटू मुंडा दब गया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, घण्टो कड़ी मशक्कत के बाद फंसे मंटू मुंडा को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मामले में चंदवा पुलिस शव व वाहन को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के जगह थाना गेट के सामने वाहन चेकिंग का काम कर रहा था एजेंट, चुनाव ऑब्जर्वर के सामने खुद को बताया मजिस्ट्रेट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना गेट के सामने विधानसभा चुनाव को देखते हुए मनरेगा जेई अविनाश मिंज को मजिस्ट्रेट के रूप मे प्रतिनियुक्त किया गया था। अविनाश मिंज निजी काम से बाहर चले गए लेकिन मजिस्ट्रेट के काम एक एजेंट मुना यादव कर रहा था। अपने को अविनाश मिंज बताकर घंटो तक वाहन चेकिंग का काम किया। थाना के सामने सीसीटीवी फुटेज खंगालने से सारा करतूत सामने आईने की तरह स्पष्ट हो जायेगा। थाना गेट मे विधानसभा चुनाव को लेकर 19 अक्टूबर को मनरेगा जेई अविनाश मिंज को मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया गया था। अविनाश के स्थान पर एक एजेंट मुना यादव वाहन चेकिंग का काम किया जिससे नाराजगी जताते हुए बीएफटी धीरज राणा व महेश यादव ने प्रेस विज्ञपति जारी कर कहा कि जब चुनाव ऑब्जर्वर थाना गेट के सामने आए तो एजेंट ने मजिस्ट्रेट का कुर्सी में बैठा रहा। हमलोगों के सामने चुनाव ऑब्जर्वर ने एजेंट से पूछा की आप कौन हो तो ऑब्जर्वर को एजेंट मुना ने बताया की मैं जेई अविनाश मिंज हूँ और मै यहां का (बीएफटी के पद पर)मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त हूँ। हालांकि ऑब्जेर्वर एजेंट को जब तक और भी पूछताछ करते तब तक वहाँ से गायब हो गया। जब ऑब्जेर्वर ने पता किया की यहाँ गेट के सामने किसका ड्यूटी है तब जिला के अधिकारीयों से जानकारी मिली की 19 अक्टूबर 2024 को सुबह 6 बजे से 2 बजे तक मनरेगा जेई अविनाश मिंज का मजिस्ट्रेट का ड्यूटी है। एजेंट के करतुत से बीफटी मे रोष व्याप्त है। आगे बताया की एजेंट के कारण बीएफटी की बदनामी हो रही है। थाना गेट के सामने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से सबूत देख सकते हैं। उक्त सम्बन्ध मे मनरेगा जेई अविनाश मिंज से बात करने का प्रयास किया गया परन्तु फोन स्विच ऑफ बताया।



जेई अविनाश मिंज | विचोलिया मुना यादव

## पुलिस ने वाहन जांच में जब्त किये नगद एक लाख रुपये



वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**बरवाडीह।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही बरवाडीह पुलिस प्रशासन की गतिविधियां तेज होती जा रही है। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए बरवाडीह पुलिस प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इधर शुक्रवार को जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगीर्डीह पिकेट के पास पुलिस और एसएसटी टीम के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस क्रम में बरवाडीह से डालटनगंज की ओर जा रही एक सेल्टोस वाहन की जांच के दौरान पुलिस ने एक लाख रुपए नगद बरामद किया है। विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने से पुलिस ने उक्त राशि को जब्त कर लिया। जहां वाहन मालिक गढ़वा जिला के नगर उटारी निवासी आनंद श्रीवास्तव ने पुलिसिया पूछताछ में खुद को व्यापारी बताया और उक्त पैसा बिजनेस से जुड़ा होने की बात कही पर किसी भी प्रकार के प्रमाण दिखाने में असमर्थ रहे। मामले के संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि जप्त रुपए के संबंध में अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जिसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। वहीं उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ भी पुलिस द्वारा छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## लावारिस मवेशी को कांजी हाउस किया जा रहा है बंद



**लातेहार।** नगर पंचायत प्रशासक के निर्देश पर नगर पंचायत के कर्मियों के द्वारा खुले में घूम रहे लावारिस मवेशी को कांजी हाउस के संवेदक करकट निवासी अयोध्या प्रसाद के साथ पकड़ कर कांजी हाउस में बंद किया जा रहा है। साथ ही मवेशी के मालिकों को सूचित किया जा रहा है कि खुले में अपने मवेशी को ना छोड़े जिससे यातायात में असुविधा हो। बीच सड़क में मवेशी के बैठने से जाम का माहौल हो जाता है। साथ ही सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। जिसमें पशु की भी मौत हो जाती है। नगर प्रशासक ने कहा की मवेशियों के बीच सड़क पर बैठने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मवेशियों को सड़क से हटाना जरूरी है। मवेशियों के सड़क पर घूमने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, इस कदम से सड़क दुर्घटना को कम किया जा सकता है। साथ ही स्वच्छता में सुधार होगी मवेशियों के मल-मूत्र से सड़कें गंदी होती हैं, जिसे कांजी हाउस में बंद करने से स्वच्छता में सुधार होगा। इसी के साथ मवेशियों की सुरक्षा भी होगी।

## विधानसभा आम निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी एवं अकाउंटिंग टीम को दिया गया प्रशिक्षण



निर्देश देते उपायुक्त।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधान सभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न हेतु बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में सेक्टर पदाधिकारी एवं अकाउंटिंग टीम को प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सेक्टर पदाधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। आगे उन्होंने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन के तहत लातेहार विधानसभा, मनिका विधानसभा में पहले चरण में चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही चुनाव में बरतने वाली सावधानियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के साथ समय समय पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने का निर्देश दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव कार्य में लगे सेक्टर पदाधिकारियों एवं अकाउंटिंग टीम को चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की प्रक्रिया, सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

**प्रशिक्षण में 162 सेक्टर पदाधिकारियों एवं 10 अकाउंटिंग टीम को दिया गया प्रशिक्षण**

मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली

**खबर मंत्र संवाददाता**



रैली में शामिल बच्चे व अन्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ परियोजना उच्च विद्यालय, बेसिक स्कूल एवम उच्च विद्यालय बालूमाथ के बच्चों ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में बैनर व तख्तियाँ लेकर पहले मतदान फिर जलपान, जन-जन की यही पुकार वोट देना अपना अधिकार, सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो समेत कई नारा लगा रहे थे। रैली प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय से आरंभ होकर प्रखंड कार्यालय, मरपा मोड ,सहीद चौक ,चेक पोस्ट ,थाना चौक, बेसिक स्कूल होते हुए कई टोला मोहल्ले का भ्रमण किया। वही रैली समापन के दौरान शिक्षक निर्मल कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी बच्चे अपने-अपने घरों में जब जाएं तो अपने-अपने अभिभावकों से कहे की वोट देना हमारा अधिकार है और हर लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित आप लोग करें और अपना भी वोट समय से दे। वहीं शिक्षक श्री सिन्हा ने कहा कि वोट करने से आपके मनपसंद एवं निष्पक्ष सरकार का निर्माण होता है जिससे राज्य का विकास संभव हो पता है। इस मौके पर शिक्षक विनोद कुमार, सरजू साहू, राजू कुमार, घनश्याम गंझु समेत के लोग मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजन सह परीक्षा परिणाम पत्र घोषित

**खबर मंत्र संवाददाता**



मौके पर मौजूद शिक्षकगण व अन्य।

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रथम सावधिक परीक्षा परिणाम पत्र का वितरण किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने विद्यालय परिवार के साथ संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के संग विद्यालय में परीक्षा परिणाम पत्र प्रदान किया गया। अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय के पठन पाठन कार्य से हम सभी संतुष्ट हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय और परीक्षा विभागाध्यक्ष राकेश रंजन तिवारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी विद्यालय विगत वर्षों में ऑनलाइन और वर्तमान में ऑफलाइन पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए तथा सर्वांगीण विकास एवम सभी तरह के सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने के लिए तत्पर है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों के बीच परस्पर तालमेल बैठाए रखने के लिए प्रत्येक महीने में कक्षानुसार पी टी एम आयोजित करने का भी विचार किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक -शिक्षिका सहित कार्यालय कर्मचारी, सैकड़ों विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित थे।

## शिक्षा के मंदिर पर चोरो की बुरी नजर, उ0 प्रा0 वि0 तुरियाडीह में ताला तोड़कर चोरी



विद्यालय जहां से चोरी हुआ।

**चंदवा।** शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय को भी अब चोर निशान बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। चोरों के द्वारा विगत लंबे समय से प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ताजा मामला प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तुरियाडीह का है जहां शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की भनक शनिवार की सुबह विद्यालय प्रबंधन को समय हुई जब ग्रामीणों ने विद्यालय का ताला टूटा देखा तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिमन्यु प्रसाद मेहता को इसकी सूचना दी। जिसके बाद प्रधानाध्यापक स्कूल पहुंचे तो विद्यालय का ताला टूटा देखा। विद्यालय के अंदर जाकर देखने पर सारे कागजात और सामान बिखरे पड़े थे व विद्यालय में रखा लगभग ढाई क्विंटल चावल, दो गैस सिलेंडर, 2 पंखा समेत माध्यम भोजन बनाने में उपयोग होने बर्तन समेत अन्य समान गायब पाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिमन्यु प्रसाद मेहता ने बताया कि मामले को लेकर उन्होंने चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिया है।

## भाकपा माले के प्रयास से पीड़ित परिवारों को मिला आर्थिक सहयोग

# बीते सप्ताह जंगली हाथियों ने कई गांवों में मचाई थी तबाही

**खबर मंत्र संवाददाता**



पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग करती विभाग।

**बरवाडीह।** मोरवाई पंचायत के ग्राम ततहा और ग्राम मोरवाई के टोला हेठली और झरना में बीते तीन व चार अक्टूबर को जंगली हाथियों के हमले से जहाँ ततहा निवासी मोहन कोरवा को जान गवानी पड़ी। वहीं हाथियों ने 11 घरो को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया था और गावों मे दर्जनों एकड़ मे लगी फसल को बर्बाद कर दिया। मामले को लेकर भाकपा माले के द्वारा पीड़ित परिवार के सहयोग हेतु वन विभाग के रेंजर से बड़े पदाधिकारी से तक से लगातार वार्ता की गई। जिसके बाद शुक्रवार को माले नेता बिरजू राम एवं प्रखण्ड सचिव कृष्णा सिंह की उपस्थिति में वनपाल अखिलेश कुमार के द्वारा ग्यारह पीड़ित परिवारों को पांच- पांच हजार रुपए का आर्थिक सहयोग व जरूरतमंदों को तिरपाल दिया गया। वन विभाग के द्वारा बताया गया कि घर ध्वस्त से जुड़े सभी परिवारों को एक सप्ताह के अंदर विभाग द्वारा मुआवजे की पूरी राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। वहीं फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा भी सभी किसानो को एक माह के अंदर मिल जायेगा। इस दौरान वनपाल ने मृतक मोहन कोरवा की पत्नी को तीस हजार रुपए नगद आर्थिक सहयोग करते हुए बताया कि एक माह के अंदर चार लाख रूपए का मुआवजा भुगतान दिया जाएगा। गावों मे हाथियों से सुरक्षा हेतु बम पटाखे मिट्टी तेल और टार्च का भी वितरण करने की बात कही। माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने कहा कि अगर शर्तो के अनुसार ससमय पीड़ित परिवार को मुआवजा उपलब्ध नहीं हुआ तो भाकपा माले किसानो और पीड़ित लोगों के हित मे बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी सारी जवाबदेही वन विभाग की होगी।

## बालूमाथ के जोगियाडीह चर्च में रजत जयंती समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**



मौके पर मौजूद लोग।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड के जोगियाडीह स्थित संत जूली मिडिल स्कूल में सिस्टर मेरी पूनम का 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डाल्टनगंज कैथोलिक धर्मप्रांत के बिशप थिओडोर मस्कारेन्हास थे। समारोह की शुरूआत बिशप मस्कारेन्हास ने मिस्सा अनुष्ठान से किया। सर्वप्रथम सिस्टर मंजू ने सिस्टर पूनम की संक्षिप्त जीवनी पढ़कर लोगो को सुनाई गयी। उन्होंने अपने प्रवचन में सिस्टर पूनम के पच्चीस वर्षों के सेवा काल के इतिहास में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्यों का स्मरण किया। कहा कि परमेश्वर कुछ चुनिंदे लोगों को सेवा कार्य के लिए बुलाते हैं। जो इस बुलावे को स्वेच्छा से निमंत्रण स्वरूप स्वीकारते हैं, वे स्वयं को इस कार्य में समर्पित कर देते हैं। वे आजीवन एक धर्मबहन 'नन' (सिस्टर) बनकर ईसा मसीह के प्रेम, शांति और भाईचारा के संदेश को अपने सेवा पूरी मानवता को देते हैं। इस अवसर पर सिस्टर पूनम के अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई। सिस्टर पूनम के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस समारोह में नॉट्रिडेम धर्मसमाज के की डेलिगेशन सुपीरियर सिस्टर मंजूश्री, फादर सिल्वेरियस, फादर ज्ञान, फादर जॉर्ज मोनीपल्ली, प्रदीप पन्ना, फादर सिंदूरिया, सिस्टर मंजू, सिस्टर रंजिता, सिस्टर स्वाति, सिस्टर अलमा, विजया लकड़ा, अनिल कुजूर, माईकल कुजूर, निर्दोष खलखो आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## एमसीएमसी कोषांग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एमसीएमसी कोषांग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में डीसी ने एमसीएमसी कोषांग की गतिविधियों की जानकारी ली तथा मीडिया प्रमाणन और मीडिया प्रबंधन से संबंधित तथ्यों पर भी बातें की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री जमुआर ने पेड और फेक न्यूज की जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी को इस पर विशेष नजर रखने की जिम्मेवारी दी गयी है। इसके लिए एमसीएमसी कोषांग का गठन किया गया है। साथ ही गठित कोषांग को जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबार में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, शैलेश कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी राधे गोविंद ठाकुर, प्रेस क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## चुनाव कार्य के लिए वाहनों की जब्ति शुरू

**भवनाथपुर।** विधानसभा चुनाव के लिए वाहन कोषांग में वाहनो की जब्ति का काम जारी है। शनिवार की शाम भवनाथपुर विधानसभा में आवश्यकतानुसार गाड़ी जब्ति का काम पूरा हो गया। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वाहन कोषांग द्वारा वाहनो को जब्ति का काम पूरा हो चुका है। आवश्यकता के अतिरिक्त वाहन रिजर्व में रखे जा रहे हैं। पकड़े गये गाड़ी की इंट्री व लगबुक जिला वाहन कोषांग में खोला जायेगा। मौके पर प्रखंड कर्मी तहमीद अहमद, दयानंद प्रजापति, परमानंद ठाकुर व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## व्यय प्रेक्षक ने किया एमसीएमसी कोषांग व वीडियो अवलोकन कोषांग का निरीक्षण

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा आम चुनाव 2024 क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक दिनेश गुप्ता ने समाहरणालय स्थित जिला जनसंपर्क कार्यालय में चुनाव कार्य के लिए स्थापित एमसीएमसी कोषांग व वीडियो अवलोकन कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने कोषांगों में सभी आवश्यक संसाधन जैसे कंप्यूटर, प्रिंटर, टीवी, डिश व इंटरनेट कनेक्शन जैसी तमाम चीजों की उपलब्धता की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज, स्वीप सेल के नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुमार कुशवाहा, एमसीएमसी सेल के पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न

**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर गांव स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (जल उपचार संयंत्र) का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त ट्रायल सफल होने के बाद अब हर घर नल से जलापूर्ति की जायेगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि खैरवा सोन नदी से पानी उठाकर पाचाडुमर गांव स्थित जल उपचार संयंत्र तक सफलतापूर्वक पानी पहुंच रहा है। अब यहां उक्त पानी को प्लांट में लगे ब्लीचिंग पाउडर, फिटकरी एवं चुना आदि केमिकल से फिल्टर किया जायेगा। तत्पश्चात इसकी आपूर्ति जल मीनार के माध्यम से प्रथम फेज में पाचाडुमर और खैरवा गांव के 600 घरों में जलापूर्ति की जायेगी। दूसरे फेज में चेचरिया स्थित जलमीनार से बलिगढ़, केतार, केतरी, पंडितपुरा, ताली, परसोडीह गांव में जलापूर्ति की जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में प्रारंभ हुई इस योजना को 2023 में पूरा करना था। परन्तु कोरोना एवं विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण 4 वर्ष लग गये। मौके पर प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर नीरज कुमार, स्टोर मैनेजर संजीव मिश्रा,

## महिलाओं ने बैठक कर ली मंत्री मिथिलेश को जीताने का संकल्प

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शनिवार को गढ़वा प्रखंड की महिलाओं ने बैठक आयोजित कर विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को जीताने का संकल्प ली। बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने सभी को अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर सरकार द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यां से अवगत कराने की बात कही। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य में सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रख कर जनहित के कई कार्यों को किया है। गरीब, मजदूर, किसान, विद्यार्थी, महिलाएं सभी के लिए बेहतर कार्य किया गया है। इस योजना को बंद करने के लिए भाजपा ने कोर्ट में केस किया है।

## झोपड़ी में आग लगने से दो गर्भवती गाय एवं एक बछिया की मौत


मृतक पशु

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव के कोइरियाडीह टोला निवासी रीता देवी पति सत्येन्द्र मेहता के फुस के झोपड़ी में आग लगने से दो गर्भवती गाय व एक बछिया सहित पूरा झोपड़ी जल गया। घटना शुक्रवार की रात लगभग साढ़े दस बजे की है। आग कैसे लगी किसी को जानकारी नहीं है। सबसे पहले एक महिला संपतिया देवी ने आग लगा हुआ देखी जिसके बाद उसने शोर मचा कर लोगों को जानकारी दी। जब तक लोग जमा होते सब जलकर राख हो चुका था। पीड़िता रीता देवी ने बताया कि और दिनों की तरह दोनो गाय व एक बछिया को झोपड़ी में खूंटे से बांधकर घर में चले गए थे। खाना खाकर सभी सोने चले गए थे। हल्ला सुनकर बाहर आयी तो झोपड़ी में आग की लपटें निकल रहा था। नजदीक जाकर देखा तो सभी तीन मवेशी मृत पड़े हुए थे। मृत दोनों गाय गर्भवती थीं। पीड़िता रीता देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मवेशी की झोपड़ी में आग कैसे लगी समझ से परे है। जबकि यह झोपड़ी घर से अलग किनारे में है। इस आगजनी में लगभग एक लाख से अधिक मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है। खरौंधा पंचायत के उप मुखिया रवि कुमार मेहता ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया और उन्होंने कहा कि मैंने इस घटना की सूचना सीओ और पशु डक्टर को दिया हूं। उन्होंने कहा कि जले हुए मवेशी का पोस्टमार्टम करने और पीड़िता को उचित मुआवजा देने की मांग प्रशासन से किया है।

## हत्या मामले में बीबी व सास को आजीवन कठोर कारावास

**पूर्वी चंपारण।** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राघवेन्द्र नारायण सिंह ने हत्या के एक मामले में दोषी पाते हुए नामजद अभियुक्त मृतक की पत्नी व सास को आजीवन कठोर कारावास व प्रत्येक को सात हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए। अर्थ दंड नहीं देने पर दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा कल्याणपुर थाना के सिसवा सोभ निवासी मृतक की पत्नी साजदा खातून व सास शेख सलीम की पत्नी खलिकुन नेशा को हुई। मामले में स्थानीय निवासी मृतक इरशाद आलम उर्फ बबलू के पिता शेख मेराजुल हक ने कल्याणपुर थाना कांड संख्या 259/2022 दर्ज कराते हुए साजदा एवम खलिकुन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि मेरे पुत्र बबलू की शादी गांव में ही शेख सलीम की पुत्री साजदा खातून के साथ हुई थी। उसका पुत्र सऊदी अरब में रहकर अच्छा रुपए कमाता था।

लावारिश लाशों के लिए काम करने वाली संस्था संवेदना ने

# चुनौतियों से निबटने के लिए बनायी रणनीति

एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज फैंसी मार्केट परिसर में शनिवार को लावारिस लाश पर काम करने वाली संस्था संवेदना की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला स्तर पर कमेटी का विस्तार करने एवं लावारिश शवों के अंतिम संस्कार में आने वाले चुनौतियों से निबटने के लिए रूपरेखा तैयार किया गया। इसके साथ ही कार्य को और बेहतर संपादन पर भी जोड़ दिया गया। बैठक में कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बातें रखी। इसके साथ ही बैठक में आई विभिन्न विचारों को सर जमीन पर उतारने का संकल्प लिया गया। बैठक में संरक्षक अमरेंद्र कुमार, सचिव पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष एसके सोनू, कोषाध्यक्ष पूनम पांडिया, मीडिया प्रभारी करण कुमार पप्पू, सदस्यों में रूबी कुमारी, मुमताज सलाम, हेमंत रजक, शाहजहां शाद, आस मोहम्मद, धीरेंद्र मेहता सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में पूर्व के कार्यों की समीक्षा करते हुए भावी योजना का रूपरेखा तैयार किया गया। मौके पर अध्यक्ष एवं सचिव ने बताया कि संवेदना समाज के उस कार्य को अंजाम देती है, जिसमें मानवीय मूल्यों का समावेश होता है। ऐसे सामाजिक कार्य में समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे आना चाहिए।




# अंडर 19 बालक वर्ग में गढ़वा का अनिमेश बना स्टेट चैंपियन

### अंजली एवं आयुषी का लगातार तीसरे वर्ष खिताब पर कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में खेले जा रहे 24वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न आयु वर्ग के खेले गये मैचों में अंडर 19 बालक वर्ग में गढ़वा के अनिमेश कुमार पांडेय ने गढ़वा के हीं नीतीश कुमार मेहता को 4-1 से, पूर्वी सिंहभूम की अर्चिता डे ने धनबाद के सृजनी चटर्जी को 3-0 से जबकि महिला वर्ग के डबल्स मुकाबले में गढ़वा की अंजलि और आयुषी की जोड़ी ने पूर्वी सिंहभूम के अनुष्का एवं सानिया बनर्जी को 3-1 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष चैंपियन बनी।

जबकि जूनियर अंडर 15 बालक वर्ग के सेमीफाइनल में रांची के अर्थ घोष नें गढ़वा के हर्षित कुमार पांडेय को 3-2 से, रांची के अर्थ आलीशान खान ने हजारीबाग के अर्ण व अग्रवाल को 3-2 से एवं बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में रांची की सान्वी सिन्हा ने हजारीबाग के आण्वी गोयल को 3-2 से, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में पूर्वी सिंहभूम की स्नेहा प्रिया ने पूर्वी सिंहभूम के ही पर्लिन भामरा को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर 15 जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग एवं अंडर 11 बालक एवं बालिकाओं का पुरस्कार वितरण किया गया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता, सचिव समरजीत सिंह, गढ़वा जिला टेबल टेनिस के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, महावीर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल मझिआंव के डॉ ब्रजेश पांडेय, उपाध्यक्ष सुशील केशरी संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, सिस्टर रौशना, चंद्रभूषण सिन्हा, रामा शंकर सिंह, गौरव सिन्हा, राजू सिन्हा, पंकज सोनी, कमलेश दुबे, ने पुरस्त किया। मौके पर अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आप सभी खिलाड़ी को सपना बड़ा देखने की जरूरत है और अपने सपने को आप सभी लोग अवश्य पूरा करें। गढ़वा जिला ने झारखंड राज्य से ओलंपिक खेलने का सपना देखा है। अध्यक्ष ने कहा कि खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं।



खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी

### 24 को नरेश प्रसाद सिंह करेंगे नामांकन

## नामांकन रैली में शामिल होने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी के रूप में समाजसेवी सह राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रदेश के महासचिव नरेश प्रसाद सिंह 24 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के सभी सात प्रखंडों यथा - विश्रामपुर, पांडू, ऊंटारी रोड, नावा बाजार, मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी से काफी संख्या में लोग नामांकन रैली में शामिल होंगे। जानकारी देते हुए राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी प्रखंडों से जमा होकर लोग विश्रामपुर मोड़ पर मिलेंगे। इससे पूर्व राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित सतबहिनी भगवती, महालक्ष्मी, महाकाली, भगवान भास्कर, बजरंग बली, भगवान शिव, नंदी महाराज एवं बाबा श्याम दास की साधना सह समाधि स्थल पर पूजा अर्चना करके अपनी नामांकन यात्रा प्रारंभ करेंगे। सभी लोगों के साथ बी मोड पर मिलते हुए संपूर्ण रैली बरहमोरिया मोड पहुंचेगी। जहां से आचार संहिता के नियम के अनुसार सीमित संख्या में लोग नामांकन के लिए मेदिनी नगर समाहरणालय के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से नामांकन करने के बाद राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह बरहमोरिया मोड पहुंचेंगे। जहां एक महती सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए पिछले 9 वर्षों में अपने विधानसभा क्षेत्र में निजी स्तर पर किए गए विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी कार्यों की लोगों को जानकारी देते हुए भविष्य की अपनी योजनाओं पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालेंगे। मौके पर लोगों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई है। सभा की तैयारी में रौशन कुमार सिंह एवं अजीत कुमार सिंह अपने कई समर्थकों के साथ लगे हुए हैं। नरेश सिंह ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से नामांकन रैली में शामिल होने की अपील की है।


सभास्थल पर की जा रही तैयारी

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम मिश्रा को दी गई भाव-भीनी विदाई

**पूर्णिया।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशपुरुषोत्तम मिश्रा को जिला अधिवक्ता संघ पूर्णिया ने शनिवार को भाव-भीनी विदाई दी। विदाई समारोह अधिवक्ता संघ के प्रशाल में आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम मिश्रा का स्थानांतरण न्यायिक प्रशीक्षण केन्द्र पटना हो गया। वे वहां के नए डायरेक्टर होंगे। उन्होंने व्यवहार न्यायालय पूर्णिया में लगभग 5 माह पूर्व ही अपना योगदान दिया था। इस मौके पर जिला अधीवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश तीवारी ने उन्हें पाग, शॉल और बुके प्रदान किया। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश दिनेश शर्मा, अपर जिला जज अतुल कुमार सिंह एवं गौरव सिंह भी मौजूद थे। बड़ी संख्या में अधिवतागण भी उपस्थित थे।

# पदाधिकारी राजनीति के चक्कर में नहीं पड़े, निष्पक्ष होकर चुनाव करावें : सत्येन्द्रनाथ

### पांच प्रखंडों के एक हजार से अधिक लोग झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के पांच प्रखंड रंका, रमकंडा, चिनियां, मेराल और गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों के एक हजार से अधिक लोग झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने अपने आवास पर सभी लोगों को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पूर्व विधायक ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने गरीबों के हित में जल जीवन मिशन योजना की शुरूआत कर सभी घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत की है, लेकिन जल जीवन मिशन का कार्य झारखंड में सबसे फिसड्डी है। गढ़वा सहित झारखंड के लोग दूषित जल पीने से विभिन्न बीमारियों के चपेट में आ रहे है। इसका जिम्मेवार मंत्री मिथिलेश ठाकुर है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में पांच हजार करोड़ से भी अधिक का घोटाला हुआ है। घोटाला का निष्पक्ष जांच के लिए पीएमओं ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि गरीबों की हकमारी करने वाले सभी को जेल जाना ही पड़ेगा। गढ़वा सहित झारखंड की जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। पदाधिकारियों के सहयोग और पैसा बांट कर दूसरी बार विधायक बनने का सपना देख रहे मंत्री को जमानत बचाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा-रंका विधानसभा में आदर्श आचार संहिता का खुलेआत उल्लघंन हो रहा है। प्रशासनिक और पुलिस प्रशासन के सहयोग से मंत्री और झामुमो के लोग जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए पैसा, घड़ी, शराब टी सर्ट सहित अन्य सामाग्री का वितरण कर रहे है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है, पदाधिकारी राजनीति के चक्कर में नही पड़े। निष्पक्ष होकर चुनावी प्रक्रियाओं को पूरा करावें। उन्होंने कहा कि वे जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर के पदाधिकारी और कर्मियों पर नजर रख रहे है। पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलावा नही लाते है, तो बाय होकर वे चुनाव आयोग से मिलकर प्रमाण के साथ पदाधिकारियों और कर्मियों की सूची उपलब्ध कराएंगे। पार्टी में सदर प्रखंड के नवादा, जोबरईया, बघमनवा, नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के अलावा रमकंडा के उदयपुर, मगराही, बलिगढ़, तेतरडीह, चिनियां के हेताड़, राजबांस, जमुनियां टाड़, रंका के सिगसिगा, मेराल प्रखंड के रेंजो, तेनार, रजबंधा सहित अन्य गांवों के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में कामेश्वर सिंह, लालधारी उरांव, जगेश्वर लकड़ा, नंदू सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अजय ठाकुर, श्यामदेव सिंह, संजय साव, जगदीश सिंह, विजय सिंह, कृष्णा सिंह, राजबलि कोरवा, आनंद साव, बुधन सिंह, जगदीश सिंह, किरण देवी, अमरावती देवी, माया देवी, सुमित्रा देवी, वीरेन्द्र राम, राजकुमार पाल, राजेन्द्र पाल, लीलावती देवी सहित एक हजार से अधिक लोगों का नाम शामिल है।


पार्टी में शामिल हुए लोगों के साथ पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी

खबर एक नजर में

## रेडक्रॉस सोसाईटी ने बाढ़ ग्रस्त 125 परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया

**सहरसा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी के प्रांगण में 125 बाढ़ग्रस्त पीड़ित परिवारों के बीच शनिवार को रेडक्रॉस ने सामग्री का वितरण किया। रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ अबुल कलाम ने बताया कि कोशी नदी में आयी भीषण बाढ़ के कारण प्रभावित परिवार के बीच राहत वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि नवहट्टा, महिषी, सिमरी बख्तियारपुर, बनमा ईटहरी, सलखुआ प्रखंड अंतर्गत गांव केदली सहित अन्य प्रखंखों के जनप्रतिनिधियों के समक्ष कुल 125 पीड़ित परिवारो के बीच राहत सामग्री-तारपोलीन सीट, खाने एवं पकाने का स्टील बर्तन सेट, चूड़ा, सत्तु, चीनी का वितरण किया गया। पीड़ित परिवार राहत सामग्री पाकर खुशी प्रकट की हमलोगो का कुछ भी सामान बाढ़ में नहीं बचा है। इस आपदा की घड़ी में राहत सामग्री पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरे पर हर्ष देखा गया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल यात्रियों को जागरूक किया

**सहरसा।** रेल संपति एवं रेलयात्रियों के सुरक्षा और संरक्ष' को लेकर समस्तीपुर रेल मंडल के संरक्षण संगठन द्वारा शनिवार को चंदन युवा संस्थान दलसिंहसराय के तत्वाधान में सहरसा रेलवे जंक्शन पर कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल परिचालन संरक्षित एवं सुरक्षित रूप से हो इसके लिए सड़क वाहन चालकों सड़क उपयोगकताओं एवं स्टेशन पर उपलब्ध यात्रियों को रक्षित समपार फाटक को पार करने से पहले अपनई जाने वाली जाने वाली सावधानियां को बताया गया।

## शिविर में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय

**भागलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय से प्राप्त पत्र के आलोक में यूथ फॉर माई भारत एण्ड यूथ फॉर डिजिटल लिट्रेसी विषय पर 23 से 29 अक्टूबर को चौधरी चरण सिंह हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर 2024 में बिहार राज्य के प्रतिनिधित्व का सुअवसर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर को प्राप्त हुआ है। शिविर में माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत विश्वविद्यालय के तीन महिला एवं तीन पुरुष स्वयंसेवकों के साथ एक कार्यक्रम अधिकारी का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागियों में एस. एम. कॉलेज से प्राची प्रिया, तारर कॉलेज से विनीता भारती, पूरनमल बाजोरिया से पल्लवी कुमारी, मारवाड़ी कॉलेज से अक्षय कुमार, बी. एन. कॉलेज से गुलजार अली, न्यू होराइजन महाविद्यालय से भोला कुमार के साथ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में पी. बी. टी. टी. कॉलेज के डॉ शैलेश मिश्र का चयन किया गया है।

## पेज एक का शेष

### 70 सीटें झामुमो-कांग्रेस ...

शनिवार को सीट शेयरिंग की घोषणा के वक्त कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर, रामेश्वर उरांव, झामुमो के सुदिव्य कुमार सोनू, विनोद पांडेय, कांग्रेस के राजेश ठाकुर उपस्थित थे, लेकिन राजद और माले का कोई भी नेता उपस्थित नहीं था।

**प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र : गुलाम मीर :** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीट शेयरिंग लगभग फाइनल है। पार्टी उम्मीदवारों का नाम फाइनल करने में जुटी है। जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी जायेगी।

### 50% आरक्षण को ...

आज 100 रु. में से पांच रु खर्च करने का निर्णय ओबीसी लेते हैं। दलित 1 रु. और आदिवासी 10 पैसे खर्च करने का निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सभी संस्थाओं पर अपना कंट्रोल जमा लिया है।

**अधिकार छीना जा रहा है :** राहुल गांधी ने पहली बार आदिवासी वर्ग से राष्ट्रपति बनीं। जब संसद भवन का उद्घाटन होता है तो उनको कहा जाता है कि आप आदिवासी हैं, आपको नहीं जाना है। राम मंदिर का उद्घाटन होता है और राष्ट्रपति से कहा जाता है कि आपकी जगह नहीं है। वहां अंबानी और अडानी को बुलाया जाता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी कहते हैं मैं दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का सम्मान करुंगा। लेकिन आपके हाथ से आपकी शक्ति छीन लेते हैं। सम्मान आपको देते हैं और पावर आपसे छीनते हैं।

**जीएसटी के नाम पर हो रही चोरी :** राहुल गांधी ने जीएसटी वसूली का प्रतिशत भी समझाया। उन्होंने कहा कि यहां की 90 प्रतिशत आबादी जीएसटी देती है। हर सामान पर टैक्स वसूला जाता है। सबसे गरीब लोग 60 प्रतिशत से ज्यादा जीएसटी देते हैं। सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोग जीएसटी का 3 प्रतिशत देते हैं। हिन्दुस्तान का 40 प्रतिशत धन 1 प्रतिशत लोगों के पास है। सबसे गरीब 50 प्रतिशत लोगों के पास 1 प्रतिशत धन है। यह सिर्फ संविधान पर आक्रमण नहीं हो रहा। आपसे चोरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि बेरोजगारी फैल रही है। महंगाई बढ़ रही है।

**मोदी नहीं चाहते जातीय जनगणना :** उन्होंने कहा कि सामाजिक एक्स-रे का माध्यम जाति जनगणना है। हम जानते चाहते हैं कि इस देश में पिछड़े वर्ग के कितने लोग हैं। दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब जनरल कास्ट के कितने लोग हैं। उनकी कितनी हिस्सेदारी है। इन संस्थाओं पर किसका कंट्रोल है। यही कारण है कि हम जातीय जनगणना चाहते हैं, पर मोदी जी नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि जो करना है कर लो। आज नहीं तो कल जातिगत जनगणना होकर रहेगा। जिस 90 प्रतिशत को मिटाया जा रहा है, उस 90 प्रतिशत में बहुत शक्ति है। रांची में आयोजित इस संविधान सम्मान सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के अलावा झारखंड कांग्रेस के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान ओबीसी, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक की ओर से बुधराम मुंडा, अमानत अली, अनिल जयहिंद, दयामनि बारला, थ्योडोर किड़ो, अली अनवर अंसारी, सरिता कुमारी प्रजापति, राजेश गुप्ता समेत अन्य ने भी अपनी-अपनी भावनाएं प्रकट की.

### एनडीए एक साथ...

लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। एनडीए एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएगा।

**एनडीए के नेतृत्व में झारखंड में बेहतर सरकार बनेगी : बाबूलाल मरांडी :** इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल ही झारखंड विधानसभा में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी दल मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव लड़ते हैं। यह भी तय हुआ है कि हम झारखंड में भी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा सीट को जीतने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पिछले 5 वर्षों से वर्तमान सरकार ने झारखंड के लोगों को धोखा दिया है। लूटा है। इससे झारखंड के लोगों को मुक्ति दिलानी है। झारखंड में बेहतर सरकार बनानी है। झारखंड के मजबूत होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भी मजबूत होगा।

**गठबंधन में एक साथ रहकर चुनाव लड़ने से फर्क पड़ेगा : अरूण भारती :** मौके पर लोजपा के झारखंड प्रभारी अरूण भारती ने कहा कि एक दशक के बाद लोजपा झारखंड में चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का निर्देश था कि झारखंड में चुनाव गठबंधन के तहत ही लड़ना है। उन्होंने कहा कि बिहार जैसा प्रदर्शनी झारखंड में दोहराएंगे। सीटों से अधिक हमें फर्क नहीं पड़ेगा। गठबंधन में एक साथ रहकर चुनाव लड़ने से फर्क पड़ेगा। हम लोगों ने गठबंधन तय कर लिया है। पार्टी चतरा (सुरक्षित) सीट से चुनाव लड़ेगी।

# रघुवर व हेमंत के अलावा कोई सीएम नहीं पूरा किया कार्यकाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**▸▸ झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता : 24 साल, सात मुख्यमंत्री व तीन बार लगा राष्ट्रपति शासन**




**रांची।** खनिज संपदा से भरपूर झारखंड की खूबसूरती में झील, पहाड़ और जंगल चार चांद लगाते हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंड की राजनीति करीब एक दशक तक अस्थिरता के दौर से गुजरी। रघुवर दास और हेमंत सोरेन के अलावा कोई सीएम अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। राजनीतिक अस्थिरता ने इस राज्य के विकास को बुरी तरह प्रभावित किया। एक समय था जब झारखंड की पहचान भ्रष्टाचार और लूटखसोट बन गयी थी। यह दौर 2 मार्च 2005 से 28 दिसंबर 2014 तक चला। इन नौ साल और नौ महीनों के बीच झारखंड ने सात मुख्यमंत्री और तीन बार राष्ट्रपति शासन देखा। सत्ता की लालच ऐसी कि एक निर्दलीय विधायक रहते मधु कोड़ा सीएम बन गये।

लंबे संघर्ष के बाद देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पहल पर 15 नवंबर 2000 को भारत के मानचित्र पर 28वें राज्य के रूप में झारखंड का उदय हुआ था. तब भाजपा ने बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सरकार का गठन किया. हालांकि डोमिसाइल विवाद के कारण बाबूलाल मरांडी को हटना पड़ा. उनकी जगह युवा नेता के रूप में उभरे अर्जुन मुंडा को भाजपा ने मुख्यमंत्री की कमान सौंपी थी. अर्जुन मुंडा ने कार्यकाल को बखूबी पूरा भी किया लेकिन यहीं से झारखंड की राजनीतिक स्थिरता पर ग्रहण लग गया।

**2005 के चुनाव नतीजों ने दिखाये नये-नये रंग :** 2005 के चुनावी नतीजों ने झारखंड की राजनीति को मकड़जाल में उलझा दिया. गठबंधन और जोड़तोड़ की राजनीति शुरू हुई। इस चुनाव में भाजपा 30 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी लेकिन बहुमत के लिए 11 विधायकों को जोड़ने में उसके पसीने छूट गए. इस चुनाव में भाजपा को 30, कांग्रेस को 09, एनसीपी को एक, जदयू को 06, झामुमो को 17, राजद को 07, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक को 02, भाकपा माले को 01, यूजीडीपी को 02, आजसू को 02, जेकेपी को 01 और निर्दलीय के खाते में 03 सीटें गईं. लिहाजा, अजीबोगरीब समीकरण के कारण नेताओं की महत्वकांक्षा बढ़ने लगी. इसका फायदा उठाया झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने. महज 17 विधायकों वाली पार्टी झामुमो के मुखिया शिबू सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी मिल गई. लेकिन वह 2 मार्च से सिर्फ 12 मार्च तक यानी सिर्फ दस दिन तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ सके. बदलते समीकरण के कारण फिर भाजपा के अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री की कुर्सी मिल गई. लेकिन इस बार उनको 12 मार्च 2005 से 19 सितंबर 2006 यानी एक साल छह माह और सात दिन में ही मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़नी पड़ी. इसकी वजह बनी कांग्रेस. क्योंकि कांग्रेस ने भाजपा को हटाने के लिए निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा को झामुमो के समर्थन से मुख्यमंत्री बना डाला. मधु कोड़ा ने 19 सितंबर 2006 से 27 अगस्त 2008 के बीच सत्ता संभाली और इसी दौर में कई घोटाले हुए. फिर झामुमो की पहल पर मधु कोड़ा हट गये। शिबू सोरेन को 27 अगस्त को मुख्यमंत्री बना दिया गया। लेकिन नेताओं की महत्वकांक्षा के कारण शिबू सोरेन भी सिर्फ चार माह और 23 दिन तक ही सीएम की कुर्सी पर बैठ पाए। फिर क्या था राजनीतिक अस्थिरता के कारण झारखंड में पहली बार 19 जनवरी 2009 को राष्ट्रपति शाषण लगा। इस बीच कई बार सरकार बनाने की कोशिशें हुई, लेकिन समीकरण नहीं बैठने के कारण दूसरी विस के कार्यकाल पूरा होने से तीन माह पहले ही राष्ट्रपति शासन के दौरान ही तीसरी विधानसभा के लिए चुनाव कराने पड़े।

**2009 के चुनाव में बैसाखी पर आयी राजनीति :** 2009 में भी किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। 2005 के चुनाव में 30 सीटें जीतने वाली भाजपा 18 सीट पर सिमट गई और झामुमो ने पिछले चुनाव के मुकाबले एक सीट ज्यादा लाकर भाजपा की बराबरी कर ली। इस चुनाव में भाजपा से अलग होकर जेवीएम पार्टी बनाकर मैदान में उतरे बाबूलाल मरांडी 11 सीट लाकर कांग्रेस के बाद चौथी बड़ी पार्टी के मुखिया बन गए। इस हालत में सरकार बनाना किसी के बूते की बात नहीं थी। फिर भाजपा के समर्थन से शिबू सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी जो सिर्फ पांच माह ही चल सकी। अस्थिरता के बीच तीन माह के लिए दूसरी बार झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगा। इसके बाद झामुमो के समर्थन से भाजपा के अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री बने लेकिन दो साल चार माह और सात दिन ही कुर्सी बचा सके। झामुमो द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण सूबे में तीसरी बार राष्ट्रपति शासन लगा जो 5 माह और 25 दिन तक रहा. इस बीच सरकार बनाने की जोड़तोड़ होती रही। अंत में कांग्रेस के समर्थन से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने। वह 13 जुलाई 2013 से 28 दिसंबर 2014 को नई सरकार के गठन तक मुख्यमंत्री बने रहे।

## 2014 में छंटा अस्थिरता का बादल

2005 से 2014 के बीच चौथी विधानसभा के गठन से पहले तक यानी नौ वर्षों तक झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता बनी रही. आखिर 2014 के चुनावी नतीजे झारखंड के लिए शुभ साबित हुए. हालांकि इस चुनाव में भी किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला लेकिन जेवीएम के छह विधायकों के पाला बदलने से भाजपा पूर्ण बहुमत में आ गई। यह दौर था जब झारखंड को रघुवर दास के रूप में राज्य गठन के बाद पहली बार गैर आदिवासी मुख्यमंत्री मिला. पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले रघुवर दास पहले मुख्यमंत्री बने।

2019 में महागठबंधन को मिली सत्ताः पांच साल तक शासन चलाने वाली भाजपा दोबारा सत्ता में काबिज होने को लेकर फुल कॉन्फिडेंस में थी, लेकिन हुआ इसका उल्टा, रघुवर दास खुद जमशेदपुर पूर्वी सीट नहीं बचा सके. भाजपा 25 सीट पर सिमट गई। 30 सीटों के साथ झामुमो सबसे पार्टी बनकर उभरी। हेमंत सोरेन की ताजपोशी हुई। 31 जनवरी 2024 को गिरफ्तारी की वजह से वह करीब पांच माह जेल में रहे. इस दौरान चंपाई सोरेन को सत्ता दी गई. हालांकि हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आते ही चंपाई सोरेन हटा दिए गये। इसका असर भी दिखा। चंपाई सोरेन भाजपा का कमल खिलाने में जुटे हैं। इस बार एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला की संभावना दिख रही है। इस जंग में कुर्मी नेता के रूप में उभरे जयराम महतो पार्टी बनाकर त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में जुटे हैं।

# बुनियादी ढांचा राष्ट्रीय विकास की कुंजी

## टेक्नोलॉजी में नयी संभावनाओं का द्वार खोलती है इनोवेशन : गडकरी

एजेंसी



**भोपाल।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बेहतर परिवहन प्रणाली आर्थिक विकास के नए द्वार खोलती है और रोजगार के अवसर पैदा करती है। गडकारी मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग और भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा आयोजित सड़क और पुल निर्माण में नवीनतम उभरते रुझान और प्रौद्योगिकी विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोहराया कि बुनियादी ढांचे का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि यह क्षेत्र न केवल प्रगति को गति देता है बल्कि भारत के भविष्य का खाका भी तैयार करता है। उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, पर्यावरण की रक्षा करने और जमीनी चुनौतियों का समाधान करने जैसे प्रमुख उद्देश्यों पर जोर दिया, जिनके बारे में उनका मानना है कि सभी स्तरों पर सामूहिक प्रयासों से ही इन्हें हासिल किया जा सकता है। गडकरी ने कहा कि टेक्नोलॉजी में इनोवेशन नई संभावनाओं का द्वार खोलती है। उन्होंने सरकारी विभागों में तालमेल की कमी को लेकर भी तंज कसा।

उन्होंने इंजीनियर्स से कहा कि विभाग का मंत्री होने के नाते अच्छे काम का क्रेडिट हमें मिलता है लेकिन जब सड़क पर गड्ढे होते हैं तो डिसक्रेडिट भी मिलता है। सोशल मीडिया में लोग हमें ठोंकते हैं। आगे-पीछे कुछ नहीं देखते। गलत डीपीआर बनाने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि एक-एक को पद्मश्री और पद्म भूषण मिलना चाहिए। इतने गंदे काम हो सकते हैं इंजीनियरिंग प्वाइंट ऑफ व्यू से सोचिए जरा। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहूंगा कि आप अपने यहां इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों से कहो कि ये डीपीआर चेक करो। उनका अनुभव भी बढ़ेगा और क्रॉस चेक भी होगा। गडकरी ने कहा कि मैं वेस्ट मैनेजमेंट में विश्वास रखता हूं। नो मैटेरियल इज वेस्ट एंड नो पर्सन इज वेस्ट। यह टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और लीडरशिप पर निर्भर करता है।

गडकरी ने अपशिष्ट से संपदा नीति अपनाने की वकालत की, जो सड़क निर्माण में अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देती है, जिससे वित्तीय और पर्यावरणीय दोनों तरह का फायदा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सम्मेलन राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में नई गति लाएगा, जो विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देगा। दो दिवसीय सम्मेलन में कई तकनीकी सत्र शामिल हैं, जहां देश भर के विशेषज्ञ नवीन तकनीकों, निर्माण सामग्री और इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) समझौता प्रक्रिया में चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में सड़क और पुल निर्माण में उपयोग की जाने वाली नवीनतम मशीनरी और तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है।

## वायनाड में प्रियंका के खिलाफ भाजपा ने नाव्या को उतारा

**नयी दिल्ली ।** भाजपा ने केरल में वायनाड संसदीय क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिये कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ श्रीमती नाव्या हरिदास को मैदान में उतारा है। भाजपा ने शनिवार को केरल में वायनाड और विभिन्न राज्यों की 24 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिये अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। वहीं, असम विधानसभा उपचुनाव में ढोलाई से निहार रंजन दास, बेहाली से दिगंता घाटोवर और समागुरी से दीपलु रंजन शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। बिहार से तरारी विधानसभा से विशाल प्रशांत और रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर दक्षिणी से सुनील सोनी को टिकट दिया गया है।

## इंडिगो व अकासा के 10 विमानों को उड़ाने की धमकी, दहशत

**नयी दिल्ली।** विमानन क्षेत्र में बम की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देशभर में शनिवार को एक बार फिर 10 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी की खबरों ने यात्रियों और प्रशासन में दहशत फैला दी। इनमें पांच इंडिगो और पांच अकासा एयरलाइंस की फ्लाइट शामिल हैं। विमानों में लगातार बम मिलने की खबर को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिन उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली उनमें से 5 फ्लाइट्स इंडिगो एयरलाइंस की थीं। इनमें तीन विमान सुरक्षित उतर चुकी हैं, जबकि दो अब भी आपातकालीन प्रोटोकॉल के तहत हवा में हैं। अकासा एयर के प्रवक्ता ने भी बयान जारी कर कहा कि एयरलाइंस की कुछ उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिले हैं। विस्तारा एयरलाइंस की तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को 18 अक्टूबर को धमकी मिली, जिसमें से एक फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा। पिछले 48 घंटों में 211 यात्रियों को नई दिल्ली से शिकागो लेकर जाने वाले एयर इंडिया के विमान सहित 11 उड़ानों को सोशल मीडिया के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को विभिन्न हवाई अड्डों पर विशेष आतंकवाद-रोधी अभ्यास करने पड़े।

# प्रधानमंत्री की वाराणसी दौरा आज

एजेंसी

**6,611 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे**



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वाराणसी आएंगे। वह काशी से ही 6,611.18 करोड़ की कुल 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर पूरे देश को सौगात देंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन से रोजगार, आवास और विमानन जैसी कई सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। वह वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और नए टर्मिनल भवन की नींव भी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय को आमजन के लिए लोकार्पित करेंगे और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 हजार से अधिक लोगों से संवाद करेंगे।तय कार्यक्रम के अनुसार करीब 1 बजे प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचेंगे और लगभग 6 बजे काशी से रवाना हो जाएंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। भाजपा के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री के रविवार को काशी आगमान पर उनका स्वागत काशीवासी ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से करेंगे। भाजपा कार्यकताओं ने भी जगह-जगह स्वागत की तैयारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सड़क मार्ग से सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचकर परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री एक बड़ी जनसभा को सिगरा स्टेडियम में सम्बोधित करेंगे।

# विजया रहाटकर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे वर्ष 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की भी अध्यक्ष रही हैं। मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक रहाटकर को इस पद पर तीन साल या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो), नियुक्त किया गया है। वे आयोग की 9वीं अध्यक्ष होंगी। रहाटकर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रही हैं। महाराष्ट्र महिला आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सक्षमा (एसिड अटैक पीड़ितों के लिए सहायता), प्रज्ज्वला (स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ना) और सुहिता (महिलाओं के लिए 24७७ हेल्पलाइन सेवा) की शुरूआत की थी। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, तीन तलाक विरोधी सेल और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानूनी सुधारों पर भी काम किया।

# सोना 79 हजार के पार और चांदी लखटकिया के करीब

एजेंसी


**▸▸ सोने की कीमत में 800 से 870 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी**
**▸▸ चांदी में 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम तेजी**



नयी दिल्ली। सर्राफा बाजार में तीसरे दिन भी सोने की कीमत में तेजी जारी। सोने की तरह चांदी ने भी शनिवार ो जोरदार छलांग लगाई है। सोने की कीमत में 800 से 870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु पहली बार 79 हजार रुपये के स्तर को पार कर गई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,140 रुपये से लेकर 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 72 हजार का स्तर पार करके आज 72,560 रुपये से लेकर 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी ने भी करीब 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दिखाई है। भाव में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चांदी आज 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी तेजी आने की वजह से आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह 21,823 करोड़ से अधिक के शेयर बेचे

**नयी दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अक्टूबर में अभी तक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों ने साप्ताहिक आधार पर 21,823.34 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिक्री की। सिर्फ शुक्रवार को ही विदेशी निवेशकों ने दिनभर में 5,485.70 करोड़ रुपये की बिकवाली की। अक्टूबर में अब तक कुल 13 दिन कारोबार हुआ है। इन 13 दिनों में विदेशी निवेशक खरीदारी की तुलना में काफी अधिक बिकवाली करते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 80,217.90 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। स्टॉक एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में विदेशी संस्थागत निवेशक जहां अंधाधुंध बिकवाली करते रहे, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) खरीदारी करके लगातार शेयर बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश करते रहे।




## सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म जाट से उनका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। सनी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर अस्थाई शीर्षक 'एसडीजीएम' के नाम से चर्चा बटोरने वाली इस फिल्म का शीर्षक जारी हो गया है। साथ ही सन्नी देओल का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज हो गया है।

## हरिद्वार में अवैध मजार पर चला बुलडोजर

**हरिद्वार।** हरिद्वार में जिला प्रशासन ने अवैध रूप से बनाई गई एक मजारनुमा इमारत पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया। जो अवैध रूप से टिहरी बांध पुनर्वास योजना की जमीन पर बनाई गयी थी। ध्वस्तीकरण की यह पूरी कार्रवाई जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह के आदेश पर एसडीएम अजय वीर सिंह के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर किए अवैध निमार्णों को आगे भी बख्शा नहीं जाएगा।

## मणिपुर में उग्रवादियों ने थाने पर किया हमला

इंफाल। मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले में बोडोबेकरा थाना पर हमला किया है। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के बोडोबेकरा अनुमंडल में जाकुरधोर स्थित बोडोबेकरा पुलिस थाने पर कुकी उग्रवादियों ने हमला किया है। सुबह करीब 5:35 बजे हुए संदिग्ध उग्रवादियों ने थाना पर कई राउंड फायरिंग की और विस्फोटक फेंके। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस के सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, उग्रवादी भाग निकले। घटना के बाद पूरे इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

## सुरनकोट में दो आतंकी गिरफ्तार

जम्मू। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में पुंछ सेक्टर के सुरनकोट इलाके में कई आतंकवादी हमलों में शामिल दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। सेना ने शनिवार को कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर शुक्रवार को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया गया और अब्दुल अजीज और मनवर हुसैन नाम के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया।

## इजराइल का गाजा पर हमला, 30 से मरे

गाजा। इजराइल के हमलों से मलबे के ढेर में तबदील हो चुके गाजा में आतंकवादी संगठन हमास प्रमुख याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद दहशतगर्द बिलबिला गए हैं। अब हमास गाजा से बाहर रहने वाले किसी व्यक्ति को अपना सरगना बनाने पर विचार कर रहा है। इस बीच नासर जंक्शन के पास इजराइली हवाई हमले में 30 से अधिक नागरिक मारे गए। फिलिस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए (वाफा) ने आज सुबह नासर जंक्शन हमले की जानकारी दी। वाफा के अनुसार, गाजा पट्टी के उत्तर में जबालिया शिविर में नासर जंक्शन के पास इजराइली हवाई हमले में 20 बच्चों और महिलाओं सहित 30 से अधिक नागरिक मारे गए और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए। इजराइल के सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी के उत्तर में नासर जंक्शन के पास कई घरों को बम से उड़ा दिया।